NEET Bulletin Helpline No.
8800265682
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D.I B. Pharma
BPT MPT D|BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

विजडम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष: 16 अंक: 42 लखनऊ, शुक्रवार 02 अक्टूबर 2026 मूल्य: 02 रुपये पृष्ठ- 08

भारतीय पायलट कैप्टन स्मित मच्छार ने रोका 9/11 जैसा हमला,पीएम नरेन्द्र मोदी ने की बहादुरी की तारीफ

एजेंसी।

दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय पायलट कैप्टन स्मित मच्छार के साहस की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी जान जोखिम में डालकर एक बड़ा आतंकी हमला टाल दिया। कैप्टन मच्छार ने फ्लाईदुबई उड़ान को दुर्घटनाग्रस्त करने की सह–पायलट की कोशिश को नाकाम कर सैकड़ों यात्रियों को बचाया था। इस घटना में घायल पायलट का इलाज फिलहाल सऊदी अरब के अस्पताल में जारी है। नयी दिल्ली, एक अक्टूबर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को भारतीय पायलट कैप्टन स्मित मच्छार की बहादुरी की सराहना करते हुए कहा कि पायलट ने अपनी जान की परवाह किए बिना 9/11 जैसे एक और हमले को नाकाम कर दिया। मोदी ने कहा कि मच्छार के साहसिक कृत्य से हर भारतीय का सीना गर्व से चौड़ा हो गया है। प्रधानमंत्री ने यहां संघ लोक सेवा आयोग

(यूपीएससी) के शताब्दी समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि कैप्टन मच्छार ने अद्भुत धैर्य, सूझबूझ और बहादुरी का परिचय दिप्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, मोदी ने कहा कि अपनी जान की परवाह किए बिना कैप्टन मच्छार ने बहादुरी से मुकाबला किया और 9/11 (अमेरिका में वर्ष 2001 में हुआ बड़ा आतंकवादी हमला) जैसे एक और हमले को रोक दिया। उन्होंने कहा कि 140 करोड़ भारतीय कैप्टन मच्छार को सलाम कर रहे हैं और उनके कुशलक्षेम की प्रार्थना कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने घायल कैप्टन के पिता, मां और पत्नी से भी बात की है।उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया को मच्छार पर गर्व हो रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा, ''मैं सभी नागरिकों से अनुरोध करता हूं कि वे स्मित मच्छार की दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना करें। भारत का गौरव बढ़ाने के लिए हम उनकी सराहना करते हैं।'' बुधवार को कैप्टन मच्छार ने 'फ्लाईदुबई' उड़ान को दुर्घटनाग्रस्त करने की अपने सह–पायलट की कोशिश को नाकाम कर दिया था, जिससे सैकड़ों लोगों की जान बच गई।सह–पायलट के हमले में मच्छार घायल हो गए, जिनका सऊदी अरब के अस्पताल में इलाज चल रहा है।

क्राइम कन्ट्रोल पर बोले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 2017 से पहले लाचार थी व्यवस्था, अब हाईटेक सुरक्षा

संवाददाता।

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 87 इंटरसेप्टर वाहनों को हरी झंडी दिखाते हुए कहा कि 2017 से पहले राज्य में माफिया का दबदबा था और पुलिस बेबस थी। उन्होंने बताया कि अब 14 लाख से अधिक कैमरे और कमांड सेंटर लगाए गए हैं। उधर, कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने गोरखपुर जलभराव को लेकर सरकार से मुआवजे और माफी की मांग की।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2017 में राज्य में भारतीय जनता पार्टी के सत्ता में आने से पहले, माफिया का दबदबा था और पुलिस प्रभावी ढंग से कार्रवाई करने में असमर्थ थी। आधुनिक उपकरणों से लैस 87 इंटरसेप्टर वाहनों को हरी झंडी दिखाने के समारोह में बोलते हुए, उन्होंने उन बड़ी चुनौतियों का जिक्र किया जिनका सामना राज्य को विभिन्न क्षेत्रों में करना पड़ा था। उन्होंने कहा कि यह सबसे अधिक आबादी वाला राज्य था, फिर भी अर्थव्यवस्था, भर्ती, नई तकनीकों को अपनाने और कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने में पीछे था। 2017 से पहले,

लोग किसी को सिर्फ श्यूपी–वालाश कहकर तुरंत खारिज कर देते थे। योगी ने आगे कहा कि हम पुलिस के सामने आने वाली चुनौतियों को समझते हैंय आखघ्रिकार, अगर राजनीतिक नेतृत्व में फैसले लेने का संकल्प न हो, तो कानून–व्यवस्था की स्थिति कैसे सुधारी जा सकती है? लोग माफिया के सामने गिड़गिड़ाते और घुटने टेकते थे, और पुलिस बेबस थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से उनके नेतृत्व में राज्य को श्पॉलिसी पैरालिसिसश (नीतिगत गतिरोध) से बाहर निकाला गया है। उन्होंने कहा कि 2017 से, उस निराशा को पीछे छोड़कर और राज्य को नीतिगत गतिरोध से उबारकर, हमने इसे सफलतापूर्वक तरक्की की राह पर आगे बढ़ाया है। मैं अब कह सकता हूं कि हमने पुलिस सुधार लागू किए हैं... हमने शहरों में 14 लाख से ज़्यादा कैमरे लगाए हैं... हर जिले में श्इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटरश बनाए गए हैं, जिससे उन्हें एक नई पहचान मिली है। इसके अलावा, 'सेफ सिटी' ट्रैफिक पहलकृखासकर इंटरसेप्टर गाड़ियों की तैनाती का मकसद भी पूरा हो गया है। इस बीच, उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने गोरखपुर के बेतियाहाटा में एक ब्यूटी पार्लर की मालकिन से मुलाकात की, जिनका सामान तीन दिन की लगातार बारिश के बाद जलभराव की वजह से बर्बाद हो गया था। उन्होंने कहा कि आज गोरखपुर का पूरा इलाका परेशान हैय मैं एक गरीब परिवार से मिला, जहां एक महिला अपना और अपने परिवार का पेट पालने के लिए उधार के पैसे से ब्यूटी पार्लर चला रही है।

एथनॉल विवाद के बीच बिहार पहुँचे नितिन गडकरी, ई-20 ईंधन से वाहनों को नुकसान के दावे करने वालों की कर दी खिँचाई

पटना।

पटना में 'बिहार इन्वेस्टर समिट 2026 रू द इमर्जिंग इन्वेस्टमेंट डेस्टिनेशन ऑफ इंडिया' का उद्घाटन करने पहुंचे गडकरी ने कहा कि देश की प्रमुख वाहन कंपनियां अपने वाहनों को शत–प्रतिशत एथनॉल से चलाकर परीक्षण कर चुकी हैं और इस संबंध में कोई शिकायत सामने नहीं आई है।एथनॉल को लेकर देश में चल रही बहस के बीच जब केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी आज बिहार पहुंचे, तो वहां भी उनसे वही सवाल किया गया जो इन दिनों देशभर में उनसे पूछा जा रहा है। उनसे पूछा गया कि क्या पेट्रोल में एथनॉल मिलाने से वाहनों को नुकसान पहुंच रहा है? गडकरी ने इस दावे को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि एथनॉल मिश्रित पेट्रोल से वाहनों को नुकसान पहुंचने की बात तथ्यों पर आधारित नहीं है।हम आपको बता दें कि पटना में 'बिहार इन्वेस्टर समिट 2026 रू द इमर्जिंग इन्वेस्टमेंट डेस्टिनेशन ऑफ इंडिया' का उद्घाटन करने पहुंचे गडकरी ने कहा कि देश की प्रमुख वाहन कंपनियां अपने वाहनों को शत–प्रतिशत एथनॉल से चलाकर परीक्षण कर चुकी हैं और इस संबंध में कोई शिकायत सामने नहीं आई है। गडकरी ने कहा, ''संबंधित विभाग का मंत्री होने के नाते मैं जानता हूं कि सभी प्रमुख वाहन कंपनियों ने अपने वाहनों को 100 प्रतिशत एथनॉल के जरिये चलाकर भी देखा है और कोई शिकायत सामने नहीं आई है।'' उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2022 से करीब चार करोड़ चार–पहिया और 20 करोड़ दोपहिया वाहन एथनॉल मिश्रित पेट्रोल का इस्तेमाल कर रहे हैं। गडकरी ने कहा कि यदि एथनॉल से वाहनों को नुकसान हो रहा है तो कोई सामने आकर इसकी शिकायत करके दिखाए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एथनॉल मिश्रण की नीति केवल पेट्रोल में एक और ईंधन मिलाने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके पीछे कृषि को ऊर्जा और बिजली क्षेत्र से जोड़ने की बड़ी रणनीति है। उनके मुताबिक इससे किसानों के लिए आय के नए रास्ते खुल रहे हैं और आने वाले समय में किसान केवल अन्नदाता नहीं, बल्कि ऊर्जादाता भी बन सकते हैं। गडकरी ने कहा कि भारत करीब 22 लाख करोड़ रुपये मूल्य के पारंपरिक ईंधन का आयात करता है। ऐसे में बढ़ावा देने से आयात पर निर्भरता



घटाने में मदद मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि जिन लोगों के कारोबार पर इसका असर पड़ सकता है, वे स्वाभाविक रूप से एथनॉल नीति को लेकर चिंतित हो सकते हैं। उन्होंने दावा किया कि मक्के से एथनॉल बनाने और उसके इस्तेमाल को बढ़ावा देने के फैसले से बिहार और उत्तर प्रदेश के किसानों की अतिरिक्त आय में करीब 45,000 करोड़ रुपये तक की वृद्धि हुई है। गडकरी ने सवाल उठाया कि किसानों के हित में आय बढ़ाना उन लोगों के हित साधने से बेहतर नहीं है, जिनसे भारत ईंधन आयात करता है?गडकरी ने भविष्य के ईंधन और तकनीक का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार नए विकल्पों पर काम कर रही है। उन्होंने बताया कि धान की भूसी से विमान ईंधन तैयार करने की दिशा में भी काम हुआ है। उनके मुताबिक आने वाला समय नवाचार, प्रौद्योगिकी और अनुसंधान का है और बिहार जैसे राज्यों को इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। बिहार की संभावनाओं पर बात करते हुए गडकरी ने पर्यटन और स्थानीय उत्पादों को निवेश का बड़ा आधार बताया। उन्होंने मखाने का उदाहरण देते हुए कहा कि बिहार में बड़े पैमाने पर उत्पादित होने वाले इस उत्पाद की अंतरराष्ट्रीय बाजार में काफी मांग है।

यूपी चुनाव से पहले कांग्रेस में बड़ा बदलाव! अजय राय की हो सकती है पद से छुट्टी, आराधना मिश्रा बनेंगी प्रदेश अध्यक्ष?

संवाददाता।

लखनऊ। उत्तर प्रदेश कांग्रेस में बड़े संगठनात्मक फेरबदल की तैयारी चल रही है। जातिगत समीकरणों को साधने के लिए मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की जगह विधायक आराधना मिश्रा को नया अध्यक्ष और अन्य नेताओं को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया जा सकता है। इस संभावित नेतृत्व परिवर्तन पर अंतिम फैसला जल्द ही राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे की बैठक में लिया जाएगा।कांग्रेस लीडरशिप उत्तर प्रदेश में भी नेतृत्व बदलने पर विचार कर रही है। संगठन में संभावित फेरबदल का हिस्सा हो सकता है। राहुल गांधी ने कल उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के साथ आमने–सामने की बैठक की। खबरों के मुताबिक, इस अहम बैठक में यूपी के हालात और भविष्य में नेतृत्व के मुद्दे पर चर्चा हुई। यूपी में शीर्ष पद के लिए अजय राय को राहुल गांधी ने ही चुना था। राहुल गांधी ने कई बार 2024 के लोकसभा चुनावों में वाराणसी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अजय राय के चुनावी मुकाबले का भी जिक्र किया है। हालांकि, यूपी विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस अब राज्य में अलग–अलग सामाजिक समूहों तक पहुंचने और सही जातिगत समीकरण बनाने पर विचार कर सकती है। इस बीच, यूपी के नए प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम और

राज्य कांग्रेस प्रमुख अजय राय के बीच सब कुछ ठीक नहीं हो चल रहा है। कांग्रेस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अध्यक्ष के साथ कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने की भी चर्चा चल रही है। अब चर्चा है कि उनकी जगह पर विधायक आराधना मिश्रा को प्रदेश अध्यक्ष बनाया जा सकता है। साथ ही एक ओबीसी और एक मुस्लिम कार्यकारी अध्यक्ष भी बनाए जा सकते हैं। अजय राय को हटाने की मांग उत्तर प्रदेश कांग्रेस में बड़े संगठनात्मक फेरबदल की सुगबुगाहट तेज हो गई है। हाल ही में यूपी के नवनियुक्त प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम ने पार्टी आलाकमान के सामने प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को पद से हटाने की बात रखी थी। इसी सियासी हलचल के

बीच कल राहुल गांधी और अजय राय की अहम मुलाकात भी हुई। आगामी चुनावों को देखते हुए कांग्रेस श्इंडियाश गठबंधन के भीतर सवर्ण, खासकर ब्राह्मण मतदाताओं को अपने पाले में लाने की रणनीति पर काम कर रही है। पार्टी की योजना है कि इस कोर वोट बैंक को साधने के लिए अनुराधा मिश्रा को प्रमुख चेहरा बनाकर प्रदेश में अपनी ब्राह्मण राजनीति को नई धार दी जाए। अजय राय को बदला जाएगा या नहीं, इस पर फैसला राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बीच होने वाली एक अहम बैठक में लिया जाएगा। यह बैठक अगले एक–दो दिनों में हो सकती है। आराधना मिश्रा, जिन्हें मोना मिश्रा के नाम से भी जाना जाता है, सीनियर कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी की बेटी हैं। वह प्रतापगढ़ की रामपुर खास विधानसभा सीट से मौजूदा विधायक हैं और 2017 में कांग्रेस से जीतने वाले सात उम्मीदवारों में से एक थीं। 2022 में भी कांग्रेस ने इस सीट को बनाए रखने के मकसद से उन्हें एक बार फिर रामपुर खास से मैदान में उतारा था। आराधना मिश्रा (मोना) 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों में रामपुर खास सीट से कांग्रेस की टिकट पर दोबारा जीत दर्ज की। गांधी परिवार के बेहद करीबी और भरोसेमंद नेताओं में शुमार प्रमोद तिवारी की राजनीतिक विरासत को उनकी बेटी आराधना मिश्रा श्मोनाश मजबूती से आगे बढ़ा रही हैं। रामपुर खास से विधायक आराधना मिश्रा की सक्रियता को देखते हुए अब आगामी चुनावों से पहले उन्हें पार्टी संगठन में कोई बड़ा और अहम पद सौंपे जाने की चर्चाएं जोरों पर हैं।

सपा सरकार बनने पर लोकतंत्र सेनानियों को मिलेंगे 51,000 रुपये, अखिलेश यादव का ऐलान

संवाददाता।

लखनऊ। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने लखनऊ में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आरोप लगाया कि देश और उत्तर प्रदेश में सामाजिक न्याय भाजपाई आपातकाल के दौर से गुजर रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में सपा की सरकार बनने पर लोकतंत्र सेनानियों का मानदेय बढ़ाकर 51,000 रुपये प्रति माह किया जाएगा। इसके अलावा उन्हें सरकारी अस्पतालों में मुफ्त इलाज और अन्य सुविधाएं भी दी जाएंगी।

लखनऊ, एक अक्टूबर समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत और उत्तर प्रदेश में सामाजिक न्याय ''भाजपाई आपातकाल'' से गुजर रहा है। इसके साथ ही अखिलेश ने पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) वर्गों के खिलाफ अत्याचार और आवाज उठाने वालों पर कार्रवाई का आरोप लगाया। एक संवाददाता सम्मेलन में अखिलेश ने कहा कि जिस अवधि में पीडीए को अत्याचारों का सामना करना

पड़ रहा है या कराया जाएगा, उसे आपातकाल कहा जा सकता है। प्रदेश के मुख्यमंत्री रह चुके अखिलेश ने 1975 के आपातकाल का विरोध करने वालों को ''लोकतंत्र सेनानी'' बताते हुए कहा कि ऐसे कई लोग बृहस्पतिवार को सपा मुख्यालय में उनसे मिले और अपने अनुभव एवं सुझाव साझा किए। उन्होंने कहा कि सपा सरकार बनने पर लोकतंत्र सेनानियों के महत्वपूर्ण सुझाव लागू किए जाएंगे। उन्होंने घोषणा की कि उत्तर प्रदेश में सपा की सरकार बनने पर उनका मानदेय बढ़ाकर 51,000 रुपये किया जाएगा।साथ ही सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य, इलाज और दवाओं के विशेष इंतजाम तथा मुफ्त इलाज की सुविधा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के बराबर सम्मान और ट्रेन एवं बस किराए में छूट की मांगों को पार्टी के घोषणापत्र में शामिल किया जाएगा। भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए अखिलेश ने गोरखपुर में जलभराव की तस्वीरें और वीडियो पोस्ट करने वाले एक युवक के खिलाफ कथित कार्रवाई का जिक्र किया।उन्होंने आरोप लगाया कि युवक के खिलाफ गुंडा एक्ट और अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया गया। उन्होंने कहा कि पत्रकारों द्वारा ''सच्चाई दिखाने'' पर भी कार्रवाई की जा रही है। देश में 1975 के आपातकाल का उल्लेख करते हुए अखिलेश ने कहा कि उस समय भ्रष्टाचार और महंगाई चरम पर थी और इन्हीं मुद्दों ने लोगों को सड़कों पर उतारा।

केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने दोनों जिलों के प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ की अलग-अलग बैठकें

एजेंसी।

गुना शिवपुरी। अभियान को जनभागीदारी और प्रशासनिक समन्वय के साथ संचालित करने के लिए केंद्रीयमंत्री सिंधिया ने प्रत्येक वार्ड में 20 से 25 सदस्यीय टीमों के गठन के निर्देश दिए। इन टीमों में प्रशासनिक अधिकारियों, नगर पालिका के अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और स्थानीय स्तर पर जुड़े लोगों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। गुना शिवपुरी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत के संकल्प को साकार करने के लिए चलाए जा रहे स्वच्छ भारत मिशन को गति देते हुए केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुना और शिवपुरी जिले के प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के साथ गुरुवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से

अलग–अलग बैठकें कर दोनों जिलों में व्यापक स्वच्छता अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती 2 अक्टूबर से लेकर सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती 31 अक्टूबर तक स्वच्छ भारत मिशन के तहत विशेष अभियान 6.0 चलाया जा जाएगा। इसके तहत केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने बैठक में गुना और शिवपुरी जिले में भी स्वच्छता, नागरिक सुविधाओं और बेहतर व्यवस्थाओं को लेकर विशेष अभियान चलाने पर जोर दिया। बैठक में प्रत्येक वार्ड को स्वच्छ, व्यवस्थित और सुविधाजनक बनाने के लिए विस्तृत कार्ययोजना पर चर्चा हुई। केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने स्पष्ट किया कि स्वच्छता अभियान केवल औपचारिकता न रहे, बल्कि इसका असर धरातल पर दिखाई देना चाहिए। उन्होंने कहा कि दशहरा से पहले दोनों जिलों के प्रत्येक वार्ड में स्वच्छता अभियान के ठोस परिणाम दिखने चाहिए। उन्होंने कहा कि नवरात्रि में मां दुर्गा का आगमन स्वच्छ और सुंदर वातावरण में हो, यह हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने स्वच्छता अभियान को प्रभावी बनाने के लिए चार प्रमुख क्षेत्रों में प्राथमिकता के आधार पर कार्य करने के निर्देश दिए है।

गांधी जयंती पर ग्राम सभाओं में वीबी-जी राम जी योजना के प्रचार-प्रसार के निर्देश

लखनऊ (आरएनएस)। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने दो अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाली विशेष ग्राम सभाओं में वीबी–जी राम जी योजना का व्यापक प्रचार–प्रसार करने के निर्देश ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को दिए हैं। उन्होंने कहा कि ग्राम सभाओं के माध्यम से ग्रामीणों को योजना के प्रावधानों और विकसित ग्राम पंचायत योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। इस अवसर पर पंचायत सचिव ग्रामीणों के समक्ष योजना से संबंधित प्रमुख बिंदु रखेंगे।उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी लोग मिलकर अपनी ग्राम पंचायत को विकसित, सक्षम और आत्मनिर्भर बनाने में योगदान दें तथा विकसित पंचायत और विकसित भारत का संकल्प लें। उनके निर्देशों के क्रम में ग्राम्य विकास विभाग ने दो अक्टूबर को आयोजित होने वाली ग्राम सभाओं के लिए विस्तृत दिशा–निर्देश जारी किए हैं। ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार की गाइडलाइन के अनुसार इन बैठकों में वीबी–जी राम जी योजना के प्रमुख प्रावधानों के साथ विकसित ग्राम पंचायत योजना पर विशेष चर्चा की जाएगी। इस संबंध में आयुक्त ग्राम्य विकास विभाग प्रमोद कुमार उपाध्याय ने सभी मुख्य विकास अधिकारियों को दिशा–निर्देश जारी किए हैं।ग्राम सभा की बैठकों में पंचायत सचिव ग्रामीणों को वीबी–जी राम जी अधिनियम के प्रमुख प्रावधानों की जानकारी देंगे। योजना के तहत ग्रामीण परिवारों को अब वर्ष में 100 दिनों के स्थान पर 125 दिनों के रोजगार की गारंटी मिलेगी। काम की मांग करने के 15 दिनों के भीतर रोजगार उपलब्ध नहीं होने पर बेरोजगारी भत्ता दिए जाने का भी प्रावधान है। इसके अलावा गांव की वास्तविक जरूरतों के आधार पर 375 प्रकार के अनुमेय कार्यों में से प्राथमिकता के अनुसार कार्यों का चयन किया जा सकेगा। इन कार्यों के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराने के साथ गांव में टिकाऊ और उपयोगी परिसंपत्तियों का निर्माण किया जाएगा, जिससे ग्रामीण आजीविका और स्थानीय विकास को मजबूती मिलेगी।योजना के तहत मजदूरी का भुगतान सामान्यतः एक सप्ताह के भीतर और अधिकतम 15 दिनों में किया जाना है। निर्धारित अवधि में मजदूरी का भुगतान नहीं होने पर संबंधित श्रमिक प्रावधानों के अनुसार विलंब क्षतिपूर्ति के हकदार होंगे। वहीं गांव में विकास कार्यों की प्राथमिकता तय करने में ग्राम सभा की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। विकसित ग्राम पंचायत योजना के माध्यम से ग्रामीण स्वयं यह तय करेंगे कि गांव में किन कार्यों की आवश्यकता है, किन्हें प्राथमिकता दी जानी है और उनका निर्माण कहां कराया जाना है।योजना के प्रभावी और पारदर्शी क्रियान्वयन में ग्राम सभा और ग्राम पंचायत की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। योजनाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सामाजिक अंकेक्षण की व्यवस्था की गई है, जिसमें ग्राम सभा की सक्रिय भागीदारी रहेगी। ग्राम पंचायत को केवल योजनाओं के क्रियान्वयन का माध्यम नहीं, बल्कि स्थानीय विकास के केंद्र के रूप में विकसित करने पर जोर दिया गया है। रोजगार, आजीविका, जल संरक्षण, ग्रामीण आधारभूत ढांचे और टिकाऊ परिसंपत्तियों के निर्माण के माध्यम से गांवों के समग्र विकास को गति देने का लक्ष्य रखा गया है।दो अक्टूबर को आयोजित होने वाले सुधार उत्सव और योजना के प्रचार–प्रसार को सफल बनाने के लिए जनपद और विकासखंड स्तर पर नोडल अधिकारी भी नामित किए गए हैं। राज्य स्तर पर संयुक्त आयुक्त (वीबी–जी राम जी) डीएन पाण्डेय, जनपद स्तर पर उपायुक्त श्रम रोजगार तथा विकासखंड स्तर पर खंड विकास अधिकारियों को नोडल अधिकारी बनाया गया है। वीबी–जी राम जी योजना का क्रियान्वयन पूरे देश में एक जुलाई 2026 से शुरू हो चुका है।

श्री कटरा रामलीला कमेटी प्रयागराज की कार्यक्रम पुस्तिका का विमोचन

आगामी दशहरा एवं रामलीला मंचन की है विस्तृत जानकारी

प्रयागराज श्री कटरा रामलीला कमेटी, प्रयागराज द्वारा आगामी विजयदशमी महोत्सव एवं भव्य रामलीला मंचन के शुभ अवसर पर कार्यक्रम पुस्तिका का गरिमामय विमोचन संपन्न हुआ। कार्यक्रम पुस्तिका के विमोचन समारोह में कमेटी के अध्यक्ष सुधीर कुमार गुप्ता, महामंत्रीरू उमेश चन्द्र केसरवानी, कोषाध्यक्ष अश्वनी केसरवानी, उपाध्यक्ष विनोद चन्द्र केसरवानी, आनन्द अग्रवाल, मयंक अग्रवालमंत्रीरू शिव बाबू गुप्ता, महेश चन्द्र गुप्ता, विपुल मित्तल के साथ ही कार्यकारिणी सदस्य दिलीप चौरसिया, मीडिया प्रभारी पवन प्रजापति आदि मौजूद रहे। विमोचन के दौरान अध्यक्ष सुधीर कुमार गुप्ता एवं महामंत्री उमेश चन्द्र केसरवानी ने संयुक्त रूप से बताया कि इस वर्ष की रामलीला मंचन एवं दशहरा उत्सव को भव्य रूप देने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। एवं इस बार की रामलीला श्गाथा राम कीश जो की अंतराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त अतुल यदुवंशी के निर्देशन मे कराई जायेगी। जिनमे बुंदेलखंड छत्रसाल अखाड़ा (सागर, मध्य प्रदेश) की प्रस्तुति अखाड़ा नृत्य मार्शल आर्ट, दलनायक राजकुमार रैकवार आदि मुख्य आकर्षण का केन्द्र होंगे।

प्रयागराज जंक्शन पर ट्रेन मैनेजरों का जोरदार प्रदर्शन

गार्ड–लॉबी को लोको पायलट लॉबी में मर्ज करने का हुआ विरोध

प्रयागराज। प्रयागराज जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर एक पर स्थित संयुक्त लोको पायलट और गार्ड लॉबी के सामने गुरुवार को ट्रेन मैनेजरों ने प्रदर्शन किया। रेलवे की ओर से गार्ड लॉबी को लोको पायलट लॉबी में मर्ज करने और ट्रेन मैनेजरों की बुकिंग ड्राइवर साइड से कराए जाने के फैसले का कर्मचारियों ने विरोध किया। प्रदर्शन कर रहे ट्रेन मैनेजरों का कहना है कि लोको पायलट लॉबी के अधीन होने पर उनके साथ भेदभाव होगा। उन्होंने मांग की कि गार्ड लॉबी को ऑपरेटिंग विभाग के अधीन ही रखा जाए।एनसीआरएमयू के असिस्टेंट सेक्रेटरी और मेल एक्सप्रेस ट्रेन मैनेजर सुभाष प्रजापति ने कहा कि ट्रेन मैनेजर ऑपरेटिंग विभाग के कर्मचारी हैं, जबकि लोको पायलट अलग विभाग के अंतर्गत आते हैं। अब सीनियर डीओएम की ओर से गार्ड लॉबी को लोको विभाग में मर्ज करने की प्रक्रिया की जा रही है। इससे ट्रेन मैनेजरों को दोयम दर्जे का व्यवहार झेलना पड़ेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले से ही ट्रेन मैनेजरों के साथ भेदभाव होता रहा है। रनिंग रूम में सुविधाओं और स्पेयर के लिए मिलने वाली जीप के इस्तेमाल में भी उन्हें प्राथमिकता नहीं दी जाती।उन्होंने बताया कि अभी तक ट्रेन मैनेजरों की बुकिंग ऑपरेटिंग विभाग का स्टाफ करता है। सीएमएस में भी ऑपरेटिंग विभाग के कर्मचारी बैठते हैं और उसी विभाग के अधिकारी उनका प्रबंधन करते हैं। ऐसे में लॉबी को दूसरे विभाग के अधीन करना कर्मचारियों के हित में नहीं है।ट्रेन मैनेजरों ने कहा कि ट्रेन मैनेजरों की बुकिंग ड्राइवर साइड में भेजने के फैसले का विरोध किया जा रहा है। उन्होंने सुपरवाइजर के पद को लेकर भी सवाल उठाए। उनका कहना है कि ट्रेन मैनेजरों की भर्ती ग्रेजुएट स्तर पर होती है, जबकि लोको पक्ष के सुपरवाइजर की शैक्षिक योग्यता मैट्रिक और आईटीआई बताई जाती है। ऐसे में ट्रेन मैनेजरों का सुपरवाइजर ऑपरेटिंग विभाग का ही होना चाहिए।प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि फैसला वापस नहीं लिया गया तो वे जीएम कार्यालय तक विरोध प्रदर्शन करेंगे।

अदालतों की टिप्पणियां यूपी में कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल - राकेश वर्मा

लखनऊ (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय में गुरुवार को आयोजित प्रेसवार्ता में पूर्व आईएएस अधिकारी राकेश वर्मा ने प्रदेश की कानून–व्यवस्था और पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर प्रदेश सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हाल में सुप्रीम कोर्ट और इलाहाबाद हाईकोर्ट की ओर से उत्तर प्रदेश पुलिस की जांच और कार्यप्रणाली पर की गई टिप्पणियां गंभीर हैं। उनके अनुसार इन टिप्पणियों से प्रदेश में आम लोगों के न्याय और पुलिस व्यवस्था पर भरोसे को लेकर सवाल खड़े होते हैं।राकेश वर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अपराध और कानून–व्यवस्था को लेकर सरकार को जवाब देना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश में प्रतिदिन औसतन करीब नौ हत्याएं, दस हत्या के प्रयास, नौ दुष्कर्म, 33 अपहरण और 235 हिंसक अपराध हो रहे हैं। उन्होंने इन आंकड़ों के आधार और स्रोत का विवरण प्रेसवार्ता में प्रस्तुत किए जाने की बात कही।उन्होंने 30 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट में एक आपराधिक मामले की सुनवाई के दौरान उत्तर प्रदेश पुलिस की जांच पर की गई टिप्पणियों का उल्लेख करते हुए कहा कि अदालत ने इस बात पर सवाल उठाया कि मौके पर पकड़े गए बताए जा रहे मोटरसाइकिल सवार का नाम प्राथमिकी में दर्ज करने के बजाय मामला अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ क्यों दर्ज किया गया। उन्होंने कहा कि अदालत ने पुलिस की जांच की निष्पक्षता पर भी सवाल उठाए और संबंधित अधिकारी से नए हलफनामे के साथ अगली सुनवाई में उपस्थित होने को कहा।राकेश वर्मा ने देवरिया के गौरी बाजार थाने से जुड़े मामले का भी उल्लेख किया। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने चार लोगों की कथित गैरकानूनी हिरासत से संबंधित याचिका पर सुनवाई के दौरान थाने की सीसीटीवी व्यवस्था और पुलिस अधिकारियों के स्पष्टीकरण पर कड़ी नाराजगी जताई थी। अदालत ने पुलिस अधिकारियों की सफाई पर असंतोष व्यक्त करते हुए मौखिक रूप से उन्हें 'बंच ऑफ लायर्स' कहा था। मामले में चार याचिकाकर्ताओं को कुल 65 हजार रुपये मुआवजा देने और यह राशि संबंधित थाना प्रभारी के वेतन से वसूलने का निर्देश भी दिया गया।मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने यह भी सवाल उठाया कि कथित रूप से खराब सीसीटीवी व्यवस्था के संबंध में सामान्य डायरी में प्रविष्टि क्यों नहीं की गई और पुलिस अधीक्षक को इसकी जानकारी क्यों नहीं दी गई। अदालत ने थाना प्रभारी के खिलाफ की गई कार्रवाई को लेकर भी सवाल किए। उपलब्ध रिपोर्टों के अनुसार, पुलिस की ओर से बताया गया था कि संबंधित थाना प्रभारी को अपराध शाखा भेजा गया है, लेकिन अदालत इस कार्रवाई से संतुष्ट नहीं थी।राकेश वर्मा ने कहा कि जब अदालतें पुलिस की जांच और उसके बयानों पर सवाल उठा रही हैं, तब राज्य सरकार को यह स्पष्ट करना चाहिए कि प्रदेश में आम नागरिकों का कानून और न्याय व्यवस्था पर भरोसा किस तरह कायम रखा जाएगा।

सौ साल की आस्था, भव्यता का नया अध्याय

प्रयागराज। सौ साल की आस्था, परंपरा और भव्यता का गवाह बन चुका बाई का बाग दुर्गा पूजा बारवारी इस वर्ष अपने शताब्दी वर्ष को ऐतिहासिक बनाने जा रहा है। नगर की प्राचीनतम एवं प्रतिष्ठित दुर्गा पूजा समितियों में अग्रणी स्थान रखने वाली इस बारवारी में शताब्दी वर्ष को लेकर तैयारियां युद्धस्तर पर चल रही हैं।हर वर्ष अपनी आकर्षक साज–सज्जा, भव्य पंडाल और सांस्कृतिक आयोजनों से श्रद्धालुओं का ध्यान आकर्षित करने वाली बाई का बाग दुर्गा पूजा बारवारी इस बार कुछ ऐसा करने जा रही है, जिसे देखने के लिए शहरवासियों में अभी से उत्सुकता दिखाई दे रही है।शताब्दी वर्ष के अवसर पर पूजा पंडाल को केरल के विश्वप्रसिद्ध पद्मनाभ स्वामी मंदिर की भव्य स्थापत्य शैली में तैयार किया जा रहा है। पंडाल निर्माण के लिए कोलकाता से विशेष रूप से आए कारीगर पिछले करीब तीन महीने से दिन–रात मेहनत कर रहे हैं। विशाल पंडाल को आकर्षक एवं जीवंत स्वरूप देने के लिए बारीकियों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।अध्यक्ष जयंत श्रीधर जोशी,कार्यकारी अध्यक्ष राजू द्विवेदी , टी.पी. मिश्रा , राजेश मलिक सुब्रतो घोष, सचिव रत्नेश पांडे, पवन शुक्ला सुनील सिंह ने बताया कि शताब्दी वर्ष को लेकर समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों में खासा उत्साह है। सौ वर्ष की इस गौरवशाली परंपरा को यादगार बनाने के लिए पूजा पंडाल, विद्युत सजावट, धार्मिक अनुष्ठान और सांस्कृतिक कार्यक्रमों को विशेष स्वरूप दिया जा रहा है। मंदिर के साथ दिखेगा अद्भुत वैभवप्रयागराज। पूजा संयोजक,मीडिया प्रभारी एवं जनसंपर्क अधिकारी लालू मित्तल एवं मयंक शुक्ला ने बताया कि इस बार पंडाल की सजावट में पद्मनाभ स्वामी मंदिर की भव्यता के साथ शयन मुद्रा में विराजमान भगवान विष्णु के विराट स्वरूप और वैभव को विशेष रूप से प्रदर्शित किया जाएगा।

मंदिर तहखाना में छिपीअकूत संपत्ति , खजाने की प्रसिद्ध अवधारणा को भी पंडाल की थीम में आकर्षक ढंग से प्रस्तुत करने की तैयारी है।

पीएम श्री विद्यालयों में 'करके सीखने' पर जोर, 586 स्कूलों में गतिविधि आधारित शिक्षण के लिए 2.34 करोड़ रुपये जारी

लखनऊ (आरएनएस)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के पीएम श्री विद्यालयों में पढ़ाई को किताबों तक सीमित रखने के बजाय प्रयोग, गतिविधि और अनुभव से जोड़ने की दिशा में पहल की गई है। वर्ष 2024–25 के लिए चयनित 586 उच्च प्राथमिक एवं कंपोजिट पीएम श्री विद्यालयों में 'करके सीखने' की प्रक्रिया को और प्रभावी बनाने के लिए 2.34 करोड़ रुपये की धनराशि से आवश्यक उपभोग्य सामग्री और कच्चा माल खरीदा जाएगा। प्रत्येक चयनित विद्यालय के लिए 40 हजार रुपये तक की धनराशि निर्धारित की गई है। इस व्यवस्था से चयनित विद्यालयों में गतिविधि आधारित शिक्षण के लिए जरूरी संसाधन उपलब्ध होंगे। विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ विषयों को प्रयोग और प्रत्यक्ष अनुभव के माध्यम से समझने के अवसर मिलेंगे। इससे कक्षा–कक्ष में सीखने की प्रक्रिया को अधिक सक्रिय और अनुभवपरक बनाने में मदद मिलेगी।लर्निंग बाय डूइंग के तहत विद्यार्थी विषयवस्तु को केवल पढ़ने के बजाय विभिन्न गतिविधियों और प्रयोगों के माध्यम से समझ सकेंगे। उपलब्ध कराई जाने वाली सामग्री का उपयोग विद्यालयों में गतिविधि आधारित शिक्षण के संचालन में किया जाएगा, जिससे बच्चे सीखने की प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग ले सकें और अवधारणाओं को व्यवहारिक रूप में समझ सकें।महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक मोनिका रानी के निर्देशानुसार चयनित 586 विद्यालयों में आवश्यक उपभोग्य सामग्री और कच्चे माल की खरीद की जाएगी। इसके लिए कुल 2 करोड़ 34 लाख 40 हजार रुपये का प्रावधान किया गया है। निर्धारित धनराशि से विद्यालयों में विभिन्न गतिविधियों के संचालन के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे।इस पहल के तहत विद्यार्थियों को विषयवस्तु को देखकर, प्रयोग करके और गतिविधियों में भाग लेकर समझने का अवसर मिलेगा। इससे पुस्तकीय ज्ञान को व्यावहारिक अनुभव से जोड़ने के साथ बच्चों में सीखने के प्रति रुचि और जिज्ञासा को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।विद्यालयों को उपलब्ध कराई जाने वाली सामग्री के उचित और उद्देश्यपरक उपयोग पर भी जोर दिया गया है। गतिविधियों के संचालन और उनके अभिलेखीकरण का अनुश्रवण किया जाएगा। इसके साथ ही पहले संचालित लर्निंग बाय डूइंग गतिविधियों से मिले अनुभवों को आगे की गतिविधियों में उपयोग करने पर भी ध्यान दिया जाएगा।

बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने कहा कि लर्निंग बाय डूइंग के माध्यम से बच्चों को प्रयोग और अनुभव से सीखने के अवसर मिलेंगे।

अपने उमर होने वाले आघातों षडयंत्रों से सावधान रहें हिन्दू- पुरी शंकराचार्य

प्रयागराज। गोवर्धन मठ पुरी उड़ीसा के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने कहा कि राष्ट्रहित की भावना से प्रत्येक हिन्दू को जागरूक होना होगा। प्रतिदिन सवा घंटे का भजन करने का प्रयास करें यदि समयाभाव हो तो 24 घंटे में में कम से कम 24 मिनट तो आराधना पूजन के लिए निकाल ही सकते हैं। पुरी शंकराचार्य अपने दस दिवसीय प्रवास के दौरान गुरुवार को झूसी स्थित पुरी पीठ के केंद्र शिवगंगा आश्रम में शिष्यों श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। जिज्ञासुओं द्वारा आध्यात्मिक सामाजिक राजनीतिक व अंतर्राष्ट्रीय विषयों से संबंधित विभिन्न प्रश्नों का उत्तर देते हुए पुरी शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने कहा कि भारत आज क्रिश्चियन तंत्र कम्युनिस्ट तंत्र मुस्लिम तंत्र के अधीन है। इतना षड्यंत्र है इतनी व्यूह रचना है कि हिंदू समझ ही नहीं सकते कि कहां कहां से उन पर आघात हो रहा है। इसलिए हिन्दू तटस्थ होकर ये सब मत देखें बीड़ा उठायें की वे सनातन मान बिंदुओं की रक्षा करनी है और भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाना है। हमको स्वयं ही प्रयास करके स्वस्थ व्यूह रचना करके सनातन सिद्धांत के अनुसार शासन तंत्र को स्थापित करना है। पुरी शंकराचार्य ने कहा कि भारत की मेधा शक्ति का विश्व लोहा मानती है और भारत के युवाओं में जो शक्ति ऊर्जा है वो विश्व के किसी देश के युवाओं में नहीं है। जगद्गुरु शंकराचार्य ने कहा कि युवाओं को चाहिए कि वे व्यसन से दूर होकर अपने पुरुषार्थ से राष्ट्र हित में योगदान

दें। युवाओं में असीम क्षमता है। युवा पीढ़ी सनातन धर्म को लेकर जागरूक हुई है। बतौर उदाहरण पुरी शंकराचार्य ने कहा कि संगोष्ठी के दौरान उनसे प्रश्न पूछने वालों में युवाओं की ही संख्या अधिक होती है इसलिए ये कहना कि युवा जागरूक नहीं है धर्म अध्यात्म के प्रति ये उचित नहीं है।

इस दौरान शंकराचार्य के निजी सचिव स्वामी निर्विकल्पानंद सरस्वती, प्रफुल्ल ब्रह्मचारी, हृषिकेश ब्रह्मचारी, आदेश भूषण पांडेय, डॉ दिव्यकांत त्रिपाठी, बीपी सिंह, के एन पांडेय, प्रताप दुबे, संतोष त्रिपाठी, नीरज मिश्रा, शुभम सिंह, शशांक गोस्वामी, हर्षित पांडेय, सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शिष्यगण उपस्थित रहे।

आलमबाग पुलिस ने बस परिचालक और महिला से छिनैती की घटनाओं का किया खुलासा, दो गिरफ्तार

लखनऊ (आरएनएस)। सर्विलांस टीम मध्य जोन और थाना आलमबाग पुलिस की संयुक्त टीम ने बस परिचालक और महिला से छिनैती की दो घटनाओं का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर दो काले बैग, टिकट मशीन और उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम का परिचालक वे–बिल बरामद किया है। दोनों मामलों में संबंधित धाराओं की बढ़ोतरी की गई है। पुलिस घटना में शामिल एक अन्य आरोपी परम वर्मा की तलाश कर रही है।पुलिस के अनुसार 18 सितंबर को बस परिचालक भानुप्रकाश मिश्रा आलमबाग बस स्टेशन के बाहर बस संख्या यूपी78केटी7922 में सवारियां बैठा रहे थे। इसी दौरान बाइक सवार बदमाश उनका बैग छीनकर फरार हो गए थे। बैग में नकदी, टिकट मशीन और परिचालक से संबंधित दस्तावेज रखे थे। इस मामले में आलमबाग थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। इसके अलावा छह सितंबर को मवैया–दुर्गापुरी मेट्रो क्षेत्र में एक महिला से पर्स छीनने की घटना हुई थी, जिसके संबंध में भी आलमबाग थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था।दोनों घटनाओं के खुलासे के लिए पुलिस ने घटनास्थलों के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की निगरानी शुरू की। एक अक्टूबर की रात आलमबाग पुलिस फतेहअली चौराहे के पास संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर जदुनाथ चौराहे की ओर से आ रही मोटरसाइकिल संख्या यूपी32एसबी0662 को रोककर उस पर सवार दो युवकों को हिरासत में लिया गया।पूछताछ में आरोपियों की पहचान इरफान उर्फ साबित और संजय उर्फ नकुल कश्यप के रूप में हुई। पुलिस के मुताबिक पूछताछ में दोनों ने अपने साथी परम वर्मा के साथ आलमबाग बस अड्डे के पास बस परिचालक से बैग छीनने की घटना में शामिल होना स्वीकार किया। इरफान उर्फ साबित की निशानदेही पर एवरेडी चौराहे के पास रेलवे लाइन के आगे झाड़ियों से काला बैग, टिकट मशीन और उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम का परिचालक वे–बिल बरामद किया गया। वे–बिल पर भानु मिश्रा का नाम अंकित मिला।इसी क्रम में संजय उर्फ नकुल कश्यप की निशानदेही पर मवैया क्षेत्र में महिला से पर्स छीनने की घटना से संबंधित एक काला बैग बरामद किया गया। बरामदगी और विवेचना में सामने आए तथ्यों के आधार पर दोनों मुकदमों में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी की गई है। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है, जबकि घटना में शामिल बताए जा रहे परम वर्मा की तलाश जारी है।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान इरफान उर्फ साबित पुत्र नबी अहमद, निवासी सेक्टर–3, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उम्र करीब 25 वर्ष और संजय उर्फ नकुल कश्यप पुत्र राजेश कश्यप, निवासी सेक्टर–6, जानकीपुरम विस्तार, वर्तमान पता सेक्टर–3 जानकीपुरम, लखनऊ, उम्र करीब 20 वर्ष के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार इरफान के खिलाफ जानकीपुरम थाने में वर्ष 2025 का एक मुकदमा तथा संजय के खिलाफ मड़ियांव थाने में छिनैती से संबंधित मुकदमा पहले से दर्ज है।गिरफ्तारी और बरामदगी की कार्रवाई प्रभारी निरीक्षक आलमबाग ब्रजेश कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में उपनिरीक्षक कुंवर वीर विक्रम सिंह, पंकज कुमार, धीरज यादव, अभिषेक द्विवेदी और मुख्य आरक्षी विनय सिंह की टीम तथा मध्य जोन सर्विलांस सेल के प्रभारी उपनिरीक्षक अभिनेन्द्र सिंह, मुख्य आरक्षी आशीष मिश्रा, अखिलेश कुमार सिंह, दुर्गेश कुमार सिंह, आरक्षी बलवन्त कुमार और जितेश यादव की संयुक्त टीम ने की।

112 की काल टेकर ने फांसी लगाकर दी जान

किराए के कमरे में पंखे से लटका मिला शव

प्रयागराज। नैनी थाना क्षेत्र के खरकौनी जहांगीराबाद में गुरुवार की सुबह एक युवती ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। घटना कधे जानकारी होने पर सूचना पुकीस कधे दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजे कधे तोड़कर शव कधे फंदे से उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना कधे जानकारी परिवार के लोगों कधे दे दी गई हैं। वही फोरेंसिक टीम ने भी जांच पड़ताल कधे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार घूरपुर थाना क्षेत्र के पंवर जसरा निवासी रमेश चंद्र की पुत्री राधना 112 में काल टेकर के पद पर कार्यरत थी। वह नैनी के खरकौनी में विद्युत विभाग से सेवानिवृत्त इंद्र प्रकाश के मकान में किराए पर ऊपरी मंजिल के कमरे में रहती थी। पिता रमेश चंद्र की पहले ही मौत हो चुकी है। राधना सिविल लाइन में डायल–112 में प्राइवेट कॉल टेकर के तौर पर काम करती थी। सुबह राधना की बड़ी बहन नीलम ने उसे कई बार फोन किया, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुई। इससे परेशान होकर नीलम ने अपनी मां शीला को इसकी जानकारी दी।

इसके बाद मकान मालिक को फोन किया गया। मकान मालिक ने ऊपर जाकर कमरे की स्थिति देखी और परिवार के लोगों के साथ पुलिस को सूचना दी।

जानकारी मिलते ही नैनी इंस्पेक्टर अवनीश कुमार सिंह फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल से जरूरी साक्ष्य जुटाए। युवती के मोबाइल फोन और कॉल डिटेल की जांच की जा रही है। पुलिस उसके साथ डायल–112 में काम करने वाले अन्य कर्मचारियों से भी पूछताछ करेगी। नैनी इंस्पेक्टर अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की स्थिति और स्पष्ट होगी। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

महाराजा अग्रसेन भवन के लिए हुई अतिरिक्तभूमि की रजिस्ट्री

नवरात्रि में होगा भूमि पूजन

प्रयागराज। मां लक्ष्मी एवं महाराजा अग्रसेन के आशीर्वाद तथा समाज के सहयोग से महाराजा अग्रसेन स्मृति न्यास, प्रयागराज के प्रस्तावित भवन के लिए आवश्यक अतिरिक्त भूमि की रजिस्ट्री विधिवत संपन्न हो गई है।

इससे भवन निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम आगे बढ़ा है।आगामी शारदीय नवरात्रि 2026 में भवन का प्रस्तावित नक्शा प्रयागराज विकास प्राधिकरण में स्वीकृति हेतु दाखिल करने तथा शुभ अवसर पर भूमि पूजन की तैयारी है। न्यास ने समस्त अग्रवाल समाज के बंधुओं से अपील की है

कि वे इस महत्वाकांक्षी सामाजिक परियोजना में तन–मन–धन से सहयोग प्रदान करें, ताकि महाराजा अग्रसेन भवन समाज की एकता, सेवा, संस्कृति और सामाजिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बन सके।

मीडिया प्रभारी मनीष गर्ग ने बताया कि यह भवन किसी एक व्यक्ति या परिवार का नहीं, बल्कि पूरे अग्रवाल समाज की सामूहिक धरोहर होगा।

सपा ने एमएलसी चुनाव की तैयारियां तेज कीं, मिर्जापुर जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई बैठक, शिक्षक-स्नातक प्रत्याशियों के लिए मांगे वोट

मिर्जापुर। शिक्षक एवं स्नातक एमएलसी चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी ने चुनावी तैयारियां तेज कर दी हैं। गुरूवार को सपा जिला कार्यालय लोहियाट्रस्ट पर जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी व कार्यवाहक जिलाध्यक्ष अशोक यादव की अध्यक्षता में आवश्यक बैठक हुई। बैठक में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से शिक्षक एवं स्नातक मतदाताओं से संपर्क कर पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में मतदान की अपील करने का आह्वान किया गया।

पूर्व नेता प्रतिपक्ष शिक्षक एमएलसी लाल बिहारी सिंह यादव ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उन पर दोबारा विश्वास जताकर सेवा का अवसर दिया है। पूर्व में भी शिक्षकों ने समर्थन देकर उन्हें सदन में भेजा था। उन्होंने कहा कि अपने कार्यकाल में शिक्षक हितों से जुड़े मुद्दों को सदन में उठाने का प्रयास किया। उन्होंने मतदाताओं से पुनः समर्थन देने की अपील की। समाजवादी पार्टी की सरकार में सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के शिक्षकों की सेवानिवृत्ति की आयु 60 वर्ष से बढ़ाकर 62 वर्ष करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया था। उन्होंने कहा कि सपा सरकार के कार्यकाल में प्रदेश के 300 स्थायी मान्यता प्राप्त जूनियर हाईस्कूलों को अनुदानित करने का निर्णय लिया गया। दूसरे चरण में 1100 जूनियर हाईस्कूलों को एक साथ अनुदानित करने का ऐतिहासिक कार्य किया गया। इसी प्रकार हजारों विषय विशेषज्ञ शिक्षकों का विनियमितीकरण कर उन्हें सामाजिक सम्मान, स्थायित्व और अधिकार दिलाने का काम समाजवादी सरकार ने किया। उन्होंने कहा कि आज शिक्षक समाज के सामने अनेक चुनौतियां हैं। शिक्षकों की समस्याओं का समाधान, पुरानी पेंशन, वित्तविहीन शिक्षकों की स्थिति, शिक्षण संस्थानों की समस्याएं तथा शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर वातावरण उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है।

जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि कार्यकर्ता शिक्षक एमएलसी लाल बिहारी सिंह यादव और स्नातक एमएलसी प्रत्याशी आशुतोष सिंहा के समर्थन में अभी से जुट जाएं। सपा सभी वर्गों को साथ लेकर चलने का काम करती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा घोषित एमएलसी प्रत्याशियों के लिए पूरी ताकत से मेहनत करने का आह्वान किया।

कार्यवाहक जिलाध्यक्ष अशोक यादव ने कहा कि शिक्षक और स्नातक मतदाताओं से व्यक्तिगत संपर्क कर पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान की अपील की जाए। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ने हमेशा शिक्षकों, शिक्षा व्यवस्था और शिक्षण संस्थानों के हित में ऐतिहासिक एवं जनकल्याणकारी कार्य किए हैं।

बैठक का संचालन जिला महासचिव आदर्श यादव ने किया।

बैठक में पूर्व मंत्री कैलाश चौरसिया, जगतम्बा सिंह पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव, लालचन्द कोल, दीपचन्द राम, आशीष यादव, मुन्नी यादव, सुरेन्द्र सिंह पटेल, दामोदर प्रसाद मौर्या, संजय यादव, राजेश भारती, कीर्ति कोल, रोहित शुक्ला, डा0 सुनील सिंह पटेल, अभय यादव, राणा प्रताप सिंह, संतोष गोयल, सत्यप्रकाश यादव, सोकिम अहमद, झल्लू यादव, सूर्यमणि यादव, बलराम यादव, रामजी मौर्या, राजनारायण निराला, हरिशंकर यादव, आकाश यादव, कौशिक कन्नौजिया, अतीक खान, प्रिंस राव, रवि सोनकर, रामराज यादव, अरशद अली, विजय पटेल, बन्दना गुप्ता, बब्बू चमार, मेवालाल प्रजापति, डॉ शक्ति श्रीवास्तव, रमेश ओझा, धर्मेन्द्र मौर्या, बृजलाल मौर्या, उपेन्द्र तिवारी, उदल पासी, चिन्तामणि यादव, भोलानाथ यादव, अजय पटेल, योगेश यादव आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहें और अपने विचार रखे।

पूर्व युवा कल्याण अधिकारी अशोक उपाध्याय जिला ओलंपिक संघ के सलाहकार नियुक्त, खेलों को बढ़ावा देने के लिए कोर कमेटी गठित

मीरजापुर। उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के सह–संयुक्त सचिव एवं जिला मिर्जापुर ओलंपिक संघ व वालीबाल संघ के महासचिव एस.पी. त्रिपाठी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि जनपद के बरकछा निवासी एवं पूर्व युवा कल्याण अधिकारी अशोक उपाध्याय को जिला ओलंपिक संघ का सलाहकार नियुक्त किया गया है। श्री उपाध्याय जिला ओलंपिक संघ के सदस्य भी हैं। जनपद में खेल एवं खिलाड़ियों के उत्थान के उद्देश्य से यह नियुक्ति की गई है।

खेल हित में बेहतर निर्णय लेने के लिए एक कोर कमेटी का भी गठन किया गया है, जिसमें अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी निधि पटेल के साथ कबड्डी संघ से हूब लाल, एथलेटिक्स संघ के सचिव राकेश त्रिपाठी एवं ताइक्वांडो से रामू सोनकर को शामिल किया गया है।

श्री त्रिपाठी ने बताया कि वर्ष 2026–27 में आने वाले महीनों में पूरे जनपद में बालक–बालिका एवं पुरुष–महिला वर्ग की अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से प्रतिभावान खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा, जिससे वे प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर जनपद का नाम रोशन कर सकेंगे।

श्री उपाध्याय के सलाहकार नियुक्त होने एवं कोर कमेटी के गठन पर खेल प्रेमियों तथा विभिन्न खेल संघों के प्रतिनिधियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है। बधाई देने वालों में ज्वाला यादव (सचिव, योग संघ), अश्विनी कुमार पाण्डेय (सचिव, जूडो), अनवर, अनिल सिंह (ग्रीन गुरु), रविन्द्र प्रताप सिंह, विजय सिंह, विनोद सिंह, निर्भय शंकर, प्रताप नारायण तिवारी, विजय वर्मा, सुरेश वर्मा आदि शामिल हैं।

माँ विन्ध्यवासिनी विश्वविद्यालय में समर्थ पोर्टल पर प्रवेश की तिथि बढ़ी

मीरजापुर। माँ विन्ध्यवासिनी विश्वविद्यालय, मीरजापुर की कुलपति, प्रो0 शोभा गौड़ की अध्यक्षता में परीक्षा से संबंधित आर रही विभिन्न समस्याओं पर दिनांक 01.10.2026 को समस्त संकायाध्यक्ष, कुलसचिव, परीक्षा नियंत्रक के साथ बैठक आहूत हुई। बैठक में माँ विन्ध्यवासिनी विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में परीक्षा फार्म भरने में आ रही समस्याओं पर बिन्दुवार चर्चा की गयी। चर्चा के उपरांत कुलपति, प्रो0 शोभा गौड़ द्वारा कुलसचिव एवं परीक्षा नियंत्रक को तत्काल समस्याओं का समाधान कराने एवं परीक्षा फार्म की तिथि 12 अक्टूबर, 2026 तक बढ़ाये जाने हेतु निर्देशित किया गया। कुलपति द्वारा कुलसचिव को यह भी निर्देशित किया गया कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर समस्त पाठ्यक्रम अपलोड करा दिये जायें। कुलसचिव द्वारा कुलपति को अवगत कराया गया कि महाविद्यालयों द्वारा समर्थ पोर्टल पर प्रवेश तिथि विस्तारित करने हेतु लगातार अनुरोध किया जा रहा है। कुलपति द्वारा समर्थ पोर्टल पर प्रवेश की तिथि को दिनांक 06 अक्टूबर, 2026 तक विस्तारित करने का निर्देश दिया गया तथा यह भी कहा गया कि शासन द्वारा निर्गत शैक्षणिक कैलेण्डर सत्र 2026–27 के अनुसार ही परीक्षाएं आयोजित की जायें।

उक्त बैठक में कुलपति प्रो0 शोभा गौड़, संकायाध्यक्ष–प्रो0 अशोक सिंह, प्रो0 भवभूति मिश्र, प्रो0 गौरी शंकर द्विवेदी, प्रो0 देवेन्द्र पाण्डेय, प्रो0 राजमोहन शर्मा, प्रो0 सूबेदार यादव, कुलसचिव, परीक्षा नियंत्रक उपस्थित रहे।

रक्तदान कर पत्रकारों ने पेश की मिसाल

बल्दीरायध्सुलतानपुर। सेवा संकल्प अभियान एवं सेवा सेतु अभियान के तहत गुरुवार को बल्दीराय ब्लॉक सभागार में आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में पत्रकारों ने भी सामाजिक जिम्मेदारी की मिसाल पेश की। शिविर में पत्रकार नितिन मिश्र एवं पत्रकार सुरेन्द्र मिश्रा ने स्वयं आगे बढ़कर रक्तदान किया। दोनों पत्रकारों की पहल ने शिविर में मौजूद लोगों का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता समाज की आवाज उठाने के साथ ही जरूरत के समय समाज के साथ खड़े होने की जिम्मेदारी भी है। रक्तदान ऐसा पुनीत कार्य है, जिससे किसी जरूरतमंद की जिंदगी बचाई जा सकती है। उन्होंने स्वस्थ लोगों से आगे आकर स्वैच्छिक रक्तदान करने की अपील की। आयोजकों ने दोनों पत्रकारों समेत सभी रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जनभागीदारी से ऐसे अभियानों को मजबूती मिलती है और जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने में मदद मिलती है।

डिजिटल लाइब्रेरी का भव्य उद्घाटन, ग्रामीणों में उत्साह

अखण्डनगरध्सुलतानपुर। ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों और युवाओं को डिजिटल शिक्षा से जोड़ने के लिए एक सराहनीय पहल की गई है। विकास खंड अखण्डनगर के अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़गांव अलीमुद्दीनपुर के पंचायत भवन में नवनिर्मित डिजिटल लाइब्रेरी का भव्य उद्घाटन संपन्न हुआ। इस डिजिटल लाइब्रेरी को धरातल पर उतारने में ग्राम पंचायत सचिव सुधाकर वर्मा की मुख्य भूमिका रही। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों और ग्रामीणों ने सचिव सुधाकर वर्मा के प्रयासों की मुक्त कंठ से सराहना की। ग्रामीणों का कहना है कि अलीमुद्दीनपुर में डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना के लिए सचिव सुधाकर वर्मा ने जो अथक प्रयास और मेहनत की थी, आज उसी का परिणाम है कि गाँव को यह बड़ी सौगात मिली है। उनके इसी विजन और सक्रियता के कारण आज यह योजना सफलता के मुकाम तक पहुँच सकी है। मुख्य अतिथि भाजपा राहुल नगर मंडल महामंत्री विनोद कुमार तिवारी ने फीता काटकर लाइब्रेरी का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज का युग डिजिटल क्रांति का है। इस लाइब्रेरी के खुलने से गाँव के बच्चों और प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में ही आधुनिक संसाधन और अध्ययन सामग्री उपलब्ध हो सकेगी। उन्होंने इस बेहतरीन कार्य के लिए सचिव सुधाकर वर्मा के समर्पण को विशेष रूप से रेखांकित किया। कार्यक्रम के दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद प्रधान पति ओम प्रकाश सिंह ने भी सचिव के प्रयासों को सराहा और कहा कि पंचायत भवन में इस डिजिटल लाइब्रेरी के शुरू होने से गाँव के विकास को एक नई दिशा मिलेगी और युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। इस गरिमामयी अवसर पर क्षेत्र के सम्मानित नागरिक अखिलेश तिवारी, पवन तिवारी, प्रपन्न तिवारी सहित भारी संख्या में गाँव के लोग और युवा उपस्थित रहे।

101 आर.ए.एफ. में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान अंतर्गत विशेष स्वच्छता एवं श्रमदान कार्यक्रम तथा राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

विजडम इंडिया

प्रयागराज (विनोद द्विवेदी –जिला संवाददाता) स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत 101 रैपिड एक्शन फोर्स (आर.ए.एफ.), शान्तिपुरम, प्रयागराज के वाहिनी प्रांगण में विशेष स्वच्छता एवं श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्री मनीष कुमार भारती, कमाण्डेंट–101 आर.ए.एफ. के नेतृत्व में अधिकारियों एवं जवानों ने सामूहिक रूप से श्रमदान करते हुए वाहिनी परिसर के विभिन्न क्षेत्रों में साफ–सफाई एवं स्वच्छता कार्य किया।

इस अवसर पर वाहिनी परिसर के विभिन्न स्थानों की सफाई, कूड़ा–कचरे का समुचित निस्तारण तथा आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित रखने हेतु आवश्यक कार्यवाही की गई। अधिकारियों एवं जवानों ने सक्रिय सहभागिता के माध्यम से स्वच्छता के प्रति सामूहिक उत्तरदायित्व एवं कर्तव्यबोध का परिचय दिया।

कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता को केवल अभियान तक सीमित न रखते हुए इसे दैनिक जीवन की नियमित आदत एवं सामूहिक जिम्मेदारी के रूप में अपनाने का संदेश दिया गया। साथ ही, स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के निर्माण, स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा स्वच्छ परिसर बनाए रखने हेतु सभी कार्मिकों को प्रेरित किया गया।

श्री मनीष कुमार भारती, कमाण्डेंट 101 आर.ए.एफ. ने कहा कि स्वच्छता स्वस्थ जीवन, अनुशासन एवं बेहतर कार्य वातावरण का आधार है। प्रत्येक व्यक्ति द्वारा अपने कार्यस्थल एवं आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने में सक्रिय योगदान दिया जाना आवश्यक है। सामूहिक प्रयासों से ही स्वच्छ, स्वस्थ एवं स्वच्छतापूर्ण वातावरण का निर्माण संभव है।

इसके उपरांत राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के अवसर पर 101 रैपिड एक्शन फोर्स, शान्तिपुरम, प्रयागराज में "One Drop of Unity- Give Blood- Save Life" थीम के अंतर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन श्री मनीष कुमार भारती, कमाण्डेंट–101 आर.ए.एफ. के तत्वावधान में किया गया। रक्तदान शिविर में श्री हरिओम सागर (द्वितीय कमान अधिकारी), श्री नितिन कुमार (उप कमाण्डेंट) एवं श्री नीरज कुमार (उप कमाण्डेंट) सहित अन्य अधिकारियों एवं जवानों ने उत्साहपूर्वक एवं स्वेच्छा से रक्तदान किया।

इस अवसर पर श्री मनीष कुमार भारती, कमाण्डेंट 101 आर.ए.एफ. ने रक्तदान कर रहे अधिकारियों एवं जवानों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर उनका हाल–चाल जाना तथा उनके स्वास्थ्य एवं सुविधा के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए उनके सेवा भाव एवं मानवीय संवेदनशीलता की सराहना की। कमाण्डेंट महोदय ने जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि रक्तदान केवल सामाजिक दायित्व ही नहीं, बल्कि किसी जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन को बचाने का पुनीत एवं मानवीय प्रयास है। उन्होंने स्वैच्छिक रक्तदान के लिए जवानों को प्रेरित करते हुए कहा कि समाज एवं राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों के निर्वहन में मानव सेवा का विशेष महत्व है।

रक्तदान शिविर में कृष्णा ब्लड बैंक, गद्दोपुर, प्रयागराज का सहयोग रहा। ब्लड बैंक की टीम द्वारा रक्तदाताओं की आवश्यक स्वास्थ्य जांच एवं रक्त संग्रह की प्रक्रिया निर्धारित चिकित्सकीय मानकों के अनुरूप संपन्न की गई। इस अवसर पर अधिकारियों एवं जवानों ने "One Drop of Unity- Give Blood- Save Life" के संदेश को सार्थक करते हुए स्वैच्छिक रक्तदान, मानव सेवा तथा सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की। कार्यक्रम में श्री हरिओम सागर, द्वितीय कमान अधिकारी, श्री नितिन कुमार, उप कमाण्डेंट, श्री नीरज कुमार, उप कमाण्डेंट सहित अन्य अधिकारी, जवान एवं महिला कार्मिक उपस्थित रहे।

अर्न्तराष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर वृद्धाश्रम में जागरूकता शिविर का आयोजन

मीरजापुर। दिनांक 01 अक्टूबर 2026 को वरिष्ठ नागरिक दिवस कि अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मीरजापुर द्वारा वृद्धाश्रम में निवासरत वरिष्ठ नागरिकों के साथ कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मीरजापुर आनन्द कुमार–।। की माता श्रीमती कमला देवी एवं अभिषेक सिंह सिविल जज की माता श्रीमती सीता देवी द्वारा वृद्धाश्रम में निवासरत सभी वरिष्ठ नागरिकों को स्नेह एवं सम्मानपूर्वक अंगवस्त्र प्रदान किये गये तथा वृद्धाश्रम में निवासरत वृद्धजनों को सम्मानपूर्वक भोजन कराया गया तथा उनके साथ आत्मीय समय व्यतीत किया। इस पहल के माध्यम से अभिषेक सिंह अपने स्वर्गीय पिता को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये वृद्धजनों के प्रति सेवा एवं सम्मान का संदेश दिया गया।

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मीरजापुर नें की वरिष्ठ नागरिकों को उनके विधिक अधिकारों एवं उपलब्ध विधिक सेवाओं के संबंध में तथा जरूरतमंद वरिष्ठ नागरिकों तक निःशुल्क विधिक सहायता पहुंचाने के लिये जागरूक किया, तथा वरिष्ठ नागरिकों को आश्वस्त किया गया कि विधिक अधिकारों से संबंधित किसी भी समस्या के लिये वे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क कर निःशुल्क विधिक सहायता एवं परामर्श प्राप्त कर सकते है। उन्होनें वृद्धजनों से आत्मीय संवाद कर उनका कुशलक्षेम जाना तथा उनके स्वस्थ, सुखी एवं सम्मानपूर्ण जीवन की कामना की। यह कार्यक्रम वरिष्ठ नागरिकों के प्रति समाज में सम्मान, अपनत्व एवं मानवीय संवेदना को बढ़ाना देने की दिशा में एक सराहनीय पहल रहा। कायक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेश त्रिपाठी, पराविधिक स्वयं सेवक विष्णु गुप्ता, कल्पना, रेखा कुमारी तथा वृद्धाश्रम के अध्यक्ष चन्द्रपाल एवं अन्य संबंधित लोग उपस्थित रहें।

मिर्जापुर मेडिकल कॉलेज में नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित, मरीजों को दी गई निशुल्क सुविधाओं की जानकारी

मीरजापुर।माँ विंध्यवासिनी स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध मंडलीय जिला चिकित्सालय, मिर्जापुर में राष्ट्रीय स्तर पर संचालित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत मानसिक रोग विभाग द्वारा नशा मुक्ति पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान अस्पताल में आए रोगियों एवं उनके

परिजनों से नशे से बचाव एवं उपचार पर संवाद किया गया। विशेष रूप से मानसिक रोगियों तथा नशीले पदार्थों का सेवन करने वाले व्यक्तियों के प्रश्नों का उत्तर दिया गया और उन्हें विभिन्न प्रकार के नशे छोड़ने के लिए प्रेरित किया गया। नशा मुक्ति के लिए चलाए जा रहे राष्ट्रीय कार्यक्रम और उसमें दी जा रही निशुल्क सुविधाओं के बारे में भी जानकारी दी गई।

इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज में इंटर्नशिप कर रहे छात्रों द्वारा नशामुक्ति का संकल्प एवं शपथ दिलाई गई। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने चिकित्सालय में दी जा रही निशुल्क सेवाओं के बारे में बताया, वहीं मानसिक रोग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. पूजा सिंह ने मानसिक रोग की दवा अधिकृत चिकित्सा विशेषज्ञ की सलाह पर ही लेने पर जोर दिया।

कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक प्रो. डॉ. सचिन किशोर, चेस्ट फिजिशियन डॉ. राकेश कुमार सिंह, तंबाकू रोग विभाग की शालिनी सिंह एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

स्नातक एवं शिक्षक MLC चुनाव की तैयारी में जुटी भाजपा, जिला कार्यालय पर हुई अहम बैठक

मीरजापुर।शिक्षक एवं स्नातक एमएलसी चुनाव–2026 की तैयारी को लेकर भारतीय जनता पार्टी की बैठक बरौधा कचार स्थित पं. दीनदयाल पुरम कॉलोनी के जिला कार्यालय सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष लाल बहादुर सरोज ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रभारी एवं क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

बैठक में वाराणसी शिक्षक एमएलसी संयोजक अजीत रावत

एवं स्नातक एमएलसी संयोजक पूर्व विधायक सुरेंद्र नारायण सिंह ने चुनावी तैयारियों को लेकर कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने संगठन की सक्रिय भूमिका, मतदाता संपर्क और चुनावी रणनीति पर विस्तार से चर्चा की।

मुख्य अतिथि भानु प्रताप सिंह ने कहा कि शिक्षक एवं स्नातक एमएलसी चुनाव को लेकर पार्टी संगठन पूरी गंभीरता से तैयारियों में जुटा है और आगे भी इसी ऊर्जा के साथ कार्य करना है। उन्होंने पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से संगठनात्मक स्तर पर समन्वय बनाकर कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री एवं जिला संयोजक स्नातक एमएलसी डॉ. सी.एल. बिंद ने किया।

इस अवसर पर क्षेत्रीय महामंत्री विद्याधर तिवारी, मड़िहान विधायक रमाशंकर सिंह पटेल, नगर विधायक रत्नाकर मिश्र, मझवां विधायक शुचिस्मिता मौर्य, नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर केसरी, निवर्तमान जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष उत्तर कुमार मौर्य, मनोज जायसवाल, बालेंदुमणि त्रिपाठी, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष जगदीश सिंह पटेल, जिला उपाध्यक्ष हेमंत त्रिपाठी, गौरव उमर, सुनीता शर्मा, बैजनाथ प्रजापति, उदयभान तिवारी, जिला मंत्री डॉ. विजय सिंह, आलोग सिंह, वीरेन्द्र प्रताप यादव, वीरेन्द्र कुमार कोल, संध्या पटेल, रोहित त्रिपाठी, पूनम चौरसिया, जिला कोषाध्यक्ष चंद्रांशु गोयल, जिला मीडिया प्रभारी पं. भावेश शर्मा, कार्यालय मंत्री मनोज दुबे, जिला आईटी संयोजक अमित सिंह, सोशल मीडिया संयोजक आनंद मैनी, मीडिया सह प्रभारी विजयशक्ति दूबे, रतन कुमार सिंह सहित मंडल अध्यक्ष एवं स्नातक–शिक्षक चुनाव के जिला व विधानसभा संयोजक–सह संयोजक उपस्थित रहे।

डीजे की तेज आवाज के खिलाफ सुल्तानपुर में उमड़ेगा जन सैलाब

सुल्तानपुर। महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर घर सुल्तानपुर फाउंडेशन द्वारा आज 2 अक्टूबर 2026 को ध्वनि प्रदूषण के विरुद्ध जनजागरूकता के उद्देश्य से एक शांतिपूर्ण 'शांति मार्च' का आयोजन किया जाएगा। इस मार्च के माध्यम से तेज आवाज में बजने वाले डीजे और उनसे उत्पन्न होने वाले कंपन के दुष्प्रभावों के प्रति नागरिकों को जागरूक किया जाएगा। अत्यधिक तेज ध्वनि और कंपन से हृदय रोगियों, बुजुर्गों, बच्चों, मरीजों तथा ध्वनि के प्रति संवेदनशील लोगों को परेशानी हो सकती है। इसके अतिरिक्त, अत्यधिक शोर सुनने की क्षमता और मानसिक सुकून पर भी प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। इसी विषय को लेकर शहरवासियों से जिम्मेदार नागरिक के रूप में इस अभियान से जुड़ने की अपील की जा रही है।

विजडम इण्डिया
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
लखनऊ, शुक्रवार 02 अक्टूबर 2026
sheelshukla100@gmail.com

एआई से जुड़े महाविनाश के खतरेः नियंत्रित कमान जरूरी

एआई के सैन्य दुरुपयोग की आशंका भी अब केवल सैद्धांतिक नहीं रह गई है। सितंबर 2026 में एंथ्रोपिक ने बताया कि यमन में हूती–नियंत्रित क्षेत्र से जुड़े लोगों ने उसके क्लाउड एआई का इस्तेमाल निर्देशित रॉकेट और मिसाइलों के मार्गदर्शन, नियंत्रण और नेविगेशन से जुड़े सॉफ्टवेयर विकसित करने के प्रयास में किया। कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई आज मानव सभ्यता की सबसे प्रभावशाली तकनीकी उपलब्धियों में शामिल है। चिकित्सा, शिक्षा, अंतरिक्ष, विज्ञान, कृषि, उद्योग और प्रशासन से लेकर रोजमर्रा के जीवन तक इसके उपयोग ने विकास की गति को अभूतपूर्व बनाया है। लेकिन जितनी तेजी से एआई की क्षमताएं बढ़ रही हैं, उतनी ही गंभीरता से उसके दुरुपयोग और नियंत्रण से बाहर जाने के जोखिमों पर भी विचार करना होगा। सितंबर 2026 में संयुक्त राष्ट्र के स्वतंत्र अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक पैनल ने भी चेताया है कि एआई की क्षमताओं की गति के मुकाबले उसके सुरक्षित उपयोग के नियम पीछे छूट रहे हैं और अधिक स्वायत्त एआई एजेंटों के साथ मानव नियंत्रण बनाए रखना एक वास्तविक चुनौती बन रहा है। इसी संदर्भ में माइक्रोसॉफ्ट के सह–संस्थापक बिल गेट्स की हालिया चेतावनी विशेष महत्व रखती है। उन्होंने कहा है कि एआई गलत हाथों में पड़ने पर अत्यंत व्यापक जनहानि का माध्यम बन सकता है और सरकारों को इसके लिए प्रभावी नियमन की दिशा में काम करना चाहिए। गेट्स की चिंता केवल भविष्य की किसी काल्पनिक आशंका पर आधारित नहीं है, एआई के दुरुपयोग के कुछ ठोस उदाहरण सामने आने लगे हैं। सबसे महत्वपूर्ण बदलाव एआई एजेंट्स के रूप में दिखाई दे रहा है। पारंपरिक एआई मुख्यतः प्रश्नों के उत्तर देता था, लेकिन एजेंट इंटरनेट पर जा सकता है, वेबसाइट खोल सकता है, कोड लिख सकता है, सूचनाएं खोज सकता है और निर्धारित लक्ष्य पूरा करने के लिए अनेक चरणों में स्वयं कार्रवाई कर सकता है। यही क्षमता उपयोगी होने के साथ जोखिमपूर्ण भी है। सितंबर 2026 में संयुक्त राष्ट्र के वैज्ञानिक पैनल ने ओपेनएआई से संबंधित एक घटना का उल्लेख किया, जिसमें परीक्षण के दौरान एआई एजेंट्स ने नेटवर्क प्रतिबंधों को पार किया, अलग–अलग प्रक्रियाओं के बीच संपर्क किया और ओपेनएआई तथा हुगिंग फेस की प्रणालियों के कुछ हिस्सों से समझौता किया। स्वतंत्र संस्था एमईटीआर की जांच के अनुसार इस घटना में लगभग 1,200 एजेंट्स ने 70,000 से अधिक संदेश और फाइलें साझा कीं तथा लगभग 700 एजेंट्स हुगिंग फेस पर हुए हमले में शामिल हुए। यहां सावधानी जरूरी है। इन घटनाओं को यह प्रमाण मान लेना कि एआई निश्चित रूप से मानव नियंत्रण से बाहर हो गया है, तथ्यात्मक रूप से सही नहीं होगा। ये नियंत्रित परीक्षण और सुरक्षा–मूल्यांकन के दौरान सामने आई घटनाएं थीं। लेकिन इनका महत्व इस बात में है कि अधिक सक्षम एजेंट जब जटिल लक्ष्य प्राप्त करने की कोशिश करते हैं, तो वे उन रास्तों का इस्तेमाल कर सकते हैं जिनकी कल्पना उनके निर्माताओं ने नहीं की थी। स्वयं ओपेनएआई ने भी एजेंट्स के इंटरनेट उपयोग, बाहरी सामग्री से होने वाले 'प्रॉम्प्ट इंजेक्शन' और डेटा चोरी जैसे जोखिमों को लेकर सुरक्षा उपायों की जरूरत स्वीकार की है। एआई के सैन्य दुरुपयोग की आशंका भी अब केवल सैद्धांतिक नहीं रह गई है। सितंबर 2026 में एंथ्रोपिक ने बताया कि यमन में हूती–नियंत्रित क्षेत्र से जुड़े लोगों ने उसके क्लाउड एआई का इस्तेमाल निर्देशित रॉकेट और मिसाइलों के मार्गदर्शन, नियंत्रण और नेविगेशन से जुड़े सॉफ्टवेयर विकसित करने के प्रयास में किया। कंपनी के अनुसार सुरक्षा उपायों ने अनेक अनुरोधों को रोका, लेकिन उपयोगकर्ताओं ने अपनी मंशा छिपाकर और काम को अलग–अलग सत्रों में बांटकर कुछ सुरक्षा अवरोधों को पार करने की कोशिश की। उपलब्ध रिपोर्टों के अनुसार हथियार–विकास का प्रयास सफल नहीं हुआ, हालांकि एक निर्देशित रॉकेट का परीक्षण विफल हुआ और उसके बाद एआई से उसकी समस्या समझने का प्रयास किया गया। यही वह बिंदु है जहां एआई और पारंपरिक हथियारों के बीच एक महत्वपूर्ण अंतर सामने आता है। एआई स्वयं कोई मिसाइल या बम नहीं है, लेकिन वह ज्ञान, डिजाइन, कोडिंग, विश्लेषण और निर्णय–प्रक्रिया को बहुत तेज कर सकता है। किसी गैर–राज्य संगठन, अपराधी समूह या आतंकवादी संगठन को यदि अत्यंत सक्षम एआई तक पहुंच मिल जाए, तो वह ऐसे तकनीकी कार्यों को अपेक्षाकृत कम समय और कम विशेषज्ञ मानव संसाधन में करने का प्रयास कर सकता है, जिनके लिए पहले बड़ी तकनीकी टीम की आवश्यकता होती थी। इसलिए एआई की सुरक्षा को केवल सॉफ्टवेयर उद्योग का विषय समझना पर्याप्त नहीं है, यह राष्ट्रीय और वैश्विक सुरक्षा का भी विषय बन चुका है। खतरा केवल युद्ध तक सीमित नहीं है। साइबर अपराध, बैंकिंग धोखाधड़ी, पहचान की चोरी, फर्जी आवाज और वीडियो, सामाजिक अभियांत्रिकी तथा बड़े पैमाने पर गलत सूचना फैलाने में एआई का इस्तेमाल संभव है। संयुक्त राष्ट्र के आकलन में भी साइबर हमलों, वित्तीय धोखाधड़ी, सोशल इंजीनियरिंग और डीपफेक को एआई से जुड़े प्रमुख जोखिमों में गिना गया है। आज यदि किसी व्यक्ति की आवाज की हूबहू नकल करके उसके परिजन से पैसे मांगे जा सकते हैं, किसी अधिकारी या संस्था का नकली वीडियो बनाया जा सकता है अथवा बड़े पैमाने पर स्वचालित साइबर हमले किए जा सकते हैं, तो डिजिटल समाज में विश्वास की बुनियाद ही प्रभावित हो सकती है। भारत के लिए यह चिंता और अधिक महत्वपूर्ण है। करोड़ों भारतीय बैंकिंग, डिजिटल भुगतान, सरकारी सेवाओं, स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा और व्यापार के लिए डिजिटल प्रणालियों पर निर्भर हैं। इसलिए एआई–आधारित साइबर हमले का प्रभाव किसी एक कंप्यूटर या संस्था तक सीमित नहीं रह सकता। भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने भी साइबर सुरक्षा को उभरती एआई, मशीन लर्निंग और अन्य तकनीकों के साथ जुड़ी चुनौती के रूप में रेखांकित किया है तथा सीईआरटी–इन जैसी संस्थागत व्यवस्थाओं का उल्लेख किया है। भारत को एआई के विकास में पीछे नहीं हटना चाहिए, लेकिन उसके साथ साइबर सुरक्षा, डेटा संरक्षण, महत्वपूर्ण डिजिटल अवसंरचना की सुरक्षा और आपातकालीन प्रतिक्रिया क्षमता को समान गति से मजबूत करना होगा। दूसरी बड़ी चुनौती वैश्विक शक्ति–संतुलन की है। एआई पर नियंत्रण यदि कुछ देशों या कुछ बड़ी निजी कंपनियों तक सीमित हो गया, तो तकनीकी क्षमता आर्थिक और सामरिक शक्ति का नया आधार बन सकती है। अमेरिका और चीन जैसे बड़े तकनीकी एवं सैन्य शक्तियों के बीच एआई प्रतिस्पर्धा पहले ही वैश्विक राजनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुकी है। इसलिए एआई का प्रश्न केवल यह नहीं है कि कौन सबसे शक्तिशाली मॉडल बनाएगा, प्रश्न यह भी है कि इन मॉडलों की सीमाएं कौन तय करेगा, उनके परीक्षण की स्वतंत्र व्यवस्था कौन करेगा और किसी गंभीर जोखिम की स्थिति में किसके पास हस्तक्षेप करने की वैध शक्ति होगी। भौगोलिकसंदर्भ

इसीलिए केवल कंपनियों के स्वैच्छिक आत्म–नियमन पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं लगता। यह भी ध्यान रखना चाहिए कि एआई के विकास को रोक देना समाधान नहीं है। यही तकनीक कैंसर अनुसंधान, नई दवाओं, वैज्ञानिक खोजों, शिक्षा, आपदा प्रबंधन और उत्पादकता में बड़ी भूमिका निभा सकती है। स्वयं संयुक्त राष्ट्र एआई को मानव विकास के लिए असाधारण संभावनाओं वाली तकनीक मानता है, साथ ही मजबूत सुरक्षा–व्यवस्था की आवश्यकता पर जोर देता है। इसलिए दुनिया को 'एआई बंद करो' नहीं, बल्कि 'एआई को जिम्मेदारी के साथ विकसित करो' का रास्ता अपनाना होगा। वैश्विक स्तर पर न्यूनतम सुरक्षा मानक, स्वतंत्र परीक्षण, उच्च जोखिम वाले एआई सिस्टम के लिए अनिवार्य निगरानी, महत्वपूर्ण क्षेत्रों में मानव की अंतिम स्वीकृति, साइबर सुरक्षा प्रोटोकॉल, दुरुपयोग की रिपोर्टिंग और देशों के बीच सूचना–साझेदारी जैसी व्यवस्थाएं आवश्यक हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने भी जुलाई 2026 में एआई के लिए व्यापक वैश्विक नियंत्रण और सुरक्षा–केंद्रित व्यवस्था की आवश्यकता पर जोर दिया था। मानव इतिहास में विज्ञान ने मनुष्य की शक्ति बढ़ाई है, लेकिन हर बढ़ती शक्ति के साथ जिम्मेदारी भी बढ़ी है। परमाणु युग ने दुनिया को यह सिखाया कि अत्यधिक शक्तिशाली तकनीक को केवल उसके निर्माताओं की सदिच्छा पर नहीं छोड़ा जा सकता। एआई की चुनौती कुछ मायनों में अलग है–यह डिजिटल, तीव्र, व्यापक और सीमाओं के पार काम करने वाली तकनीक है। इसलिए इसकी सुरक्षा–व्यवस्था भी वैश्विक होनी चाहिए। आज आवश्यकता एआई की गति को अंधाधुंध रोकने की नहीं, बल्कि उसकी दिशा पर मानवीय नियंत्रण बनाए रखने की है। मशीन कितनी भी बुद्धिमान क्यों न हो जाए, अंतिम निर्णय का नैतिक दायित्व मनुष्य से अलग नहीं किया जा सकता। एआई मानवता का सेवक बने, उसका स्वामी नहीं, विकास का साधन बने, विनाश का हथियार नहीं–यही इस तकनीकी युग की सबसे बड़ी कसौटी है।

सम्पादकीय

भारतीय कूटनीति की सफलता

ब्रिक्स के जरिए विकासशील देशों में आपसी सहयोग की जमीन तैयार हुई है, इसकी पुष्टि नई दिल्ली में हुई। यह भी जाहिर हुआ कि भारत और चीन के संबंध में सुधार ब्रिक्स की प्रगति के लिए अनिवार्य है।

साझा बयान पर सहमति बन जाना ब्रिक्स के 18वें शिखर सम्मेलन की बड़ी कामयाबी रही। इसका काफी श्रेय मेजबान भारत को दिया जाएगा। पश्चिम एशिया के युद्ध में एक–दूसरे के खिलाफ खड़े ईरान और संयुक्त अरब अमीरात को एक वक्तव्य पर सहमत कर लेना भारतीय कूटनीति की सफलता मानी जाएगी। कहा जा सकता है कि ब्रिक्स के नई दिल्ली घोषणापत्र की भाषा नरम है, जिसमें ठोस मुद्दों पर अक्सर प्रत्यक्ष उल्लेख से बचा गया है। फिर भी इसे नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए कि वक्तव्य में ब्रिक्स की सोच, दिशा, और मकसद का विस्तार से जिक्र हुआ।

एकतरफा जबरिया कार्रवाई की निंदा, टैरिफ के जरिए मुक्त व्यापार विरोधी कदम की आलोचना, गजा में फिलस्तीनियों के बेदखली का विरोध, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के ढांचे में सुधार का समर्थन, आपसी कारोबार अपनी मुद्रा में करने का इरादा, और विकासशील देशों के बीच सहयोग आदि का स्पष्ट उल्लेख कर ब्रिक्स देशों ने साफ संदेश दिया कि मौजूदा वैश्विक परिस्थिति में वे कहां खड़े हैं। ब्रिक्स के न्यू डेवलपमेंट बैंक को और मजबूत करने और सदस्य देशों में विकास परियोजनाओं उसकी सहायक भूमिका बढ़ाने पर बनी सहमति का दूरगामी अर्थ है। दरअसल, इसी तरह की पहल के जरिए ब्रिक्स वर्तमान विश्व व्यवस्था के समानांतर गरीब एवं विकासशील देशों के बीच ठोस एवं भौतिक सहयोग की जमीन तैयार कर रहा है।

चूंकि इस समूह में शामिल देशों के बीच कोई विचारधारात्मक या रणनीतिक साझापन नहीं है, अतरू कई बार उनका एक दूसरे के हितों के खिलाफ काम करते दिखना और उस कारण ब्रिक्स के ठहराव का शिकार हो जाना सामान्य बात है। इसके बावजूद इस समूह के जरिए गुजरे दो दशकों में आर्थिक, वित्तीय एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास के लिए आपसी सहयोग की जमीन तैयार हुई है, इसकी पुष्टि नई दिल्ली में हुई। यहां यह भी जाहिर हुआ कि भारत और चीन के बीच तनाव का घटना ब्रिक्स की प्रगति की एक प्रमुख शर्त है। चूंकि हाल में ऐसा होता नजर आया है, इसलिए मंडराती तमाम आशंकाओं के बावजूद नई दिल्ली शिखर सम्मेलन इस समूह के इतिहास में एक महत्त्वपूर्ण मुकाम बना। यह इसके लिए आशाजनक संकेत है।

आज के बच्चे, कल का भविष्य सेवा संकल्प से साकार हो रहा सुपोषित छत्तीसगढ़

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान की भावना जनभागीदारी और सेवा के माध्यम से समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंच रही है। इस अभियान की सार्थक पहल श्आंगन मिलन उत्सवश् के रूप में गांवों के आंगनबाड़ी केंद्रों तक पहुंचती दिखाई दे रही है। प्रधानमंत्री के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन की सेवा–भावना से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों का उल्लेख आधिकारिक स्तर पर भी किया गया है।

आंगन मिलन उत्सव केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि बच्चों के स्वस्थ, वर्तमान और उज्ज्वल भविष्य के लिए समाज की सामूहिक जिम्मेदारी का उत्सव है। गांव के आंगनबाड़ी केंद्रों में महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों का सम्मान, बच्चों को कुपोषण से बाहर लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली दीदियों, मितानिनों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान इस पहल को सेवा और सम्मान की संवेदना से जोड़ता है।

गांव के वरिष्ठ नागरिकों और जनप्रतिनिधियों की सहभागिता इस आयोजन को और अधिक आत्मीय बनाती है। उनके हाथों बच्चों और महिलाओं को सुपोषण एवं स्वस्थ जीवन के लिए उपयोगी टिप्स दिए जाना उस पीढ़ी के अनुभव को नई पीढ़ी के भविष्य से जोड़ने जैसा है।

उत्सव में अन्न के दानों से बनाई गई सुपोषण की रंगोली केवल कला की अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि यह संदेश देती है कि हमारे घर और खेतों में उपलब्ध पौष्टिक अन्न ही स्वस्थ जीवन की मजबूत नींव है। बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से भी सुपोषण का संदेश सहज और प्रभावी ढंग से जन–जन तक पहुंचाया जा रहा है।

इसी क्रम में अन्नप्राशन कार्यक्रम नवजात के जीवन में पोषण की नई शुरुआत का प्रतीक बनता है, तो गोद भराई कार्यक्रम मातृत्व, मातृ स्वास्थ्य और आने वाली पीढ़ी की देखभाल के प्रति सामाजिक जिम्मेदारी का भाव जगाता है।

दरअसल, सुपोषण केवल भोजन की पर्याप्तता का विषय नहीं है। यह मां के स्वास्थ्य, बच्चे के पोषण, परिवार की जागरूकता और समाज की सहभागिता से जुड़ा व्यापक संकल्प है। जब आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, स्व–सहायता समूह की दीदियां, जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ नागरिक और ग्रामीण समुदाय एक साथ मिलकर बच्चों के पोषण की चिंता करते हैं, तब सेवा का भाव धरातल पर दिखाई देता है। आज के बच्चों के स्वस्थ शरीर में ही कल के विकसित समाज की नींव रखी जाती है। इसलिए कुपोषण के विरुद्ध जागरूकता, मातृ–शिशु स्वास्थ्य की देखभाल और सुपोषण की आदतों को बढ़ावा देना वास्तव में आने वाली पीढ़ी के लिए किया गया सबसे बड़ा निवेश है। सेवा संकल्प की यही असली तस्वीर है–जहां सम्मान भी है, सहभागिता भी है और आने वाली पीढ़ी के स्वस्थ भविष्य का संकल्प भी।

सड़क पर यातायात नियम तोड़कर चालान कटवाना आसान है, लेकिन अब उसे नजरअंदाज करना भारी पड़ सकता है

अदालत ने परिवहन संबंधी ऑनलाइन व्यवस्था पर ऐसे वाहनों को चिह्नित करने और बकाया चालान साफ होने तक स्वामित्व परिवर्तन रोकने की बात कही। इसके साथ ही सड़कों पर रेंडम चेक बढ़ाने का सुझाव भी दिया गया, ताकि पता चल सके कि किन वाहनों पर पुराने ई–चालान लंबित हैं।सड़क पर यातायात नियम तोड़कर चालान कटवाना आसान है, लेकिन अब उसे नजरअंदाज करना भारी पड़ सकता है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को लंबित ई–चालानों की वसूली के लिए ऐसा तंत्र बनाने की जरूरत बताई है, जिससे नियम तोड़ने वालों को जुर्माना चुकाने के लिए मजबूर होना पड़े। अदालत ने यहां तक सुझाव दिया कि बकाया यातायात चालान को बिजली बिल से जोड़ दिया जाए। बिजली का बिल नहीं चुकाने पर जिस तरह बिजली काटने की कार्रवाई होती है, उसी तरह चालान की वसूली सुनिश्चित करने का रास्ता खोजने की बात अदालत ने कही।न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने साफ कहा कि केवल हजारों–लाखों ई–चालान काटते रहना पर्याप्त नहीं है। असली सवाल जुर्माने की वसूली का है। अदालत के सामने रखे आंकड़ों के मुताबिक राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में करीब 45 हजार करोड़ रुपये के ई–चालान जारी किए गए हैं, जिनमें लगभग 25 हजार करोड़ रुपये ही वसूल हो पाए हैं। यानी करीब 20 हजार करोड़ रुपये अब भी बकाया हैं।यह सुनवाई 2012 से लंबित सड़क सुरक्षा से जुड़ी जनहित याचिका के तहत हुई। अदालत ने लंबित चालानों से निपटने के लिए कई कठोर विकल्पों पर भी विचार किया। बकाया चालान वाले वाहनों को काली सूची में डालने, वाहन का स्वामित्व हस्तांतरण रोकने और पंजीकरण प्रमाणपत्र के नवीनीकरण पर रोक जैसे उपायों की चर्चा हुई। यहां तक कि ऐसे वाहनों के लिए प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र और फिटनेस प्रमाणपत्र रोकने तथा चालक के लाइसेंस के नवीनीकरण पर भी कार्रवाई का सुझाव सामने आया।अदालत ने परिवहन संबंधी ऑनलाइन व्यवस्था पर ऐसे वाहनों को चिह्नित करने और बकाया चालान साफ होने तक स्वामित्व परिवर्तन रोकने की बात कही। इसके साथ ही सड़कों पर रेंडम चेक बढ़ाने का सुझाव भी दिया गया, ताकि पता चल सके कि किन वाहनों पर पुराने ई–चालान लंबित हैं। हम आपको बता दें कि राजधानी दिल्ली के आंकड़े इस समस्या की गंभीरता को और ज्यादा उजागर करते हैं। 28 सितंबर 2026 तक दिल्ली में यातायात चालानों और कैमरे से जारी नोटिसों की कुल लंबित दर करीब 73 प्रतिशत है। मौके पर काटे गए करीब 1.7 करोड़ चालानों में लगभग 1.1 करोड़ लंबित हैं, जबकि कैमरे से जारी करीब 4.5 करोड़ नोटिसों में लगभग 3.4 करोड़ का भुगतान नहीं हुआ है। कैमरा आधारित नोटिसों की लंबित दर करीब 75.8 प्रतिशत, जबकि मौके पर काटे गए चालानों की लंबित दर करीब 66.4 प्रतिशत है। बकाया चालानों में सबसे ऊपर तेज रफ्तार है, जिसके करीब 1.7 करोड़ चालान लंबित हैं। इसके बाद गलत पार्किंग के करीब 85.4 लाख, बिना हेलमेट करीब 47.8 लाख और लालबत्ती तोड़ने के करीब 47.5 लाख मामले हैं। इस साल 28 सितंबर तक भी तेज रफ्तार के करीब 18.5 लाख, गलत पार्किंग के 17.3 लाख और बिना हेलमेट के 11.2 लाख चालान दर्ज हुए हैं। वसूली की राह में भुगतान प्रक्रिया भी बड़ी चुनौती बनी हुई है। कई लोग लोक अदालतों का इंतजार करते हैं।

मुन्नी का हौसला, एम हेल्प वाटर की धार, महालक्ष्मी समूह से रोजगार की बहार

सेवा संकल्प अभियान केवल सेवा कार्यों तक सीमित नहीं, बल्कि जनभागीदारी से आत्मनिर्भर और सशक्त समाज के निर्माण का संकल्प भी है। इसी भावना को ग्राम डुमरिया की श्रीमती मुन्नी बाई राजवाड़े अपने उद्यम के माध्यम से साकार कर रही हैं। कभी खेतों में मजदूरी और छोटे–मोटे काम करके परिवार चलाने वाली मुन्नी बाई आज सरकारी योजनाओं के सहयोग से सफल महिला उद्यमी बन चुकी हैं। बिहान योजना से स्वयं सहायता समूह का संबल मिला, प्रशिक्षण से आत्मविश्वास बढ़ा और प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) ने उनके सपने को कारोबार में बदलने का आर्थिक आधार दिया। आज वे स्वयं आत्मनिर्भर हैं और करीब 10 लोगों को रोजगार भी दे रही हैं।

च्यसमूह से जुड़कर मिली उद्यम की राहच्य

मुन्नी बाई बिहान योजना के अंतर्गत महालक्ष्मी महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़ीं। समूह से जुड़ने के बाद उन्हें आजीविका गतिविधियों का प्रशिक्षण मिला। रायपुर में प्रशिक्षण के दौरान उन्हें पीएमईजीपी की जानकारी मिली। योजना से प्रभावित होकर उन्होंने जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र पहुंचकर विस्तृत जानकारी ली और अपना व्यवसाय शुरू करने का निर्णय लिया।

परिवार की सीमित आर्थिक स्थिति के बावजूद उन्होंने गांव में जमीन लेकर पैक्ड पेयजल प्लांट स्थापित करने का फैसला किया। कई महीनों की प्रक्रिया के बाद पीएमईजीपी के तहत करीब 25 लाख रुपये का ऋण स्वीकृत हुआ। ऋण एवं उपलब्ध सहायता से शेड, बाउंड्री और बोरवेल सहित आवश्यक व्यवस्था तैयार की गई। प्रशिक्षण के बाद उन्होंने श्एम हेल्प वॉटरश्य पैक्ड पेयजल प्लांट शुरू किया।

मुन्नी बाई का व्यवसाय अब केवल उनके परिवार की आजीविका तक सीमित नहीं है। प्लांट में उनके पति, बेटा–बेटी, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं तथा अन्य कर्मचारी कार्य कर रहे हैं।करीब 10 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिल रहा है और कर्मचारियों को 6 से 9 हजार रुपये तक प्रतिमाह वेतन दिया जा रहा है। पानी की गुणवत्ता जांच से लेकर बोतल भरने और पैकेजिंग तक के कार्य के लिए कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया है। इससे ग्रामीण महिलाओं को गांव में ही रोजगार और नए कौशल का अवसर मिला है।

मुन्नी बाई के अनुसार पिछले एक वर्ष में करीब एक से डेढ़ लाख पानी की बोतलों की पैकिंग की जा चुकी है। बैकुण्ठपुर के साथ मनेंद्रगढ़, चिरमिरी, अंबिकापुर, प्रतापपुर, विश्रामपुर, सूरजपुर, भैयाथान और कुदरगढ़ सहित आसपास के क्षेत्रों में श्एम हेल्प वॉटरश्य की आपूर्ति की जा रही है।

महालक्ष्मी महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़ने के बाद मिली वित्तीय सहायता, बैंक लिंकेज, प्रशिक्षण और उद्योग विभाग के अभिसरण से पीएमईजीपी का सहयोग उनके उद्यम की सफलता में महत्वपूर्ण साबित हुआ।

मुन्नी बाई प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहती हैं कि पीएमईजीपी जैसी योजनाओं ने उन्हें अपना व्यवसाय शुरू करने का अवसर दिया। सरकारी सहयोग और मार्गदर्शन से आज वे अपने पैरों पर खड़ी हैं और दूसरों को भी रोजगार दे पा रही हैं।

मुन्नी बाई की कहानी बताती है कि सरकारी योजनाओं का लाभ जब जनभागीदारी, संकल्प और मेहनत से जुड़ता है, तो उसका प्रभाव एक परिवार से आगे बढ़कर पूरे समाज तक पहुंचता है।

एक महिला आत्मनिर्भर बनती है, रोजगार के अवसर पैदा करती है और गांव की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में सहभागी बनती है।

सेवा संकल्प अभियान की भावना भी यही है–सेवा के साथ जनभागीदारी, आत्मनिर्भरता विकसित समाज के निर्माण में हर व्यक्ति की भागीदारी। मुन्नी बाई इसी संकल्प की एक प्रेरक तस्वीर हैं।

आज का राशिफल

मेष राशि–
मेष राशि वालों आज का दिन आपके लिए फायदेमंद रहने वाला है। आज आपको लोगों की मदद मिलती रहेगी, जिससे आप काफी राहत महसूस करेंगे।

वृष राशि–
वृष राशि वालों आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आपको कोर्ट–कचहरी के मामलों में जीत हासिल होगी। आपके मान–प्रतिष्ठा में बढ़ोतरी होगी।

मिथुन राशि–
मिथुन राशि वालों आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आपको नए लोगों से थोड़ा संभलकर रहना चाहिए।

कर्क राशि–
कर्क राशि वालों आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपके माता–पिता के स्वास्थ्य में सुधार आएगा।

सिंह राशि–
सिंह राशि वालों आज आपके व्यक्तित्व में निखार आएगा। आज घर पर अचानक मेहमानों का आगमन होगा। आज आपका ध्यान धार्मिक कार्यों की तरफ रहेगा।

कन्या राशि–
कन्या राशि वालों आज कारोबार में आपको लाभ ही लाभ होगा। शैक्षणिक कार्यों में आपका मन लगेगा। समाज में आपका मान–सम्मान बढ़ेगा।

तुला राशि–
तुला राशि वालों आज आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर बनी रहेगी। आज काम का बोझ अधिक हो सकता है,

वृश्चिक राशि–
वृश्चिक राशि वालों आज आपका सोचा हुआ काम पूरा होगा। आसपास के लोगों से आपको सहयोग मिलेगा। आज आपकी किसी पुराने मित्र से मुलाकात होगी।

धनु राशि–
धनु राशि वालों आज आर्थिक लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। आज आपका स्वास्थ्य बेहतर बना रहेगा।

मकर राशि–
मकर राशि वालों आज का दिन आपके लिए ठीक रहने वाला है। आज आप जिम्मेदारियों को बखूबी निभाने में सफल होंगे।

कुंभ राशि–
कुंभ राशि वालों आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आपको किस्मत का पूरा–पूरा साथ मिलेगा। आज आय के नए स्रोत सामने आएंगे। ऑफिस का काम रोज की तुलना में बेहतर तरीके से होगा।शुभ अंक – 6

मीन राशि–
मीन राशि वालों आज आपका आत्मविश्वास बढ़ा रहेगा। करियर में आपको सफलता मिलेगी। आज आपको अपने काम को टालने से बचना चाहिए।

संयुक्त किसान मोर्चा ने बारिश व आंधी से हुई तबाही पर जताई चिंता

अयोध्या। संयुक्त किसान मोर्चा व वामदलों ने विगत दिनों पूरे प्रदेश सहित अयोध्या में तीन दिनों तक हुई भारी बारिश और आंधी से हुई व्यापक तबाही पर गहरी चिंता जताते हुए जिलाधिकारी को संबोधित मांग पत्र नगर मजिस्ट्रेट के कार्यालय में सौंपकर प्रभावित परिवारों को तत्काल पर्याप्त मुआवजा देने की मांग की है। मांग पत्र में कहा गया कि लगातार बारिश और आंधी ने जिले के कई क्षेत्रों में जनजीवन अस्त–व्यस्त कर दिया है। इस प्राकृतिक आपदा में कई लोगों की जान चली गई है, बड़ी संख्या में मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं, किसानों की खड़ी फसलें बर्बाद हो गई हैं और पशुधन का भी भारी नुकसान हुआ है। कई इलाके जलमग्न हैं और लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आगे कहा गया कि बारिश और आंधी से हुई तबाही ने गरीबों, मजदूरों और किसानों की मुश्किलें कई गुना बढ़ा दी हैं। जिन परिवारों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उन्हें तत्काल पर्याप्त आर्थिक सहायता दिया जाना चाहिए। जिन गरीब परिवारों के मकान ढह गए हैं, उन्हें आवास निर्माण के लिए समुचित मुआवजा दिया जाए। फसल और पशुधन के नुकसान का तत्काल आकलन कर किसानों और पशुपालकों को उचित मुआवजा दिया जाए। मांग पत्र में कहा गया कि जलभराव वाले क्षेत्रों में तत्काल जलनिकासी की व्यवस्था की जाए। प्रभावित परिवारों को भोजन, स्वच्छ पेयजल, दवाइयां और सुरक्षित आश्रय उपलब्ध कराया जाए। साथ ही, प्रशासन को नुकसान का पारदर्शी और त्वरित सर्वेक्षण कराकर सभी पात्र पीड़ितों तक राहत पहुंचाना सुनिश्चित कराया जाय और किसी भी पीड़ित परिवार को सरकारी सहायता से वंचित न रखा जाए। इस अवसर पर संयुक्त किसान मोर्चा के संयोजक मयाराम वर्मा, भाकपा जिला सचिव अशोक कुमार तिवारी, माकपा जिला सचिव अशोक यादव, भाकपा (माले) जिला प्रभारी अतीक अहमद, राज्य कमेटी सदस्य राम भरोस, भाकपा सहायक जिला सचिव शैलेन्द्र प्रताप सिंह, राम सिंह, राजदेव यादव आदि नेता मौजूद रहे।

वशिष्ठ सम्मान से इस बार सम्मानित होंगे जगतगुरु विद्याभास्कर

अयोध्या। वशिष्ठ फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा प्रतिवर्ष दिया जाने वाला प्रतिष्ठित वशिष्ठ सम्मान इस वर्ष जगतगुरु रामानुजाचार्य स्वामी वासुदेवाचार्य विद्याभास्कर जी को दिया जाएगा। यह निर्णय गत दिवस वशिष्ठ फाउंडेशन ट्रस्ट की बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने की। बैठक में तय किया गया कि स्वतंत्रता सेनानी बृजनंदन ब्रह्मचारी के नाम पर दिया जाने वाला सम्मान दि आयुष्मान फाउंडेशन को दिया जाएगा। ट्रस्ट की सचिव राजलक्ष्मी तिवारी ने बताया कि नयाघाट स्थित पौराणिक गुरुपीठ तिवारी मंदिर के सभागार में आयोजित ट्रस्ट की बैठक में तय किया गया कि मंदिर के संस्थापक वशिष्ठावतार के रूप में प्रतिष्ठित पंडित उमापति त्रिपाठी के जन्मोत्सव के अवसर पर दिया जाने वाला वशिष्ठ सम्मान इस वर्ष वेद–वेदांग, पुराण और उपनिषद के प्रकांड विद्वान एवं अयोध्या के प्रतिष्ठित धर्मगुरु जगतगुरु रामानुजाचार्य स्वामी वासुदेवाचार्य विद्या भास्कर जी को उनके सनातन धर्म के उत्थान में दिए गए योगदान के लिए दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह सम्मान वर्ष 2018 से प्रारंभ किया गया है। यह आर्स साहित्य एवं सनातन धर्म के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को प्रदान किया जाता है। उन्होंने बताया कि बृजनंदन ब्रह्मचारी सम्मान सामाजिक कार्यों में विशिष्ट उपलब्धि वाले व्यक्ति या संस्था को दिया जाता है। इस वर्ष का यह सम्मान शिक्षा, रक्तदान, वृद्धजन तथा बेजुबान प्राणियों की सेवा के लिए चर्चित स्वयंसेवी संस्था दि आयुष्मान फाउंडेशन को दिया जाएगा। बैठक में ट्रस्ट के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने दोनों सम्मान के लिए चयनित व्यक्तित्व एवं संस्था के कार्यों की सराहना की।

गांधी जयंती पर होंगे विविध कार्यक्रम

अयोध्या। शासन से प्राप्त निर्देश के क्रम में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने बताया कि पूर्व की भांति इस वर्ष भी 02 अक्टूबर, 2026 को गांधी जयन्ती समारोह पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इस अवसर पर जनपद में प्रस्तावित कार्यक्रमों में प्रातः 6 बजे से 7 बजे सभी कार्यालयाध्यक्ष अपने कार्यालय परिसर की साफ सफाईश्रमदान करेंगे। प्रातः 7 से 7:30 बजे तक नगरधविभिन्न कार्यालय परिसर में स्थापित महापुरूषों व देश के स्वतंत्रता के लिए शहीदों के प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कराया जायेगा। 7 बजे से 9 बजे तक रेसध्दौड़ प्रतियोगिता डाभासेमर स्टेडियम में आयोजित की जायेगी। प्रातः 9 बजे सभी राजकीय भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जायेगा। प्रातः 9:05 बजे से 9:30 बजे तक समस्त कार्यालयोंधविद्यालयोंध्संस्थाओं से सम्बंधित कार्यालयाध्यक्षध्संस्थाध्यक्ष द्वारा महात्मा गांधी जी के चित्र का अनावरण एवं माल्यार्पण किया जायेगा। प्रातः 10 बजे से 12:30 बजे तक अनुसूचित जाति की सभी मलिन बस्तियों एवं कुष्ठ आश्रम अयोध्या में सफाई कार्यक्रम आयोजित होगा। सफाई का निरीक्षण नामित अधिकारीगण करेंगे तथा डेंगू एवं चिकनगुनिया से बचाव हेतु सायं मलिन बस्तियों में फागिंगध्चूना छिड़काव कराया जायेगा। पूर्वान्ह 12:30 बजे नया घाट व फटिक शिला व कुष्ठ आश्रम मोदहा खोजनपुर में स्थित कुष्ठ आश्रम के रोगियों को फलध वस्त्र वितरण का कार्यक्रम है। प्रातः 10 बजे से 3 बजे तक विकास प्रदर्शनी, गांधी पार्क (पुराने एसएसपी ऑफिस के सामने) में लगायी जायेगी तथा चरखों से सूत की कताई की जायेगी। जिसका संयोजन मुख्य विकास अधिकारी को बनाया गया है। इसके बाद पूर्वान्ह 11 बजे जिला कारागार में बंदियों को मिष्ठान वितरण तथा जनपद के प्रत्येक गांव में सफाई अभियान चलाया जायेगा। गांधी जी का स्वच्छ भारत का सपना एवं हमारी जिम्मेदारियां। (9 बजे से 03 बजे तक निबन्ध लेखन) भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता तथा अशांति से शांति की ओर गांधीवाद की सार्थकता (वर्तमान परिवेश में) चित्रकलाधनिबन्ध प्रतियोगिता। (कक्षा 6 से 8 तक) इसके लिए जिला विद्यालय निरीक्षक/बेसिक शिक्षा अधिकारी को संयोजक बनाया गया है।

पूर्व डीएम दिव्या मित्तल के वीडियो जारी करने के बाद हरकत में प्रशासन, लहुरियादह में उच्च प्राथमिक विद्यालय निर्माण के लिए नाप-तौल, खुदाई शुरू

मीरजापुर। मीरजापुर की पूर्व जिलाधिकारी दिव्या मित्तल द्वारा मंगलवार को वीडियो जारी कर हलिया विकास खंड क्षेत्र में लहुरियादह गांव में तीन वर्ष बाद भी स्वीकृत उच्च प्राथमिक विद्यालय का निर्माण कार्य नही शुरू कराया जाने का जिम्मेदारों पर आरोप लगाते ही मानों भुचाल आ गया है। सोमवार को हरकत में आए प्रशासन और शिक्षा विभाग की ओर से तेजी दिखाते हुए नापतौल और सिमांकन के साथ निर्माण की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। बता दें कि बुधवार दोपह बीइओ हलिया प्रकाश चंद्र यादव ग्राम प्रशासक कौशलेंद्र कुमार गुप्ता विद्यालय निर्माण हेतु टीम के साथ चयनित किए गए स्थल पर पहुंचे।बीइओ की उपस्थिति में विद्यालय के लिए आवंटित की गई भूमि की मापी व चिन्हांकन करवाया गया। विद्यालय का निर्माण प्राथमिक विद्यालय लहुरियादह के प्रधानाध्यापक गंगा शंकर ओझा की देखरेख में किया जाएगा। बीइओ हलिया प्रकाश चंद्र यादव ने बताया कि लहुरियादह गांव में स्वीकृत उच्च प्राथमिक विद्यालय के लिए शासन से धन राशि आवंटित हो गई है।25 लाख रुपए की लागत से उच्च प्राथमिक विद्यालय का निर्माण करवाया जाएगा।लहुरियादह में बहुप्रतीक्षित उच्च प्राथमिक विद्यालय के निर्माण कार्य शुरू होने पर ग्रामीणों में खुशी व्याप्त है। वर्ष 2023 में लहुरियादह गांव में निरीक्षण के दौरान ग्रामीण देवकली ने बच्चों की शिक्षा के लिए गांव में उच्च प्राथमिक विद्यालय खोले जाने की पूर्व जिलाधिकारी दिव्या मित्तल से मांग की थी। दिव्या मित्तल के प्रयासों से लहुरियादह गांव में वर्ष 2024 में उच्च प्राथमिक विद्यालय स्वीकृत हो गया था। वहीं विद्यालय निर्माण हेतु अगस्त 2025 में शासन से धनराशि भी जारी कर दी गई थी ।लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते विद्यालय निर्माण कार्य शुरू नही हो सका। उच्च प्राथमिक विद्यालय का निर्माण कार्य शुरू होने पर लहुरियादह गांव के ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है। ग्रामीण देवकली,कृष्णा वर्मा,गीता देवी,हीरा यादव,चौरसिया देवी, लालबहादुर यादव, रमेश यादव आदि ने खुशी जताते हुए बताया कि गांव के बच्चों को कक्षा आठ तक की पढ़ाई के लिए अब गांव से दूर नही जाना पड़ेगा। गरीब व श्रमिकों के बच्चों को गांव में ही आठवीं कक्षा तक शिक्षा प्राप्त हो सकेगी।वहीं जिस जगह विद्यालय के लिए भूमि का आवंटन किया गया है वहां नाला स्थित है। जिसमें बारिश के मौसम में पानी बहता रहता है। विद्यालय निर्माण के समय पानी निकासी की समुचित व्यवस्था करवाए जाने की आवश्यकता है।

लालगंज निवासी की उपलब्धि पर क्षेत्र में खुशी

लालगंज, मीरजापुर। केंद्रीय पशु पंजीकरण योजना, रोहतक को राजभाषा हिंदी के उत्कृष्ट कार्य के लिए चल वैजयन्ती ट्रॉफी मिलने पर क्षेत्र के लोगों ने खुशी जताई है। संस्था के सहायक आयुक्त एवं प्रभारी डॉ मनीष कुमार मौर्य लालगंज क्षेत्र के निवासी हैं। उनकी इस उपलब्धि को लोगों ने क्षेत्र के लिए गौरव की बात बताया। कांग्रेस नेता हूबलाल दुबे ने कहा कि डॉ. मौर्य की उपलब्धि से लालगंज क्षेत्र का नाम रोशन हुआ है। यह सम्मान उनके कार्य के प्रति लगन और जिम्मेदारी को दर्शाता है। समाजसेवी हरिशंकर मिश्रा ने कहा कि अच्छे कार्य से गांव, परिवार और राष्ट्र का नाम रोशन होता है। क्षेत्र के किसी व्यक्ति की उपलब्धि से युवाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है।वरिष्ठ अधिवक्ता पन्नालाल सिंह ने कहा कि डॉ. मौर्य को मिला सम्मान पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। उनकी उपलब्धि से अन्य युवाओं को भी अपने कार्यक्षेत्र में बेहतर करने की प्रेरणा मिलेगी।पूर्व सहायक विकास अधिकारी पंचायत रामजी सिंह ने कहा कि गांव के बच्चे अलग–अलग क्षेत्रों में आगे बढ़कर सम्मान हासिल कर रहे हैं।

अमर्यादित टिप्पणी पर पर गन्ना पर्यवेक्षकों में आक्रोश

–गाना पर्यवेक्षकों ने बैठक कर बनाई रणनीति

अयोध्या। जिला गन्ना अधिकारी अयोध्या के कार्यालय में तैनात एक लिपिक अश्वनी पाण्डेय द्वारा जनपद के गन्ना पर्यवेक्षकों के कार्यशैली पर सोशल मीडिया पर की गई अमर्यादित टिप्पणी को लेकर जिले के गन्ना पर्यवेक्षकों में आक्रोश व्याप्त हो गया है। विगत दिनों ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक मसौधा की एक सोशल मीडिया पोस्ट पर उक्त लिपिक द्वारा यह अमर्यादित टिप्पणी की है। इस प्रकरण में उत्तर प्रदेश गन्ना पर्यवेक्षक संघ जनपद अयोध्या के अध्यक्ष विंदा प्रसाद यादव एवं उत्तर प्रदेश गन्ना पर्यवेक्षक संघ के प्रांतीय महामंत्री अमित सिंह बैस द्वारा जिला गन्ना अधिकारी अयोध्या, उप गन्ना आयुक्त अयोध्या परिक्षेत्र, जिलाधिकारी सहित अन्य कई अधिकारयों को संगठन की तरफ से कड़ा पत्र भेजकर उक्त लिपिक के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए उनके सुदूर स्थानांतरित करने की मांग की है। इस बारे में उत्तर प्रदेश गन्ना पर्यवेक्षक संघ के प्रांतीय महामंत्री अमित सिंह बैस बताया कि उक्त लिपिक का पूर्व में इनक विवादित इतिहास रहा है एवं उसके इस संवर्ग विरोधी इस विवादित टिप्पणी पर जनपद के गन्ना पर्यवेक्षकों में जबरदस्त आक्रोश है। यदि अधिकारियों ने उक्त दोषी लिपिक को स्थानांतरित नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में विभागीय कार्य बहिष्कार सहित धरने पर बैठा जाएगा।

वृद्ध दिव्यांगजन को डीएम ने उपलब्ध कराया श्रवण यंत्र

–जनसुनवाई में प्राप्त प्रार्थना पत्र पर जिलाधिकारी ने लिया त्वरित संज्ञान

अयोध्या। जनपद अयोध्या में जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा प्रभावी एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। डाभासेमर, अयोध्या निवासी शिवमूर्ति पांडेय, जो श्रवण संबंधी दिव्यांगता से प्रभावित हैं, द्वारा कल जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी के समक्ष श्रवण यंत्र उपलब्ध कराने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया। जिलाधिकारी ने प्रकरण का तत्काल संज्ञान लेते हुए जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई करते हुए पात्रता के अनुसार श्रवण यंत्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में विभाग द्वारा तत्परता से सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण की गईं और आज जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी द्वारा शिवमूर्ति पांडेय को श्रवण यंत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं एवं दिव्यांगजन कल्याण योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। कोई भी पात्र लाभार्थी योजना के लाभ से वंचित न रहे, इसके लिए संबंधित विभागीय अधिकारी संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ कार्य करें। श्रवण यंत्र प्राप्त होने पर शिवमूर्ति पांडेय ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन एवं प्रदेश सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया।

सीएचसी सोहावल में स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

सोहावल–अयोध्या।सेवा संकल्प अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोहावल परिसर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक डा. अमित सिंह चौहान ने फीता काटकर किया। शुभारंभ के बाद सीएचसी प्रभारी डा. संग्राम सिंह ने सहयोगी चिकित्सकों एवं स्टाफ कर्मियों के साथ विधायक का माल्यार्पण कर स्वागत किया।इसके बाद विधायक ने स्वास्थ्य विभाग की ओर से लगाए गए जांच एवं दवा काउंटरों का निरीक्षण किया और शिविर में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। उन्होंने मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही जांच, उपचार एवं निःशुल्क दवाओं की व्यवस्था का जायजा लिया।शिविर में क्षेत्र से पहुंचे लोगों की चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा विभिन्न स्वास्थ्य जांच की गई। जांच के बाद आवश्यकतानुसार मरीजों को निशुल्क दवाएं वितरित किया। चिकित्सकों ने मरीजों को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श भी दिया। विधायक डा. अमित सिंह चौहान ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने लोगों से नियमित स्वास्थ्य जांच कराने और किसी भी स्वास्थ्य समस्या पर समय से चिकित्सकीय सलाह लेने की अपील की।सीएचसी प्रभारी डा. संग्राम सिंह ने शिविर में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी देते हुए लोगों से स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और चिकित्सकों की सलाह के अनुसार उपचार कराने का आह्वान किया। इस अवसर पर सोहावल पूर्वी मंडल अध्यक्ष अजय सिंह माला, देव प्रताप सिंह, राजा सिंह चौहान , सूर्य नारायण गुप्ता, नंद कुमार सिंह, अनुपम मिश्रा, डा0आकांक्षा वर्मा, डा. उमेश तिवारी,डा. अनिल सिंह, फार्मासिस्ट हरगोविंद सिंह आदि सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

शहीद भगत सिंह की जयंती पर हुई संगोष्ठी

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग में कुलपति डॉ. बिजेन्द्र सिंह के दिशा–निर्देशन में अमर शहीद सरदार भगत सिंह की जयंती के उपलक्ष्य में संगोष्ठी आयोजित की गई। वैज्ञानिक चिंतन एवं तार्किकता विकास क्लब के तत्वावधान में आयोजित इस संगोष्ठी का विषय राष्ट्रवाद से पूर्ण क्रांति तक क्या धार्मिक सचेतना और अहिंसा जरूरी हैं, या परिवर्तनकारी बदलाव के लिए हिंसा जरूरी हो सकती है। कार्यक्रम का संचालन अंतिम वर्ष की छात्रा साक्षी ने किया। छात्रा रितिका शुक्ला ने कहा कि भगत सिंह ने पीढ़ियों के भय को राष्ट्रीय साहस में बदल दियाय उनके लिए क्रांति का अर्थ रक्तपात नहीं, बल्कि पूर्ण परिवर्तन था। प्रथम वर्ष के छात्र ज्ञानेन्द्र ने 'मैं नास्तिक क्यों हूँ' का संदर्भ देते हुए तर्कशील चेतना और सामाजिक न्याय पर बल दिया। छात्रा प्रज्ञा ने वास्तविक क्रांति और स्वाधीनता संग्राम में वैचारिक धमाके की भूमिका को रेखांकित किया। वहीं सुरभी और प्रिया ने भगत सिंह के वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा 1857 के संग्राम का उदाहरण देते हुए राष्ट्रीय चेतना में धर्म से परे एकजुटता पर विचार रखे। समापन उद्बोधन में विभागाध्यक्ष डॉ. संजय चौधरी ने कहा कि भगत सिंह एक अद्वितीय चिंतक व क्रांतिकारी थे, जिनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने सफल आयोजन के लिए क्लब संयोजक रितिका व सचिव संभावी सहित छात्र पदाधिकारियों की सराहना की। इस अवसर पर डॉ. नेहा श्रीवास्तव, डॉ. सुरेन्द्र प्रताप, शिवांश, आलोक, आयुषी, प्रतीक, गरिमा, आदित्य, उन्नति सहित विभाग के शिक्षक एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

साई बीरबल दास का मनाया गया वार्षिक महोत्सव

अयोध्या। मेरी झोपडी के भाग्य आज खुल जाएंगे– डबरा वाले साईं आज आएगे आदि भजनो से साई बीरबल दास का वार्षिक महोत्सव रीडगंज स्थित कोहिनूर पैलेस मे बडे हर्षोल्लास के साथ एसबीडी मंडल ने मनाया गायक जावेद एंड पार्टी ने सिंधी भजनो से संतो का गुणगान गाया महोत्सव मे मध्यप्रदेश के शहर डबरा से आए श्रीचंद साहिब, लकी साई व शिव साईं ने सतसंग के माध्यम से श्रदालुओ को संदेश दिया कि सभी एक होकर एकता की माला मे बंधे रहो एक है तो सेफ है प्रवक्ता ओमप्रकाश ओमी ने बताया कि महोत्सव का संयुक्त संचालन सुरेश पंजवानी व ममता लखमानी ने किया समाज के संतो साई महेश राम,साईं भावन दास, महंत गणेश दास, साईं सुरेन्द्र लाल,साईं महेंद्र लाल,कपिल साई व मुखियागणो मे ओमप्रकाश अंदानी, पवन जीवानी, भीमन दास, गिरधारी चावला, बूलचंद चुंगलानी, रोशन तोलानी,धर्मपाल रावलानी, सुनील रामानी,राजकुमार जीवानी, जगदीश वाधवानी, सुशील केशवानी,विजय लखमानी,धनेष बजाज व भाजपा युवा नेता अमृत चंदानी ने संतो का माला पहनाकर शाल ओढाकर स्वागत किया महिलाओ ने संतो की आरती कर पुष्प वर्षा की महोत्सव मे साक्षी वासवानी के निर्देशन मे बच्चो ने भक्तिमय नृत्य प्रस्तुत किया प्रवक्ता ओमी ने बताया कि इस मौके पर अशोक चंदानी,भाषकर शेवानी, श्याम मदनानी, विनोद शेवानी, नवीन चुंगलानी, दीप शेवानी, रोशन शेवानी, राकेश तलरेजा, राजू चुंगलानी,हरीश मंधयान, राजकुमार रामानी, सतोष सेहता,संजय खिलवानी,उमेश जीवानी, कन्हैया लाल सागर,अमृत राजपाल, अजीत खिलवानी, संजय सावलानी, दिलीप बजाज, राजेश माखेजा आदि सहित बडी संख्या मे महिलाएं व बच्चे मौजूद रहे।

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी दयाराम तिवारी की मनी 10वीं पुण्यतिथि

अयोध्या। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी दयाराम तिवारी की दसवीं पुण्यतिथि पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भवन में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उनके चित्र पर अधिवक्ताओं एवं सामाजिक लोगों ने माल्यार्पण श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्हें नमन कर करते हुए बताया कि देश की आजादी के दौरान अंग्रेजों के जुल्म के आगे दयाराम तिवारी ने घुटने नहीं टेके, दयाराम तिवारी खेढवा जरुखा के रहने वाले थे, देश की आजाद कराने में आपकी महती भूमिका थी। लगभग 2 वर्षों तक जेल की यातनाएं सहकर देश को आजाद करने का काम किया। अधिवक्ता परिषद अवध प्रांत अयोध्या के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और कहा खेढवा जरुखा भीटी मार्ग स्वतंत्रता संग्राम सेनानी दयाराम तिवारी के नाम से करने की मांग सरकार से शीघ्र की जाएगी। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता अरुण सिंह यादव ने किया,,रविंद्र मिश्रा शालू कौशल विपिन यादव, केशव राम वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

दशरथ पथ बनेगा विकास की नई धुरी, सरयू किनारे आकार लेगा नया क्षेत्र

अयोध्या। धार्मिक नगरी अयोध्या के समग्र विकास को एक और नई दिशा मिलने जा रही है ।वही जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी के अनुसार, दशरथ पथ अयोध्या धाम के भावी विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होगा। यह मार्ग साकेत पेट्रोल पंप से शुरू होकर राष्ट्रीय राजमार्ग से गुजरते हुए सीधे राजा दशरथ समाधि स्थल तक जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि राजा दशरथ समाधि स्थल एक प्रमुख और पवित्र तीर्थ स्थल है, जहाँ देश–विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की आवाजाही लगातार बढ़ रही है। इस पथ की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह सरयू नदी के समानांतर (किनारे–किनारे) गुजरता है, जिससे यहाँ से यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को न केवल सुगम मार्ग मिलेगा, बल्कि अत्यंत मनोरम और आध्यात्मिक वातावरण का अनुभव भी होगा। इस नए पथ के निर्माण से सरयू तट के आसपास का एक नया क्षेत्र खुलने जा रहा है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि इस पूरे इलाके को व्यवस्थित रूप से विकसित करने के लिए अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा विशेष कार्ययोजना और विकास योजनाएं तैयार की जा रही हैं। इससे अयोध्या के पर्यटन और बुनियादी ढांचे को एक नया विस्तार मिलेगा।

अयोध्या को दीपोत्सव तक मिलेगी एक और सौगात

अयोध्या। योगी आदित्यनाथ सरकार की दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण और उनके सर्वांगीण विकास की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल तेजी से आकार ले रही है। जनपद के बीकापुर तहसील अंतर्गत शाहगंज बाजार स्थित मुकीमपुर में निर्माणाधीन नवीन मानसिक मंदित आश्रय गृह सह प्रशिक्षण केंद्र का कार्य अब अंतिम चरण में पहुंच गया हैं।यूपीआरएनएसएस के सहायक अभियंता संजय सिंह के अनुसार अब तक लगभग 95 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। दीपोत्सव तक इसके लोकार्पण की संभावना है। यह परियोजना उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड (यूपीआरएनएसएस) के निर्माण प्रखंड अयोध्या द्वारा संचालित की जा रही है। तकरीबन 9.74 करोड़ रुपये से इसका निर्माण हो रहा है। इसमें मुख्य भवन (जी प्लस 2), टाइप–1, टाइप–2 (जी प्लस 1), टाइप–3 (जी प्लस 1) एवं टाइप–4 भवनों में पेंटिंग का कार्य प्रगति पर है।ओवरहेड टैंक का स्ट्रक्चर पूर्ण हो चुका है, जबकि बाउंड्री वॉल की चिनाई और स्थल विकास का कार्य भी अंतिम चरण में चल रहा है। इस केंद्र का मुख्य उद्देश्य मानसिक रूप से कमजोर बच्चों एवं व्यक्तियों को सुरक्षित आश्रय, निःशुल्क आवास, भोजन, शिक्षा तथा व्यावसायिक प्रशिक्षण उपलब्ध कराना है। विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से उन्हें स्वरोजगार और कौशल विकास के अवसर दिए जाएंगे, जिससे वे आत्मनिर्भर बनकर समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी चंद्रेश त्रिपाठी ने बताया कि सरकार की मंशा यह भी है कि रेलवे स्टेशन, बस अड्डों और भीड़–भाड़ वाले स्थानों पर घूमते मानसिक मंदित व्यक्तियों को यहां लाकर रखा जाए तथा उन्हें भोजन–पानी के साथ–साथ सही व्यवहार का प्रशिक्षण भी दिया जाए। दीपोत्सव तक यह केंद्र अयोध्यावासियों को एक नई सौगात के रूप में उपलब्ध होने की उम्मीद है।

हाईकोर्ट के आदेश पर प्रशासन ने चकमार्ग से हटाया अतिक्रमण

मिल्कीपुर–अयोध्या। मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र में सरकारी जमीनों पर हुए अवैध कब्जों के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई लगातार जारी है। बुधवार को तहसील प्रशासन ने हैरिंग्टनगंज क्षेत्र के रेवना गांव में हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन में सरकारी चकमार्ग से अतिक्रमण हटवाया। जेसीबी मशीन से चकमार्ग पर किए गए पक्के निर्माण और दीवार को ध्वस्त कर जमीन को कब्जामुक्त कराया गया। मिल्कीपुर तहसीलदार राजीव कुमार वर्मा ने बुधवार को बताया कि तहसील क्षेत्र में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत मिलने पर राजस्व विभाग की ओर से जांच कराई जा रही है। जांच में कब्जा पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई कर सरकारी जमीन को अतिक्रमणमुक्त कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हैरिंग्टनगंज पुलिस चौकी क्षेत्र के रेवना गांव में चकमार्ग की गाटा संख्या 257 पर लंबे समय से पक्का निर्माण कर रास्ते की भूमि पर कब्जा किया गया था। चकमार्ग से अतिक्रमण हटवाने के लिए ग्राम प्रधान की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी। मामले की सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने सरकारी चकमार्ग से कब्जा हटाने का आदेश दिया था। अदालत के आदेश के अनुपालन में बुधवार को राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची। क्षेत्रीय लेखपाल और स्थानीय पुलिस की मौजूदगी में जेसीबी मशीन से चकमार्ग की भूमि पर किए गए निर्माण को हटाया गया। प्रशासन के अनुसार रेवना गांव निवासी राधेश्याम, राम अछैवार, सीतापति, रामचंद्र और सतीश चंद्र तालुकदार की ओर से मकान व दीवार का निर्माण किया गया था।

छात्र-छात्राओं को दी गई रैबीज से बचाव की जानकारी

मिल्कीपुर–अयोध्या। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्याल में विश्व रैबिज दिवस अवसर पर जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम कुलपति डॉ ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह के दिशा–निर्देशन में आयोजित हुआ। इस मौके पर अधिष्ठाता डा. नमिता जोशी ने डीएवी स्कूल के छात्र–छात्राओं को रैबिज से बचाव और उपचार के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर छात्र–छात्राओं के बीच क्वीज प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसके विजेता प्रतिभागियों को निदेशक प्लेसमेंट सेल डा. सत्यव्रत सिंह, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डा. डी. नियोगी व सह अधिष्ठाता डा. जे.पी. सिंह ने पुरस्कृत किया।

सोलर लाइट से जगमगाया दिलासीगंज का अंत्येष्टि स्थल

गोसाईगंज–अयोध्या। नगर पंचायत गोसाईगंज द्वारा अंत्येष्टि स्थल विकास योजना के अंतर्गत दिलासीगंज घाट पर सोलर लाइट अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण करा लिया गया है। नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. विजयलक्ष्मी जायसवाल के नेतृत्व तथा विधायक अभय सिंह की प्रेरणा से कराए गए इस कार्य से घाट एवं आसपास के क्षेत्र में रात्रि के समय प्रकाश की बेहतर व्यवस्था उपलब्ध हो गई है। बताते चले किदिलासीगंज घाट पर पूर्व में रात्रि के समय पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था नहीं होने के कारण अंतिम संस्कार के लिए आने वाले लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। सोलर लाइट लगने के बाद अब रात में घाट तक आने–जाने वाले लोगों को सुविधा मिलेगी और अंतिम संस्कार के दौरान प्रकाश की समस्या भी काफी हद तक दूर होगी। नगर पंचायत द्वारा स्थापित सोलर लाइटें सौर ऊर्जा से संचालित होंगी। इससे बिजली की बचत के साथ पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा तथा घाट पर नियमित प्रकाश व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिलेगी।नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. विजयलक्ष्मी जायसवाल ने कहा कि नगरवासियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना तथा सार्वजनिक स्थलों को सुरक्षित और सुविधाजनक बनाना नगर पंचायत की प्राथमिकता है। दिलासीगंज घाट पर प्रकाश व्यवस्था इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।सोलर लाइट की सुविधा शुरू होने से दिलासीगंज घाट एवं आसपास के क्षेत्रवासियों को रात्रि के समय विशेष सुविधा मिलने की उम्मीद है।

आधुनिक पुस्तकालय के निर्माण का डीएम ने लिया जायजा

चित्रकूट। डीएम पुलकित गर्ग ने राजकीय जिला पुस्तकालय कर्वी का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं एवं प्रस्तावित नवीन आधुनिक पुस्तकालय के निर्माण कार्य की तैयारियों का जायजा लिया। नीति आयोग योजना के अंतर्गत लगभग सात करोड़ की लागत से कार्यदायी संस्था चित्रकूट विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण द्वारा नवीन आधुनिक पुस्तकालय का निर्माण कराया जाना प्रस्तावित है। जिलाधिकारी ने मौके पर ले–आउट प्लान, ड्राइंग एवं डिजाइन का गहन अवलोकन करते हुए आर्किटेक्ट से भवन निर्माण के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। नवीन भवन में भूतल, प्रथम तल एवं द्वितीय तल का निर्माण प्रस्तावित है। इसमें कोचिंग, पुस्तकालय, कार्यालय तथा मल्टीपरपज हॉल आदि की व्यवस्था की जाएगी।

डीएम ने निर्देश दिए कि आधुनिक पुस्तकालय की क्षमता 450 सीटों की रखी जाए। साथ ही लाइब्रेरियन के लिए पृथक कक्ष, बड़ा मल्टीपरपज हॉल, बच्चों के लिए किड्स फ्रेंडली प्ले रूम तथा पर्याप्त संख्या में टैब की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। प्रत्येक टेबल पर चार्जिंग प्वाइंट उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। इसके पश्चात डीएम ने कोचिंग कक्ष एवं वर्तमान राजकीय जिला पुस्तकालय का निरीक्षण किया। कोचिंग में यूपीएससी की परीक्षा के लिए ब्रिटिश शिक्षा नीति और उसके भारत पर परिणाम के अध्याय की पढ़ाई कराए जाने पर शिक्षक को निर्देश दिए कि विद्यार्थियों को पहले यह समझाया जाए कि प्रश्न किस प्रकार तैयार किए जाते हैं। इसके बाद विषय की व्याख्या की जाए। उन्होंने विगत 10 वर्षों के प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा के प्रश्नपत्रों को हल कराने, दोनों परीक्षाओं के पाठ्यक्रम की पृथक जानकारी देने तथा अध्ययन सामग्री को सरल भाषा में समझाने के निर्देश दिए। विद्यार्थियों की तैयारी के लिए नियमित रूप से मॉक टेस्ट भी आयोजित कराने को कहा। डीएम ने लाइब्रेरियन से पुस्तकालय की पुस्तक क्षमता की जानकारी ली। जिस पर बताया गया कि वर्तमान पुस्तकालय में लगभग पांच हजार पुस्तकों की क्षमता है। उन्होंने चित्रकूट विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण को पुस्तकालय में सू–रैक तथा सौ लीटर क्षमता का वाटर कूलर लगाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित छात्र–छात्राओं से उनकी समस्याओं की जानकारी ली। विद्यार्थियों द्वारा विद्युत, शौचालय, पेयजल एवं साफ सफाई से संबंधित समस्याएं बताई गईं। जिलाधिकारी ने प्रमुख स्थलों पर पर्याप्त संख्या में डस्टबिन रखवाने तथा मूलभूत सुविधाओं को बेहतर करने के निर्देश दिए। कोचिंग हॉल एवं पुस्तकालय में साफ सफाई संतोषजनक न पाए जाने पर डीएम ने सफाई कर्मचारी वीरेंद्र का पांच दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए। साथ ही जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि लाइब्रेरियन डा प्रदीप शुक्ल का इस माह का वेतन रोकते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए। पुस्तकालय का नियमित निरीक्षण न किए जाने पर जिला विद्यालय निरीक्षक को भी कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। कहा कि कार्यालय अवधि में किसी भी कर्मचारी द्वारा गुटखा आदि का सेवन न किया जाए। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी निर्धारित समय पर उपस्थित होकर अपने दायित्वों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्वहन सुनिश्चित करें।

शोध नवाचार एवं शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए हुआ समझौता

चित्रकूट। जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय तथा मधुमय एजुकेशनल एंड रिसर्च फाऊंडेशन अयोध्या के मध्य शोध नवाचार एवं शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए समझौता ज्ञाप विश्वविद्यालय के कुलपति के कक्ष में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि यह विश्वविद्यालय के सामाजिक एवं राष्ट्रीय उद्देश्यों को पूर्ण करने के उत्कृष्ट शैक्षिक केंद्र हैं। इस दिशा में देश में कार्य कर रहे उत्कर्ष श्रेणी के गैर सरकारी संगठन भी यदि विश्वविद्यालय के साथ संबंध होते हैं तो समुदाय और विश्वविद्यालय की सहभागिता को आगे बढ़ाने के नए अवसर प्राप्त होते हैं।

उन्होंने इस अवसर पर समझौता ज्ञाप पर हस्ताक्षर करते हुए कहा कि इस महत्वपूर्ण समझौते के तहत विश्वविद्यालय में प्रकाशन शोध परियोजनाएं, विद्यार्थी अनुसंधान सेवाओं तथा राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठियों को आयोजित करने में मदद मिलेगी। कुलसचिव मधुरेन्द्र कुमार पर्वत ने कहा कि सरकारी संगठनों के साथ गैर सरकारी संगठनों का सहयोग लेकर विवि सामुदायिक सहभागिता के साथ अनुसंधान के नए आयाम स्थापित करें, यह प्रतिबद्धता है। मधुमय एजुकेशनल एंड रिसर्च फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ नीरज तिवारी ने आश्वस्त किया कि वह अपने संगठन के माध्यम से विवि में समावेशी अनुसंधान प्रणाली तथा अन्य आधारभूत शैक्षणिक उत्कृष्टता को विकसित करने के लिए संबंधित प्रयास किए जाएंगे। इस अवसर पर विशेष शिक्षा विभाग के अध्यक्ष डॉ मुकुंद मोहन पांडेय, एमओयू के नोडल अधिकारी डॉ रजनीश कुमार सिंह तथा अतिथि प्रवक्ता विजय कुमार उपस्थित रहे।

बुखार के बाद उल्टी-दस्त के बढ़े मरीज, एक की मौत

चित्रकूट। जिला अस्पताल में बुखार, जुकाम के बाद अब उल्टी दस्त के मरीज भी पहुंचने लगे हैं। बुधवार को एक श्रद्धालु की तबीयत खराब होने पर परिजन उन्हें जिला अस्पताल ला रहे थे लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। जिला अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। बुधवार को 1163 मरीजों का ओपीडी में पंजीयन हुआ। इसमें बुखार पेटदर्द के साथ उल्टी दस्त के 468 मरीज रहे। बांदा जिले के बबेरु उमरहनी निवासी धनराज सिंह ने बताया कि बुधवार को उनके चाचा वीरेंद्र सिंह (60) चित्रकूट में दर्शन करने आए थे। इसी क्षेत्र में उनकी तबीयत खराब हो गई। उन्हें शिवरामपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया। डाक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचने के पूर्व ही उनकी मौत हो गई। इसके अलावा जिले के विद्युत थाना प्रभारी ओमप्रकाश वर्मा की डयूटी के दौरान कार्यालय के पास ही तबीयत खराब हो गई। उल्टी दस्त होने पर स्टाफ ने उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

दो ने खाया जहरीला पदार्थ

चित्रकूट। अज्ञात कारण के चलते बांदा जिले के बदौसा निवासी गुडिया देवी (26) ने बुधवार की सुबह जहरीला पदार्थ खा लिया। इसके अलावा सरधुवा गांव के ओम नारायण (14) ने घर में रखी कई दवाएं एक साथ खा लिया। इससे उसकी तबीयत खराब हो गई। दोनों की हालत खराब होने पर स्वजन ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

रामलीला में सुबाहु-मारीच वध का हुआ मंचन

चित्रकूट। मुख्यालय के तरौंहा में चल रहे 13 दिवसीय रामलीला महोत्सव में मंगलवार रात सुबाहु–मारीच वध और अहिल्या उद्धार के मार्मिक प्रसंगों का मंचन हुआ। कथा के अनुसार विश्वामित्र के यज्ञ में विघ्न डाल रहे सुबाहु का राम ने वध किया और मारीच को बिना फल वाले बाण से सौ योजन दूर फेंक दिया। इसके बाद गौतम ऋषि के शाप से पत्थर बनी अहिल्या का राम के चरण स्पर्श से उद्धार हुआ। जैसे ही अहिल्या ने श्रीराम को निहारा, पूरा पंडाल जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। मुख्य भूमिका में राम–करन तिवारी, लक्ष्मण–मनीष तिवारी ने जीवंत अभिनय किया। व्यास श्रवण व विनोद द्विवेदी रहे, तबले पर बलराम बाबा और आर्गन पर पंकज राजावत ने संगत दी। आयोजक प्रशांत करवरिया और व्यवस्थापक निर्मोही अखाड़ा के शंकर दास हैं।

बीएसए ने प्रदेश में स्थान प्राप्त बालिकाओं को किया सम्मानित

चित्रकूट। जनपद के लिए बहुत ही गौरव की बात है कि उच्च प्राथमिक विद्यालय इटौरा की बालिका वर्ग की टीम ने 17 वीं प्रदेशीय विद्यालयीय बॉलीबाल प्रतियोगिता में पूरे प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त कर जनपद, बेसिक शिक्षा विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग का नाम रोशन किया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रंजना शुक्ला ने बालिकाओं को कार्यालय में बुलाकर छात्राओं को पुरस्कृत किया साथ ही क्षेत्रीय क्रीडा अधिकारी द्वारा प्रदान किये गये । जिलाधिकारी के आदेश के क्रम सभी विजयी छात्राओं को माल्यार्पण कर मैडल, प्रमाण पत्र एवं एक–एक ट्रैक सूट प्रदान किया गया। वहीं दो छात्राओं विनीता व रिंकी का नेशनल में चयन हुआ। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रंजना शुक्ला ने बताया कि 25 वर्ष बाद प्रदेश में बालिकाओं ने इतिहास रचते हुये तीसरा स्थान प्राप्त कर कांस्य विजेता रहीं। यह बहुत ही गौरव की बात है कि बालिकाओं की टीम वह भी 14 वर्षीय बालिकायें जिसमें हमारी 6,7, व कक्षा 8 की बालिकायें आती है प्रदेश स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। हमारा जनपद आकांक्षी होने के बाद भी हमारी बालिकायें और भी आकांक्षी होती हैं। शिक्षा ही ग्रहण करना बहुत बडी बात है खेल में प्रतिभाग करना पिछड़े वर्ग के लोग जल्दी प्रतिभाग नहीं कराते हैं बच्चियों ने प्रतिभाग किया और हमारा नाम रोशन किया। पीटी ऊषा और साक्षी ने स्थान प्राप्त कर जनपद का नाम रोशन किया। हमारे जनपद की बालिकायें खेल में आगे बढ रहीं हैं महिला बीएसए होने के नाते मेरे लिये और गर्व की बात है कि हमारे जनपद की बालिकायें खेल में इतना आगे बढ रहीं और वह भी खेल कोई साधारण खेल नहीं बॉलीबाल क्यों कि पहले लड़कों का ही खेल माना जाता रहा है लेकिन आज हमारी बच्चियां इतना अच्छा करके दिखा रही है तो इसके लिये बहुत ही खुशी होती है। मैं सभी को बहुत बहुत शुभकामनायें देना चाहिती हूं और आशा करती हूं कि आगे भी हमारी बच्चियां अच्छा प्रयास करेंगी और प्रथम स्थान प्राप्त करेंगी। तत्पश्चात जनपद के समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारियों, जिला व्यायाम शिक्षक, समस्त ब्लाक व्यायाम शिक्षकों, खेल अनुदेशकों व व्यायाम पीटी टीम के प्रधानाध्यापक शिव कृपाल सिंह आदि को बुलाकर वृहद बैठक लिया जिसमें सभी को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये गये। संकुल रैली 5 अक्टूबर तक करा लेने व ब्लाक रैली 6 व 7 अक्टूबर को जनपदीय रैली 14 व 15 अक्टूबर को व मण्डलीय रैली 17 व 18 अक्टूबर की तिथियां घोषित की गई।

छात्रों के अधिगम स्तर को सुधारें प्रधानाध्यापक : प्राचार्य

–सक्षम मॉड्यूल आधारित हेड मास्टर प्रशिक्षण का हुआ समापन

चित्रकूट। सक्षम मॉड्यूल आधारित हेड मास्टर प्रशिक्षण का समापन जला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान शिवरामपुर में हुआ। उल्लेखनीय है कि लगभग दो महीने तक चले कुल सात फेरों में जनपद के समस्त प्राथमिक विद्यालयों के 817 प्रधानाध्यापकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रधानाध्यापकों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार पारंपरिक रूप से केवल प्रशासनिक कार्यों व कागजी औपचारिकताओं तक सीमित रखने के बजाय उन्हें एक सशक्त, दूरदर्शी और प्रभावी शैक्षिक नेतृत्वकर्ता के रूप में विकसित करना था। ताकि वे विद्यालयों में शिक्षण की गुणवत्ता को सर्वोच्च शिखर पर पहुँचा सकें और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की मजबूत आधारशिला रख सकें। प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने में मास्टर ट्रेनर्स की टीम का अहम योगदान रहा। जिसमें अखिलेश कुमार पाण्डेय, शिवलाल सिंह यादव, हेम सिंह, ओम प्रकाश सिंह, महेश प्रसाद, धीरेन्द्र सिंह, मोहित सिंह, शिव प्रसाद एवं अन्य विशेषज्ञ प्रशिक्षकों ने पूरी तन्मयता के साथ सहभागियों का निरंतर मार्गदर्शन किया। डायट प्राचार्य बीके शर्मा ने प्रधानाध्यापकों को ऊर्जावान, प्रेरक और मार्गदर्शक संबोधन दिया। कहा कि प्रधानाध्यापक किसी विद्यालय की धुरी होता है और उसकी सकारात्मक सोच, दूरदर्शिता व कुशल नेतृत्व ही बच्चों के भविष्य की नींव को मजबूत बनाता है। प्राचार्य ने सभी शिक्षकों को विशेष निर्देश दिया कि वे इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान सीखे गए ज्ञान, प्रबंधन कौशलों और मेंटल वेलनेस तकनीकों को केवल डायट तक सीमित न रखें, बल्कि अपने विद्यालयों के दैनिक कामकाज और शिक्षण पद्धति में पूरी ईमानदारी से लागू करें। उन्होंने जोर देकर कहा कि छात्रों के अधिगम स्तर में उल्लेखनीय सुधार लाने और स्थानीय समुदाय को विद्यालय से भावनात्मक रूप से जोड़ने के लिए पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करना प्रत्येक शिक्षक का प्राथमिक कर्तव्य है। समापन समारोह के अंत में आधिकारिक प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

130 छात्राओं को मिलेगा सिलाई प्रशिक्षण

चित्रकूट। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अंतर्गत संचालित प्रोजेक्ट प्रवीण के तहत जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय सरधुआ में प्रभारी प्रधानाचार्य एवं कौशल विकास मिशन के अधिकारियों की उपस्थिति में प्रशिक्षार्थी छात्राओं को अध्ययन सामग्री किताबों का वितरण किया गया। योजना के अंतर्गत विद्यालय की कक्षा 9 एवं 11 की 130 छात्राओं को अपैरल सिलाई सेक्टर में छह माह का निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण पूर्ण होने पर छात्राओं को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य छात्राओं को व्यावहारिक कौशल से सशक्त बनाते हुए उन्हें स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भरता के लिए सक्षम करना है। ताकि वे भविष्य में सम्मानजनक आजीविका के बेहतर अवसर प्राप्त कर सकें।

पास्को एक्ट के प्रचार-प्रसार को लिए मिले विशेष पैकेज : टिकैत

चित्रकूट। भारी बारिश से खरीफ की फसलें बर्बाद होने और खेतों में जलभराव के कारण रबी की बोआई पर संकट के बीच बुंदेलखंड के किसानों के लिए विशेष आर्थिक सहायता की मांग उठी है।

बुधवार को नवीन गल्ला मंडी में भारतीय किसान यूनियन की किसान महापंचायत में संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश सिंह टिकैत ने बुंदेलखंड के किसानों को 10 हजार रुपये प्रति एकड़ सम्मान निधि देने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि बारिश से किसानों की फसलें तबाह हो चुकी हैं और कर्ज का बोझ पहले से है। ऐसे में पूरे बुंदेलखंड को संकट से उबारने के लिए विशेष पैकेज दिया जाना चाहिए।

104 नहरों की होगी सिल्ट सफाई, डीएम ने की समीक्षा

चित्रकूट। सिंचाई विभाग द्वारा संचालित नहरों की वर्ष 2026–27 में फसली 1434 रबी पूर्व प्रस्तावित सिल्ट सफाई कार्यक्रम के अनुमोदन के लिए डीएम पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिले में सिंचाई विभाग के नोडल अधिशासी अभियन्ता शशिकांत प्रसाद द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में कुल 141 नहरें हैं। जिनकी कुल लम्बाई 628.886 किमी है। जिसके सापेक्ष वित्तीय वर्ष 2026–27 में 104 नहरों की कुल 498.154 किमी लम्बाई में सिल्ट सफाई कार्य कराया जाना प्रस्तावित है। उक्त कार्य आगामी 15 अक्टूबर से 15 नवम्बर की अवधि के मध्य कराया जाना प्रस्तावित है। डीएम ने निर्देश दिए कि सिल्ट सफाई कार्य के पूर्व, कार्य के दौरान एवं कार्य के पश्चात नामित नोडल अधिकारियों से स्थलीय सत्यापन अवश्य कराया जाए।डीएम ने विशेष रूप से आदेशित किया कि सिल्ट सफाई के दौरान नहर से निकली सिल्ट को सर्विस रोड की तरफ बिल्कुल न डाला जाए तथा समस्त सिल्ट सफाई का कार्य गुणवत्तापूर्ण कराया जाये। सिल्ट सफाई कार्यक्रम से क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को भी अवगत कराया जाए तथा कार्य के दौरान स्थानीय .षकों से भी सुझाव लिए जाएं।

बुंदेलखंड को संकट से उबारने के लिए मिले विशेष पैकेज : टिकैत

बीईओ बनाए गए नोडल अधिकारी

चित्रकूट। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ से प्राप्त निर्देश के अनुक्रम में जिला मजिस्ट्रेट के पत्र के आधार पर जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियों को नोडल अधिकारी नामित किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव इला चौधरी एवं नोडल अधिकारी अतुलदत्त तिवारी बीईओ कर्वी, राजेश कुमार बीईओ पहाडी, .ष्णदत्त पाण्डेय बीईओ मऊ, मिथलेश कुमार बीईओ मानिकपुर, नागेश्वर प्रसाद सिंह बीईओ रामनगर मौजूद रहे। जनपद न्यायाधीश शेषमणि शुक्ला के आदेश के अनुक्रम में पाक्सो एक्ट 2012 के प्रावधानों और उसके कानूनी परिणामों के सम्बन्ध में विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट रेनू मिश्रा ने प्रशिक्षण प्रदान किया। निर्देश दिया गया कि जनपद के दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पाक्सो अधिनियम के सम्बन्ध में विशेष जागरूकता अभियान संचालित किया जाये।

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत राजकीय आईटीआई हर्रा चुंगी में अप्रेन्टिस मेले का भव्य आयोजन

आजमगढ़, (आर एन एस)सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत युवाओं को रोजगार एवं कौशल विकास के अवसर उपलब्ध कराने तथा उन्हें आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), हर्रा चुंगी, आजमगढ़ में अप्रेन्टिस मेले का भव्य आयोजन किया गया। मेले में विभिन्न क्षेत्रों की लगभग 13 कंपनियोंध्प्रतिष्ठानों द्वारा प्रतिभाग किया गया। रोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप के अवसर प्राप्त करने के उद्देश्य से जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में अभ्यर्थी मेले में पहुंचे।अप्रेन्टिस मेले में कुल 250 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें विभिन्न कंपनियों द्वारा साक्षात्कार एवं चयन प्रक्रिया के उपरांत 54 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इसके साथ ही विभिन्न कंपनियों द्वारा कुल 99 रिक्तियों के सापेक्ष अभ्यर्थियों को अप्रेन्टिसशिप में रखने हेतु सहमति प्रदान की गई।मेले में प्रतिभाग करने वाली कंपनियों एवं प्रतिष्ठानों में सिंचाई विभाग में 10, शारदा सहायक खंड–23 में 10, होटल गोल्डेन फॉर्च्यूनध्नेशनल इंट्रीज, बिंद्रा बाजार में 04, विनायक हॉस्पिटल में 04, ग्लोबल हॉस्पिटल में 04, जीएलए आलमीरा में 01, नेशनल आलमीरा में 01, जेबीएम ऑटो लिमिटेड, गुजरात में 10, एलएंडटी कंस्ट्रक्शन, गाजियाबाद में 15, टाटा मोटर्स, अहमदाबाद में 10, मुंद्रा सोलर प्लांट, गुजरात में 08, लाइफ लाइन हॉस्पिटल, आजमगढ़ में 08, लोटस हॉस्पिटल, आजमगढ़ में 04, हिन्दुस्तान एलुमिनियम, फूलपुर में 04 तथा वेदान्ता हॉस्पिटल में 06 अप्रेन्टिसशिप अवसर शामिल रहे।इस अवसर पर प्रधानाचार्य दीपक कुमार यादव ने चयनित अभ्यर्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अप्रेन्टिसशिप युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण के साथ–साथ वास्तविक कार्यस्थल का अनुभव प्राप्त करने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करती है। उन्होंने चयनित अभ्यर्थियों से अपने कौशल एवं कार्यक्षमता को निरंतर विकसित करते हुए उज्ज्वल भविष्य की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया।टाटा मोटर्स के एचआर अभिमन्यु वर्मा, जेबीएम ऑटो लिमिटेड के एचआर रवि कुमार यादव सहित विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भी चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।अप्रेन्टिस मेले के सफल आयोजन एवं संचालन में एसके कार्यदेशक, अनुदेशक इन्द्रपति कुमार, अरविन्द उपाध्याय एवं श्रीकान्त यादव सहित संस्थान के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित इस अप्रेन्टिस मेले से युवाओं को अपनी तकनीकी दक्षता के अनुरूप रोजगारपरक प्रशिक्षण एवं कार्यानुभव प्राप्त करने का अवसर मिला।

राजकीय संप्रेषण गृह के 29 विद्यार्थियों को बांटी गई पुस्तकें

चित्रकूट। राजकीय संप्रेषण गृह किशोर में निवासरत किशोरों के उज्ज्वल भविष्य, शैक्षिक विकास एवं पुनर्वास के उद्देश्य से विशेष पुस्तक वितरण एवं विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी के विशेष सहयोग से कक्षा 9 से 12 तक कला एवं विज्ञान वर्ग में अध्ययनरत कुल 29 विद्यार्थियों को उनके पाठ्यक्रम की किताबें उपलब्ध कराई गईं। अधिकारियों ने बच्चों को अच्छी शिक्षा ग्रहण करने का संदेश दिया एवं उन्हें समझाया कि वे अपना पूरा ध्यान शिक्षण कार्य में लगाएं। ताकि वे अपने आचरण व जीवन में सकारात्मक सुधार लाते हुए समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें। पुस्तक वितरण कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव इला चौधरी ने किताबे वितरित किया। इस दौरान सचिव ने विधिक जागरूकता शिविर का भी संचालन किया। जिसमें उन्होंने बच्चों को पॉक्सो अधिनियम 2012 के बारे में विस्तार से जागरूक किया। सचिव गंभीरता से समझाया कि पॉक्सो अधिनियम के तहत आने वाले अपराध कितनी जघन्य प्रवृत्ति के होते हैं। उन्होंने इस कानून की विभिन्न अहम धाराओं और उनमें निहित कठोर दंड के प्रावधानों की भी विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर संस्था अधीक्षक एवं संस्था के सभी अध्यापक मौजूद रहे।

रैली के माध्यम से युवाओं ने दिया आत्मनिर्भरता, अनुशासन एवं राष्ट्र निर्माण का संदेश

आजमगढ़,(आर एन एस)युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल, उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर 2026 तक संचालित 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत 'विकसित भारत का संकल्प' कार्यक्रम के तहत जनपद आजमगढ़ में पीआरडी स्वयंसेवकों एवं मंगल दल के सदस्यों द्वारा भव्य एवं अनुशासित साइकिल एवं बाइक रैली का आयोजन किया गया। रैली के माध्यम से युवाओं ने आत्मनिर्भर भारत, अनुशासन, सामाजिक सहभागिता एवं राष्ट्र निर्माण का संदेश दिया।रैली का शुभारम्भ मुख्य विकास अधिकारी राकेश कुमार पटेल एवं जिला विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह ने विकास भवन परिसर से हरी झंडी दिखाकर किया। हरी झंडी मिलते ही बड़ी संख्या में पीआरडी स्वयंसेवक एवं मंगल दल के सदस्य उत्साह के साथ रैली में शामिल हुए। रैली में युवाओं की सहभागिता ने सेवा संकल्प अभियान के उद्देश्यों को जन–जन तक पहुंचाने का प्रभावी संदेश दिया।रैली में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के पालन को विशेष प्राथमिकता दी गई। बाइक से प्रतिभाग करने वाले सभी पीआरडी स्वयंसेवकों एवं मंगल दल के सदस्यों ने अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनकर प्रतिभाग किया। रैली विकास भवन से प्रारम्भ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः विकास भवन परिसर में पहुंचकर सम्पन्न हुई। रैली के सुचारु संचालन एवं आमजन के आवागमन को व्यवस्थित बनाए रखने के लिए निर्धारित रूट पर पर्याप्त पुलिस बल एवं यातायात पुलिस की तैनाती की गई।रैली के दौरान प्रतिभागियों ने विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका का संदेश दिया। कार्यक्रम ने युवाओं में सामाजिक जिम्मेदारी, अनुशासन और देश के विकास में सक्रिय भागीदारी की भावना को प्रोत्साहित किया।रैली का संचालन डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेन्ट, प्रान्तीय रक्षक दल, सुल्तान सिंह द्वारा किया गया। रैली के समापन के उपरांत विकास भवन परिसर में मुख्य विकास अधिकारी राकेश कुमार पटेल द्वारा पीआरडी स्वयंसेवकों, मंगल दल के सदस्यों एवं उपस्थित अधिकारियों–कर्मचारियों को 'आत्मनिर्भर भारत' के संकल्प की शपथ दिलाई गई। उन्होंने युवाओं से देश को आत्मनिर्भर एवं विकसित बनाने के सामूहिक संकल्प के साथ अपने दायित्वों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करने का आह्वान किया।कार्यक्रम में जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी रामदरश यादव, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी उमेश कुमार, अनीश कुमार मौर्य, रोहित कुमार यादव, अखिलेश्वर मौर्य, भारत शुभम साहू, विवेक रंजन यादव, शशिशेखर राय, आस्था सिंह, कनिष्ठ सहायक रणधीर कुमार सहित संबंधित अधिकारी–कर्मचारी, पीआरडी स्वयंसेवक एवं मंगल दल के सदस्य उपस्थित रहे।

साइबर अपराध से बचाव के प्रति आमजन को किया जागरूक

चित्रकूट। एसपी अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपदवासियों को साइबर अपराधों से सुरक्षित रखने एवं साइबर अपराध के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा प्रत्येक बुधवार को लगातार व्यापक स्तर पर साइबर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।इसी क्रम में बुधवार को अपर पुलिस अधीक्षक पीयूषकान्त राय एवं क्षेत्राधिकारी मऊ फहद अली के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक साइबर सेल विजय कुमार सिंह एवं उनकी टीम के मार्गदर्शन में जनपद के समस्त थानों की साइबर टीम द्वारा अपने–अपने थाना क्षेत्रों में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

डब्ल्यू डीसी-पीएमकेएसवाई 2.0 के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा-2026 एवं रिफार्म उत्सव कार्यक्रम 02 अक्टूबर को

आजमगढ़,(आर एन एस)भूमि संरक्षण अधिकारी, ऊसर सुधार, आजमगढ़ ने अवगत कराया है कि भूमि संरक्षण अनुभाग (कृषि विभाग) में संचालित डब्ल्यू०डी०सी०– पीएमकेएसवाई 2.0 योजना के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा–2026 अभियान एवं रिफार्म उत्सव कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 02 अक्टूबर 2026 को प्रातः 10रू00 बजे से ग्राम हाजीपुर, विकास खण्ड सठियांव में किया जाएगा।कार्यक्रम के दौरान योजनांतर्गत कराए गए विभिन्न कार्यों की जानकारी आमजन को दी जाएगी तथा इन कार्यों से प्राप्त होने वाले लाभ, उनके महत्व एवं भविष्य में इनके उपयोग और प्रभाव के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी। साथ ही, जल एवं मृदा संरक्षण, कृषि उत्पादकता में वृद्धि तथा प्राकृतिक संसाधनों के बेहतर प्रबंधन के प्रति किसानों एवं ग्रामीणों को जागरूक किया जाएगा।कार्यक्रम में वन विभाग, उद्यान विभाग, पशुपालन विभाग, मत्स्य विभाग तथा कृषि विज्ञान केन्द्र के अधिकारियों एवं वैज्ञानिकों द्वारा अपने–अपने विभागों से संचालित योजनाओं, पात्रता, उपलब्ध सुविधाओं एवं योजनाओं से मिलने वाले लाभों की जानकारी दी

हत्या के मामले में तीन दोषियों को सजा, एक को उम्रकैद

आजमगढ़,(आर एन एस)तरवां थाना क्षेत्र में वर्ष 2019 में हुई हत्या के मामले में न्यायालय ने तीन आरोपियों को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है। प्रभावी विवेचना, मॉनिटरिंग सेल और अभियोजन पक्ष की पैरवी के बाद ईसी कोर्ट, आजमगढ़ ने मुख्य आरोपी संजय पाण्डेय को आजीवन कारावास और ध्45 हजार के अर्थदंड से दंडित किया। वहीं मृत्युंजय उर्फ मृदंगी और पंकज को छह–छह माह के साधारण कारावास तथा ध्1–1 हजार के अर्थदंड की सजा सुनाई गई।पुलिस के अनुसार, 29 नवंबर 2019 को शाहपुर कानूनगो निवासी मुन्ना पाण्डेय ने तरवां थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि मकान की नींव पर मिट्टी डालने को लेकर हुए विवाद में उनके पुत्र चन्द्रमणि पाण्डेय की गोली मारकर हत्या कर दी गई।इस मामले में पुलिस ने संजय पाण्डेय, मृत्युंजय उर्फ मृदंगी, पंकज, उपेन्द्र पाण्डेय और सरोज के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 147, 148, 149, 302, 323, 352, 504, 34 तथा आर्म्स एक्ट की धारा 3ध्25 के तहत मुकदमा दर्ज किया था।

एशियन गेम्स 2026 के सेमीफाइनल में भारत ने श्रीलंका को 124 रनों के भारी अंतर से हरा दिया

एशियन गेम्स 2026 के सेमीफाइनल में भारत ने श्रीलंका को 124 रनों के भारी अंतर से हरा दिया। ईशान किशन के नाबाद 80 रनों की मदद से भारत ने 169 रन बनाए, जिसके जवाब में जसप्रीत बुमराह की अगुवाई में गेंदबाजों ने श्रीलंका को महज 45 रनों पर समेट दिया। अब फाइनल में भारत का सामना पाकिस्तान से होगा। एशियन गेम्स 2026 में पुरुषों के क्रिकेट सेमीफाइनल में भारत ने श्रीलंका को बुरी तरह हरा दिया। चूंकि दोनों ही टीमों के लिए जापान के हालात अनजान थे, इसलिए कड़े मुकाबले की उम्मीद थी। खासकर इसलिए भी क्योंकि पिछले हफ्ते जापान भारत के खिलाफ ऐतिहासिक जीत हासिल करने के बहुत करीब पहुँच गया था। लेकिन असल में, श्रीलंका भारत के सामने कोई खास चुनौती पेश नहीं कर पाया और भारत ने यह मैच आसानी से 124 रनों से जीत लिया। पहले बैटिंग करते हुए भारत मुश्किल में पड़ गया क्योंकि ओपनर अभिषेक शर्मा कोई खास कमाल नहीं कर पाए। दूसरे ओवर की पहली ही गेंद पर बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने शानदार छक्का जड़ा, लेकिन अगली ही गेंद पर सहन अराचिगे ने उन्हें आउट कर दिया। वह सात रन बनाकर आउट हुए और उसके कुछ ही देर बाद संजू सैमसन भी सात रन बनाकर पवेलियन लौट गए। प्लेइंग ग्प में वापसी करने वाले और पारी की शुरुआत करने वाले वैभव सूर्यवंशी ने 21 गेंदों में 38 रनों की अहम पारी खेलकर भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई।उनके आउट होने के बाद कप्तान श्रेयस अय्यर भी पवेलियन लौट गए, जिससे सारी जिम्मेदारी ईशान किशन पर आ गई। पांचवें नंबर पर बैटिंग करने के बावजूद उन्होंने मौके का पूरा फायदा उठाया और 46 गेंदों में नाबाद 80 रन बनाए। उनके आस–पास लगातार विकेट गिरते रहे, लेकिन इससे किशन की लय पर कोई असर नहीं पड़ाय उनकी शानदार पारी की बदौलत भारत पहली पारी में 169 रन बनाने में कामयाब रहा। श्रीलंका के लिए सहान और थरिंदु रत्नायके ने दो–दो विकेट

लिए।दूसरी पारी में भारतीय गेंदबाजों ने श्रीलंकाई बल्लेबाजों पर दबदबा बनाए रखा। जापान के खिलाफ मैच में आराम के बाद स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह प्लेइंग ग्प में लौटे और शुरुआती ओवर में ही दो विकेट चटका दिए। इसके बाद अक्षर पटेल ने भी लय बनाए रखी और श्रीलंका ने चार ओवर के अंदर ही 18 रन पर पांच विकेट गंवा दिए। हालात मुश्किल थे और बल्लेबाजों को जमने के लिए थोड़ा समय लेना चाहिए था, लेकिन उनकी योजना ऐसी नहीं थी। श्रीलंकाई खिलाड़ियों ने आक्रामक क्रिकेट खेलने की कोशिश की और आखिरकार ताश के पत्तों की तरह उनके विकेट गिरते चले गए। बीच में भारत के लिए सब कुछ बहुत आसान लग रहा था, तभी अभिषेक शर्मा ने लगातार दो गेंदों पर दो विकेट लेकर श्रीलंका की पारी को सिर्फ 45 रन पर समेट दिया।

कुलदीप यादव वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे वनडे मैच में 200 विकेट पूरे करने से केवल 2 विकेट दूर

भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे वनडे मैच में 200 विकेट पूरे करने से केवल 2 विकेट दूर हैं। अब तक 122 मैचों में 198 विकेट ले चुके कुलदीप यह मुकाम हासिल करने वाले भारत के चौथे स्पिनर बन सकते हैं। तिरुवनंतपुरम में 4 विकेट चटकाने के बाद गुवाहाटी में उनके पास यह खास रिकॉर्ड बनाने का मौका है। भारत के स्टार स्पिन गेंदबाज कुलदीप यादव के पास वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे वनडे में एक खास उपलब्धि हासिल करने का मौका है। वह वनडे क्रिकेट में 200 विकेट पूरे करने से सिर्फ 2 विकेट दूर हैं। अगर गुवाहाटी में कुलदीप यह मुकाम हासिल कर लेते हैं, तो वह भारत के उन चुनिंदा गेंदबाजों में शामिल हो जाएंगे, जिन्होंने 50 ओवर के प्रारूप में 200 या उससे ज्यादा विकेट लिए हैं। बता दें कि कुलदीप ने पहले वनडे में तिरुवनंतपुरम में शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट हासिल किए थे। उनके इस प्रदर्शन के लिए उन्हें मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था। अब दूसरे वनडे से पहले उनका आत्मविश्वास भी बढ़ा हुआ है और टीम को उनसे एक बार फिर अहम योगदान की उम्मीद है।मौजूद जानकारी के अनुसार, कुलदीप ने अब तक 122 वनडे मैचों में 198 विकेट लिए हैं। इस दौरान उनका गेंदबाजी औसत 26.70 रहा है। उनके नाम 10 बार 4 विकेट और 2 बार 5 विकेट लेने का रिकॉर्ड दर्ज है। वनडे में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 25 रन देकर 6 विकेट रहा है।200 विकेट पूरे करने के बाद कुलदीप भारत के 9वें ऐसे गेंदबाज बन जाएंगे, जिन्होंने वनडे

में यह आंकड़ा पार किया है। भारत के लिए इस फॉर्मेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड अनिल कुंबले के नाम है। कुंबले ने 269 वनडे मैचों में 334 विकेट लिए हैं।भारतीय स्पिन गेंदबाजों की बात करें तो कुलदीप से पहले सिर्फ 3 गेंदबाज 200 विकेट का आंकड़ा पार कर सके हैं। अनिल कुंबले के 334 विकेट के अलावा हरभजन सिंह ने 265 और रवींद्र जडेजा ने 232 विकेट लिए हैं। ऐसे में कुलदीप के पास इस खास सूची में अपना नाम दर्ज कराने का मौका है।हालांकि, इस साल कुलदीप का प्रदर्शन लगातार एक जैसा नहीं रहा है। उन्होंने 2026 में अब तक 5 वनडे मैच खेले हैं, जिनमें उन्हें 7 विकेट मिले हैं। इस दौरान उनका औसत 37.71 और रन खर्च करने की दर 5.86 रही है। ऐसे में वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले मैच की 4 विकेट वाली गेंदबाजी उनके लिए अहम वापसी के तौर पर देखी जा रही है।गौरतलब है कि दूसरे वनडे में भारत की टीम की कमान शुभमन गिल संभाल रहे हैं। टीम में रोहित शर्मा, विराट कोहली, ऋतुराज गायकवाड़, केएल राहुल, रवींद्र जडेजा, नितीश कुमार रेड्डी और मोहम्मद सिराज जैसे खिलाड़ी भी शामिल हैं। वेस्टइंडीज की टीम में जॉन कैंपबेल, कीसी कार्टी, शाई होप, रोस्टन चेज, गुडाकेश मोती, अल्जारी जोसेफ और जयडेन सील्स जैसे खिलाड़ी मौजूद हैं। कुलदीप के लिए गुवाहाटी का मुकाबला सिर्फ एक और वनडे नहीं होगा।

भारतीय बल्लेबाज रोहित शर्मा ने गुवाहाटी में वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे वनडे में बनाया यह रिकाड

भारतीय बल्लेबाज रोहित शर्मा ने गुवाहाटी में वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे वनडे में 12,000 रन पूरे कर नया कीर्तिमान बनाया। वह इस मुकाम तक पहुंचने वाले दुनिया के सातवें और भारत के तीसरे बल्लेबाज बन गए हैं। इससे पहले वेस्टइंडीज ने जॉन कैंपबेल, शाई होप और आमिर जांगू के शतकों की मदद से 405 रन बनाए। गुवाहाटी में वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में रोहित शर्मा ने अपने लंबे करियर में एक और बड़ी उपलब्धि जोड़ ली है। उन्होंने 12,000 रन पूरे कर वनडे क्रिकेट के खास क्लब में जगह बनाई है। वहीं, वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 405 रन बनाकर भारत के सामने 406 रन का बड़ा लक्ष्य रखा है।रोहित ने यह आंकड़ा भारत की पारी के 16वें ओवर में रॉस्टन चेज की गेंद पर 1 रन लेकर हासिल किया है। इसके साथ ही वह पुरुष वनडे क्रिकेट में 12,000 रन बनाने वाले दुनिया के 7वें बल्लेबाज बन गए हैं। भारत की ओर से उनसे पहले सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली ही इस मुकाम तक पहुंचे हैं।इस खास सूची में रोहित के अलावा सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली, रिकी पोंटिंग, कुमार संगकारा, सनथ जयसूर्या और महेला जयवर्धने शामिल हैं। रोहित ने 12,000 रन तक पहुंचने

के लिए 282 पारियां खेली हैं। इस मामले में वह विराट कोहली के बाद दूसरे सबसे तेज बल्लेबाज हैं। कोहली ने 242 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की थी, जबकि सचिन तेंदुलकर को 300 पारियां लगी थीं।गेंदों के हिसाब से भी रोहित दूसरे सबसे तेज बल्लेबाज हैं। उन्होंने 12,000 रन पूरे करने के लिए 12,973 गेंदों का सामना किया है। विराट कोहली ने 12,853 गेंदों में यह आंकड़ा छुआ था। रोहित ने 2007 में अपना एकदिवसीय करियर शुरू किया था और अब तक 290 मुकाबलों में 35 शतक तथा 62 अर्धशतक लगाए हैं।बता दें कि रोहित के नाम वनडे क्रिकेट में कई बड़ी उपलब्धियां हैं। 2014 में श्रीलंका के खिलाफ कोलकाता में खेली गई उनकी नाबाद 264 रन की पारी आज भी पुरुष वनडे क्रिकेट की सबसे बड़ी व्यक्तिगत पारी है। वह इस प्रारूप में 3 दोहरे शतक लगाने वाले इकलौते बल्लेबाज भी हैं।इस मुकाबले में वेस्टइंडीज ने भी बल्लेबाजी में नया रिकॉर्ड बनाया है। पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद टीम ने 50 ओवर में 405 रन बनाए हैं। जॉन कैंपबेल, शाई होप और आमिर जांगू ने शतक लगाकर टीम को पहली बार एकदिवसीय पारी में 3 शतक लगाने की उपलब्धि दिलाई है।कैंपबेल ने बेहद तेज शुरुआत की और 65 गेंदों में अपना शतक पूरा किया है। उन्होंने 68 गेंदों में 101 रन बनाए, जिसमें 9 चौके और 5 छक्के शामिल हैं। इसके बाद कप्तान शाई होप ने पारी को संभाला और 94 गेंदों में 104 रन बनाए हैं। उन्हें 27 रन के निजी स्कोर पर विराट कोहली ने शॉर्ट मिडविकेट पर कैच छोड़कर जीवनदान दिया था।

होप ने इस मौके का फायदा उठाते हुए 8 चौके और 3 छक्के लगाए हैं। वहीं आमिर जांगू ने 69 गेंदों में अपना दूसरा वनडे शतक पूरा किया है। उन्होंने 83 गेंदों पर 114 रन की पारी खेली है, जिसमें 13 चौके और 3 छक्के शामिल हैं। गौरतलब है कि वेस्टइंडीज का 405 रन का स्कोर पुरुष वनडे क्रिकेट में उसका अब तक का सबसे बड़ा स्कोर भी बन गया है। इससे पहले उसका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 2019 में इंग्लैंड के खिलाफ 389 रन था।

शुभमन गिल ने गुवाहाटी में वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे वनडे में 62 गेंदों पर शानदार शतक जड़ा

शुभमन गिल ने गुवाहाटी में वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे वनडे में 62 गेंदों पर शानदार शतक जड़ा। इस पारी में उन्होंने 5 छक्के और 10 चौके लगाए। यह गिल का 11वां वनडे शतक है और इसके साथ ही उन्होंने कप्तान के रूप में सबसे तेज वनडे शतक का रोहित शर्मा का रिकॉर्ड तोड़ दिया। शुभमन गिल ने बुधवार को गुवाहाटी में वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में शानदार शतक जड़कर एक बार फिर अपनी बल्लेबाजी का दम दिखाया। 406 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए गिल ने केवल 62 गेंदों में 100 रन पूरे किए हैं और इस पारी के दौरान 5 छक्के और 10 चौके लगाए।गिल का यह एकदिवसीय क्रिकेट में 11वां शतक है और लगातार दूसरे मुकाबले में उनके बल्ले से शतकीय पारी निकली है। भारत की पारी के दौरान उन्होंने कप्तान रोहित शर्मा के साथ मिलकर बड़ी साझेदारी भी की है। गिल के शतक तक पहुंचने के समय दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 192 रन की साझेदारी हो चुकी थी और इसके बाद यह आंकड़ा 200 के पार भी पहुंच गया। शुरुआत में रोहित शर्मा की तुलना में गिल थोड़े धीमे नजर आए, लेकिन इसकी एक वजह यह भी रही कि रोहित ने उस दौरान ज्यादा गेंदों का सामना किया था। रोहित ने 10वें ओवर में केवल 32 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया था। गिल ने 15वें ओवर में 50 रन पूरे किए, लेकिन इसके लिए उन्होंने सिर्फ 38 गेंदें खेली थीं।इसके बाद दोनों बल्लेबाजों के बीच रन बनाने की रफ्तार लगभग बराबर बनी रही। जब दोनों 80 रन के आसपास पहुंचे तो गिल ने अपनी पारी को और तेज कर दिया है। उन्होंने चौका लगाकर अपना शतक पूरा किया है। गिल ने गेंद को पैरों के पास से खेलते हुए चौका बटोरा और 3 अंकों तक पहुंच गए हैं। अगली ही गेंद पर एक और चौका लगाकर उन्होंने रोहित के साथ पहले विकेट की साझेदारी को 200 रन के पार पहुंचा दिया है।बता दें कि भारत में खेले गए एकदिवसीय मुकाबलों में यह गिल का लगातार तीसरा शतक है। इस मामले में उनसे आगे केवल विराट कोहली और एबी डिविलियर्स हैं, जिन्होंने भारत में लगातार 4 एकदिवसीय शतक लगाए हैं। गिल की यह पारी कप्तानी के लिहाज से भी खास रही है।गौरतलब है कि 62 गेंदों में

शतक पूरा करके गिल भारत के लिए एकदिवसीय क्रिकेट में सबसे तेज शतक लगाने वाले कप्तान बन गए हैं। उन्होंने यह उपलब्धि रोहित शर्मा का रिकॉर्ड तोड़कर हासिल की है। रोहित ने अक्टूबर 2023 में भारतीय कप्तान के तौर पर 63 गेंदों में शतक पूरा किया था।वेस्टइंडीज के खिलाफ मौजूदा श्रृंखला में गिल लगातार शानदार फॉर्म में हैं। पहले एकदिवसीय मुकाबले में भी उन्होंने अहम भूमिका निभाई थी और 108 गेंदों में 110 रन की पारी खेली थी। उस मुकाबले में उन्होंने विराट कोहली के साथ बड़ी साझेदारी की थी, हालांकि कोहली ने अपनी पारी से सभी का ध्यान खींचा था।पहले मुकाबले में विराट कोहली ने 88 गेंदों पर नाबाद 139 रन बनाए थे। ऐसे में दूसरे मुकाबले में गिल ने रोहित शर्मा के साथ मिलकर भारत को तेज शुरुआत दिलाई है। 406 रन जैसे बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए दोनों की यह साझेदारी भारत की पारी के लिए बेहद महत्वपूर्ण रही है।

मौजूद जानकारी के अनुसार, गिल की लगातार दो शतकीय पारियां वेस्टइंडीज के खिलाफ इस सीरीज में भारत की बल्लेबाजी को मजबूत आधार दे रही हैं।

एशियन गेम्स 2026 श्रीलंका को 124 रन से रौंदकर फाइनल में पहुंचा भारत, पाकिस्तान से होगी भिड़ंत

जापान । एशियन गेम्स 2026 में भारतीय क्रिकेट टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बना ली है। सेमीफाइनल मुकाबले

में भारत ने श्रीलंका को 124 रन के बड़े अंतर से हराया। अब गोल्ड मेडल के लिए भारतीय टीम का सामना पाकिस्तान से होगा। पाकिस्तान ने पहले सेमीफाइनल में बांग्लादेश को 6 विकेट से मात देकर फाइनल का टिकट कटाया। भारत ने बनाए 169 रन निशिन में खेले गए सेमीफाइनल में श्रीलंका ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। भारतीय टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 169 रन का स्कोर खड़ा किया।

भारत की ओर से ईशान किशन ने नाबाद 80 रन की शानदार पारी खेली। वहीं, वैभव सूर्यवंशी ने महज 21 गेंदों में 38 रन बनाकर टीम के स्कोर को तेजी से आगे बढ़ाया।45 रन पर ढेर हुई श्रीलंका की टीम 170 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका की पारी भारतीय गेंदबाजों के सामने पूरी तरह लड़खड़ा गई। पूरी टीम महज 9. 5 ओवर में 45 रन पर ऑलआउट हो गई। श्रीलंका के 6 बल्लेबाज अपना खाता तक नहीं खोल सके। भारत की ओर से जसप्रीत बुमराह, अक्षर पटेल और अभिषेक शर्मा ने 2–2 विकेट हासिल किए। भारतीय गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के चलते श्रीलंकाई बल्लेबाज टिक नहीं सके और भारत ने मुकाबला 124 रन से अपने नाम कर लिया।अब फाइनल में भारत–पाकिस्तान आमने–सामने

भारत की इस बड़ी जीत के साथ एशियन गेम्स 2026 के क्रिकेट फाइनल में भारत और पाकिस्तान की भिड़ंत तय हो गई है। पाकिस्तान ने सेमीफाइनल में बांग्लादेश को 6 विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

एशियन गेम्स मनु फ्रांसिस और प्रिंस कुरिसिंकल नोबल ने पुरुषों के स्किफ इवेंट में सिल्वर जीता

गामागोरि सिटी ,। एशियन गेम्स में भारत ने सेलिंग में अपना पहला मेडल जीता। गुरुवार को पुरुषों के स्किफ इवेंट में मनु फ्रांसिस और प्रिंस कुरिसिंकल नोबल ने सिल्वर मेडल हासिल किया। नौ रेस के बाद वे चीन की जोड़ी के बाद दूसरे स्थान पर रहे। भारतीय जोड़ी ने 23 पॉइंट्स के साथ रेगाटा (सेलिंग प्रतियोगिता) खत्म किया। चीन की जोड़ी, वेन जाइडिंग और लियू तियान ने 16 पॉइंट्स के साथ गोल्ड मेडल जीता, जो भारतीय जोड़ी से चार पॉइंट्स कम थे। हांगकांग, चीन के अकीरा ल्यूक सकाई और रसेल आयल्सवर्थ 24 पॉइंट्स के साथ तीसरे स्थान पर रहे। फ्रांसिस और नोबल का प्रदर्शन लगातार अच्छा रहा। उनका सबसे अच्छा नतीजा तीसरी रेस में आया, जिसे उन्होंने जीता। भारतीय सेलर्स ने रेस 3 जीती और रेस 1, 5 और 9 में दूसरे स्थान पर रहे। नौ रेस में उन्होंने कुल 29 पॉइंट्स हासिल किए। रेस 8 में छठे स्थान पर रहने के नतीजे को हटाकर उनका नेट स्कोर 23 रहा।

यह मेडल पुरुषों के स्किफ इवेंट में भारत का पहला एशियन

गेम्स सिल्वर मेडल और इस इवेंट में देश का दूसरा मेडल था। वरुण ठक्कर और केसी गणपति ने जकार्ता 2018 में ब्रॉन्ज मेडल जीता था। मनु और प्रिंस का सिल्वर मेडल एशियन गेम्स में भारत का 24वाँ सेलिंग मेडल भी था। हांगझोउ 2023 में भारत ने तीन मेडल जीते थे।

ज्यादातर खेलों के विपरीत, सेलिंग में कम पॉइंट्स वाला स्कोरिंग सिस्टम होता है। इसमें रेस जीतने वाली बोट को एक पॉइंट, दूसरे स्थान पर रहने वाली बोट को दो पॉइंट्स मिलते हैं, और इसी तरह आगे भी। सबसे कम कुल स्कोर वाला विजेता बनता है, और तय संख्या में रेस होने के बाद सबसे खराब नतीजे को हटा दिया जाता है।

हालांकि, चीन ने स्टैंडिंग में टॉप पर अपनी बढ़त बनाए रखी और नौ में से चार रेस जीतीं।

यह सिल्वर मेडल 31 साल के फ्रांसिस और 30 साल के नोबल के लिए एक और बड़ी उपलब्धि है। दोनों बचपन से एक–दूसरे को जानते हैं। कोच्चि के रहने वाले इन सेलर्स की इस खेल में शुरुआती दौर में ही दिलचस्पी जग गई थी और बाद में उन्होंने भोपाल के नेशनल सेलिंग स्कूल और केरल के मुजिरिस यॉटिंग क्लब में ट्रेनिंग ली।

एशियाई खेलों में मिला यह मेडल उनकी पिछली कामयाबियों में एक और उपलब्धि है। इससे पहले वे एशियाई सेलिंग चौंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल जीत चुके हैं। स्किफ हल्की और छोटी सेलिंग बोट होती है, जिसे चलाने के लिए क्रू मेंबर्स के बीच बहुत अच्छे तालमेल की जरूरत होती है। इनमें रेस के नतीजे अक्सर रणनीतिक फैसलों, सही पोजिशनिंग और कई राउंड में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने से तय होते हैं।

मिल्वौकी में जी20 व्यापार वार्ता शुरू, पीयूष गोयल ने किया भारत का प्रतिनिधित्व

मिल्वौकी ,। दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के व्यापार मंत्रियों की दो दिवसीय बैठक मिल्वौकी में शुरू हो गई है। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने इस बैठक में हिस्सा लिया और भारत का प्रतिनिधित्व किया। अमेरिका ने वैश्विक स्तर पर स्टील के अधिक उत्पादन और अंतरराष्ट्रीय व्यापार के कुछ नियमों में बदलाव के लिए समन्वित कार्रवाई की मांग की है।जी20 व्यापार मंत्रियों की बैठक की मेजबानी अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर कर रहे हैं। यह बैठक बुधवार को स्थानीय समय पर शुरू हुई।बैठक ऐसे समय में हो रही है, जब टैरिफ को लेकर तनाव, औद्योगिक क्षमता के अधिक होने की चिंता और वैश्विक व्यापार प्रणाली के भविष्य को लेकर बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में मतभेद बढ़ रहे हैं।बैठक का पहला बड़ा नतीजा ग्लोबल फोरम ऑन स्टील एक्सेस कैपेसिटी की बैठक से आया, जहां हिस्सा लेने वाले देशों ने अतिरिक्त स्टील उत्पादन के खिलाफ समन्वित कार्रवाई के लिए एक नए फ्रेमवर्क पर सहमति जताई। जैमीसन ग्रीर ने कहा कि शमिल्वौकी फ्रेमवर्कश अतिरिक्त क्षमता के खिलाफ मजबूत समन्वित कार्रवाई की मांग करेगा। इस फ्रेमवर्क में व्यापार उपायों, स्टील सप्लाई चेन की निगरानी और ट्रांसशिपमेंट की अधिक जांच जैसे उपाय शामिल हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या देशों ने चीनी स्टील पर टैरिफ बढ़ाने पर सहमति जताई है, तो जैमीसन ग्रीर ने कहा कि हर देश अपना फैसला खुद लेगा।उन्होंने कहा, हर देश वही करेगा, जो उसे उचित लगेगा। हम इन उपायों में समन्वय चाहते हैं। अमेरिका ने मजबूत कदम उठाए हैं और शायद दूसरे देशों के लिए भी ऐसा करना सही होगा।पीयूष गोयल मंत्रिस्तरीय बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं और इसके साथ–साथ अपने समकक्षों के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी कर रहे हैं।भारत ने कहा है कि वह नियम–आधारित, खुली, समावेशी, पारदर्शी, न्यायसंगत और गैर–भेदभावपूर्ण बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली के लिए काम करेगा, जिसके केंद्र में विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) होगा, साथ ही विकासशील देशों के लिए पर्याप्त नीतिगत स्थान सुनिश्चित किया जाएगा।यह रुख इसलिए अहम है क्योंकि अमेरिका ने मिल्वौकी के एजेंडे में मोस्ट–फेवर्ड–नेशन सिद्धांत को अपडेट करने का मुद्दा रखा है, ।

कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर 62.50 रुपए महंगा हुआ, एटीएफ का भी बढ़ा दाम

नई दिल्ली । सरकारी तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) ने अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क कीमतों में मजबूती के अनुरूप गुरुवार से 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 62.50 रुपए की बढ़ोतरी की है।स संशोधन के बाद दिल्ली में 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत 62.50 रुपए बढ़कर 2,810 रुपए हो गई है। सितंबर में भी इसकी कीमत 9.50 रुपए बढ़ाई गई थी। इससे पहले अगस्त में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम में 192 रुपए और जुलाई में 183.50 रुपए की कटौती की गई थी।वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति में व्यवधान और अंतरराष्ट्रीय कीमतों में तेजी के बीच जून में कमर्शियल एलपीजी की कीमत रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई थी। इसके अलावा, फरवरी से जून के बीच 19 किलोग्राम वाले सिलेंडर की कीमत में 1,373 रुपए की बढ़ोतरी हुई थी, जिससे इसकी कीमत 1,740.50 रुपए से बढ़कर 3,113.50 रुपए हो गई थी।हालांकि, घरेलू एलपीजी की कीमत 942 रुपए पर अपरिवर्तित रखी गई है। पश्चिम एशिया संकट से जुड़ी आपूर्ति बाधाओं और अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा कीमतों में तेजी के बीच मार्च से जून के बीच घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 89 रुपए प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी हुई थी।इसके अलावा, एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) की कीमतों में भी 16 रुपए प्रति लीटर की वृद्धि की गई है।

प्रेम कीटाणु का भावुक गीत तुझसे बिछड़ के जारी, वीर पहाड़िया और आफिया सय्यद की दिखी जुदाई

फिल्म श्स्काई फोर्स्च से अभिनय की शुरुआत करने वाले वीर पहाड़िया इन दिनों अपनी आगामी फिल्म श्प्रेम कीटाणुच्च को लेकर चर्चा में हैं। अपूर्व सिंह कार्की के निर्देशन में बनी यह फिल्म महाविद्यालय की पृष्ठभूमि पर आधारित रोमांटिक–कॉमेडी है। फिल्म के जरिए आफिया सय्यद हिंदी फिल्म जगत में कदम रख रही हैं। इसी बीच निर्माताओं ने फिल्म का नया गीत श्तुझसे बिछड़ केच्च जारी किया है, जिसे दर्शकों की प्रतिक्रिया मिल रही है। जी म्यूजिक कंपनी द्वारा प्रस्तुत यह गीत भावनाओं से भरपूर है और इसे वीर पहाड़िया तथा आफिया सय्यद पर फिल्माया गया है। गीत में दोनों किरदारों के बीच पैदा हुई गलतफहमियों, दर्द और अलगाव के भावुक पलों को दर्शाया गया है।श्तुझसे बिछड़ केच्च को मधुर शर्मा ने अपनी आवाज दी है। गीत का संगीत राहुल मिश्रा ने तैयार किया है, जबकि इसके बोल मीर ने लिखे हैं। गीत के माध्यम से फिल्म की प्रेम कहानी में आने वाले उतार–चढ़ाव और रिश्तों में पैदा होने वाली दूरी को सामने लाने की कोशिश की गई है। प्रेम कीटाणुच्च की कहानी महाविद्यालय के प्रेम और प्रेम त्रिकोण के इर्द–गिर्द घूमती है। फिल्म में वीर पहाड़िया और आफिया सय्यद के साथ अपारशक्ति खुराना, निखिल विजय और राकेश बेदी भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे। गौरव वर्मा ने फार्स फिल्म्स और भावना स्टूडियोज के सहयोग से फिल्म का निर्माण किया है। फिल्म के निर्देशन की जिम्मेदारी अपूर्व सिंह कार्की ने संभाली है। वीर पहाड़िया के लिए की भूमिका लेकर आ रही है,

यह फिल्म श्स्काई फोर्स्च के बाद एक अलग तरह जबकि आफिया सय्यद इसके जरिए हिंदी सिनेमा में अपनी नई पारी शुरू कर रही हैं।

सत्यदेव की समवर्ती के टीजर ने मचाई धूम, जंगल, वन्यजीव और आदिवासी संघर्ष की कहानी आधारित हैं फिल्म

अभिनेता सत्यदेव की आगामी फिल्म समवर्ती के आधिकारिक टीजर को डिजिटल मंचों पर एक करोड़ से अधिक बार देखा जा चुका है। टीजर को मिल रही प्रतिक्रिया के बाद फिल्म को लेकर दर्शकों की उत्सुकता बढ़ गई है। अजय नाग वी के निर्देशन में बनी यह सत्यदेव के प्रमुख भूमिका वाली 16वीं फिल्म है।समवर्ती का निर्माण रुद्र पिक्चर्स और पंचभूत प्रोडक्शंस के बैनर तले शिवचरण रेड्डी जक्कीडी और शशिधर रेड्डी पदमती ने किया है। फिल्म के टीजर में इसे घने जंगलों की पृष्ठभूमि पर आधारित पर्यावरणीय एक्शन–रोमांच फिल्म के रूप में पेश किया गया है। टीजर में सत्यदेव महादेव के एक अलग और रौद्र रूप में दिखाई दे रहे हैं। फिल्म की कहानी में पेड़ों की कटाई, वन्यजीवों की सुरक्षा, जंगलों के संरक्षण और आदिवासी समुदायों के संघर्ष जैसे मुद्दों को प्रमुखता दी गई है। प्राकृतिक स्थलों पर फिल्माए गए दृश्यों के साथ टीजर में बाघ की झलक भी दिखाई गई है, जो कहानी के रहस्य और रोमांच को और बढ़ाती है।फिल्म में सत्यदेव के अलावा श्रीकांत, दिलीप पोथन, राजीव कनकला, गनवी लक्ष्मण, रवींद्र विजय और मोहन भगत महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म को तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में सिनेमाघरों में प्रदर्शित करने की योजना है।समवर्ती का संगीत सिंजित येर्रामिली ने तैयार किया है। हर्ष मल्लिकार्जुन और देवदीप गंडिकुंटा ने छायांकन की जिम्मेदारी संभाली है, जबकि संपादन आदित्य तिवारी ने किया है। उल्लास हाइदूर ने कला निर्देशन एवं निर्माण रूपांकन की जिम्मेदारी संभाली है और मोंद्रु रविकुमार कला निर्देशक हैं।

निर्माता फिल्म को इस साल के अंत तक सिनेमाघरों में लाने की तैयारी कर रहे हैं। प्रदर्शन से पहले फिल्म से जुड़े अन्य प्रचारात्मक सामग्री भी जारी किए जाने की योजना है। पर्यावरण, जंगल और आदिवासी जीवन से जुड़े विषयों के साथ एक्शन और रोमांच का मेल फिल्म को लेकर दर्शकों की उत्सुकता बढ़ा रहा है।

विजय के बेटे जेसन विजय की पहली फिल्म सिग्मा को सेंसर बोर्ड से मिली मंजूरी, 2 अक्टूबर को होगी रिलीज

तमिल अभिनेता एवं तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय के बेटे जेसन विजय के निर्देशन में बनी पहली फिल्म श्सिग्माच्च 2 अक्टूबर, 2026 को बड़े पैमाने पर सिनेमाघरों में प्रदर्शित होने जा रही है। फिल्म से जुड़ी ताजा जानकारी के अनुसार, इसकी सेंसर प्रक्रिया पूरी हो गई है और इसे प्रदर्शन की मंजूरी मिल गई है। सेंसर बोर्ड के सदस्यों ने फिल्म देखने के बाद इसे श्यूए च्च प्रमाणपत्र दिया है। इसके साथ ही फिल्म के सिनेमाघरों में प्रदर्शन का रास्ता साफ हो गया है। श्सिग्माच्च में अभिनेता संदीप किशन मुख्य भूमिका में हैं, जबकि फरिया अब्दुल्ला मुख्य अभिनेत्री के रूप में नजर आएंगी। जेसन विजय के निर्देशन में बनने वाली पहली फिल्म होने के कारण श्सिग्माच्च को लेकर दर्शकों के बीच उत्सुकता बनी हुई है। फिल्म के प्रचार को भी बड़े स्तर पर किया जा रहा है। इसके टीजर और ट्रेलर को दर्शकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिलने की बात कही जा रही है। फिल्म में राजू सुंदरम, संपत राज, शिव पंडित, अनबु थसन और योग जापी भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में दिखाई देंगे। फिल्म का संगीत थमन ने तैयार किया प्रवीण केएल ने किया है। सिग्मा

है। कृष्णन वसंत ने छायांकन की जिम्मेदारी संभाली है, जबकि संपादन का निर्माण लाइका प्रोडक्शंस के बैनर तले सुबास्करन ने बड़े स्तर पर किया है।

द पैराडाइज ने पार किया 100 करोड़ का आंकड़ा, सिद्धार्थ मल्होत्रा की द वन भी छाई

बॉक्स ऑफिस पर सुपरस्टार नानी की फिल्म द पैराडाइज ने 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। विश्व स्तर पर भी इसका शानदार कारोबार जारी है, और इसने 150 करोड़ रुपये के क्लब में अपनी जगह बना ली है। दूसरी ओर, सिद्धार्थ मल्होत्रा और तमन्ना भाटिया अभिनीत फिल्म द वन फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट भी ठीक–ठाक प्रदर्शन करते हुए बॉक्स ऑफिस पर डटी हुई है। आइए एक नजर डालते हैं इन फिल्मों के ताजा कलेक्शन पर।

सैकनिल्क के मुताबिक, नानी अभिनीत द पैराडाइज ने रिलीज के 6वें दिन 4.40 करोड़ रुपये कमाए हैं।फिल्म घरेलू स्तर पर कुल 101.50 करोड़ रुपये का नेट कारोबार कर चुकी है। वहीं विश्व स्तर पर इसने 6 दिनों में 150.50 करोड़ रुपये का ग्रॉस कलेक्शन कर लिया है। अब यह 200 करोड़ रुपये के क्लब में अपने पैर जमाने के लिए आगे बढ़ रही है।श्रीकांत ओडेला द्वारा निर्देशित, इस फिल्म में राघव जुयाल भी महत्वपूर्ण किरदार में हैं।25 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई द वन ने अपनी रिलीज के 5वें दिन 6 करोड़ रुपये कमाए हैं।

इससे पहले, फिल्म ने चौथे दिन 5.25 करोड़ और वीकेंड पर 33.6 करोड़ रुपये कमाए थे, जिसके बाद इसका नेट कलेक्शन 44.85 करोड़ रुपये हो गया है। विदेशों में इसने अब तक 4.50 करोड़ रुपये कमाए हैं, जिससे वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन 57.95 करोड़ रुपये हुआ है। फिल्म में सुनील ग्रोवर, श्वेता तिवारी, अनूप सोनी और मनीष पॉल भी हैं।

सेब बनाम नाशपाती इनमें से कौन सा फल है अधिक हाइड्रेटिंग?

सेब और नाशपाती दोनों ही ऐसे फल हैं जो बहुत सारे पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं, लेकिन अक्सर लोग यह सोचते हैं कि इनमें से किसका सेवन शरीर को अधिक पानी पहुंचाने में मददगार होता है, खासकर गर्मियों में जब शरीर को अधिक पानी की जरूरत होती है। इस लेख में हम इन दोनों फलों की विशेषताओं की तुलना करेंगे ताकि आप सही चयन कर सकें और अपने शरीर को भरपूर पानी दे सकें।सेब की विशेषताएंसेब में पानी की मात्रा अधिक होती है, जो इसे गर्मियों के लिए एक अच्छा फल बनाता है। एक मध्यम आकार का सेब लगभग 85 प्रतिशत पानी से भरा होता है।इसके अलावा इसमें विटामिन–सी, फाइबर और ऐसे तत्व होते हैं जो त्वचा को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। सेब का सेवन करने से पाचन तंत्र भी स्वस्थ रहता है और यह वजन को नियंत्रित करने में भी मदद करता है।नाशपाती भी पानी से भरपूर फल है, जिसमें लगभग 84 प्रतिशत पानी होता है। इसके अलावा इसमें विटामिन–सी, विटामिन–के और पोटेशियम जैसे जरूरी तत्व पाए जाते हैं।नाशपाती का सेवन करने से रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होतीहै और शरीर को साफ रखने में मदद मिलती है।इसके फाइबर युक्त गुण पाचन को स्वस्थ रखते हैं और कब्ज की समस्या से राहत दिलाते हैं।सेब और नाशपाती में अंतरसेब और नाशपाती दोनों में पानी की मात्रा लगभग समान होती है, लेकिन सेब में फाइबर की मात्रा अधिक होती है। इसलिए यह पाचन तंत्र को स्वस्थ रखने में अधिक प्रभावी हो सकता है, वहीं नाशपाती में विटामिन–सी और पोटेशियम की मात्रा अधिक होती है, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने में सहायक होते हैं।दोनों ही फल स्वादिष्ट होने के साथ–साथ स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होते हैं, इसलिए इन्हें अपनी डाइट में शामिल करना फायदेमंद हो सकता है।किसका चयन करना चाहिए?अब सवाल उठता है कि इन दोनों में से किसका चयन करना चाहिए?अगर आप अधिक हाइड्रेशन चाहें तो दोनों ही फल अच्छे विकल्प हैं, लेकिन अगर आपको पाचन संबंधी समस्याएं हैं तो सेब का चयन करें क्योंकि इसमें फाइबर की मात्रा अधिक होती है, जो पाचन को सुधारती है, ।

वीर पहाड़िया की इश्क का गुलाम को सौंदर्या शर्मा का डांस शाउटआउट, प्रेम कीटाणु की रिलीज से पहले बढ़ा बज

वीर पहाड़िया की अपकमिंग फिल्म प्रेम कीटाणु का म्यूजिक पहले से ही दर्शकों के बीच चर्चा में बना हुआ है और अब इसमें एक्ट्रेस सौंदर्या शर्मा भी फिल्म के पॉपुलर ट्रैक

इश्क का गुलाम की एक्साइटमेंट में शामिल हो गई हैं। गौरतलब है कि सौंदर्या शर्मा ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर एक डांस वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह इश्क का गुलाम गाने पर अपने डांस मूव्स दिखाती नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस ने अपने पोस्ट में वीर पहाड़िया को टैग करते हुए उन्हें शुभकामनाएं देते हुए लिखा है, लाल परी भी हुई, इश्क का गुलाम और इसके साथ ही उन्होंने आगे लिखा है, ये तुम्हारे लिए है, अब और इंतजार नहीं कर सकती। ढेर सारी शुभकामनाएं।फिलहाल सौंदर्या शर्मा का यह डांस वीडियो ऐसे समय में आया है, जब वीर पहाड़िया प्रेम कीटाणु की रिलीज की तैयारियों में जुटे हैं। फिल्म 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। सोशल मीडिया पर इश्क का गुलाम को मिल रहे रिस्पॉन्स के बीच सौंदर्या के डांस वीडियो ने गाने और फिल्म को लेकर बन रहे बज को और बढ़ा दिया है।वीर पहाड़िया स्टारर प्रेम कीटाणु में रोमांस, यंग एनर्जी और ड्रामा का मिश्रण देखने को मिलेगा।

ट्श्यम द कन्क्लूजन को सेंसर बोर्ड से मिला हरा सिग्नल, बिना काट-छांट दिया ये प्रमाणपत्र

अजय देवगन की सस्पेंस क्राइम–थ्रिलर फिल्म दृश्यमरू द कन्क्लूजन की रिलीज का रास्ता साफ हो गया है। निर्माताओं ने इसे केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) के हवाले किया था, जहां इसे बिना काट–छांट के पास प्रमाणपत्र देकर पास कर दिया गया है। आमतौर पर सेंसर बोर्ड की ओर से फिल्म की शुरुआत और इंटरमिशन के दौरान नशा–विरोधी संदेश या विज्ञापन जोड़ने के लिए कहा जाता है, लेकिन दृश्यमरू द कन्क्लूजन के मामले में यह बदलाव नहीं मांगे गए।

के मुताबिक, 28 सितंबर को सेंसर बोर्ड की ओर से दृश्यमरू द कन्क्लूजन को यूध्ए 16 प्रमाणपत्र दिया गया है। इसका मतलब है कि फिल्म सिर्फ 16 साल या उससे ज्यादा उम्र वाले दर्शकों के लिए है।इससे पहले, बोर्ड ने 2022 में आई इस फ्रेंचाइजी की दूसरी कड़ी दृश्यम 2 को भी यही प्रमाणपत्र सौंपा था।प्रमाणपत्र के मुताबिक, दृश्यमरू द कन्क्लूजन की कुल अवधि 150 मिनट (2 घंटे 30 मिनट) है।

दृश्यमरू द कन्क्लूजन अपनी फ्रेंचाइजी की दूसरी सबसे लंबी फिल्म बनकर सामने आई है। इसका पहला भाग दृश्यम (2015) 162 मिनट लंबा था, जबकि दृश्यम 2 की अवधि 2 घंटे 22 मिनट थी। अब तीसरी और आखिरी कड़ी 150 मिनट के साथ सिनेमाघरों में

आ रही है। अभिषेक पाठक द्वारा निर्देशित फिल्म में अजय के अलावा, तब्बू, श्रिया सरन, जयदीप अहलावत, प्रकाश राज, रजत कपूर और इशिता दत्ता भी मौजूद हैं। यह 2 अक्टूबर, 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

बिना शादी मां बनना चाहती है क्रिस्टल डिसूजा? एग्स फ्रीजिंग कराने की इच्छा जताई

टेलीविजन जगत की लोकप्रिय अभिनेत्री और रियलिटी शो स्टार क्रिस्टल डिसूजा ने भविष्य में मां बनने को लेकर अपनी इच्छा जाहिर की है। 36 वर्षीय अभिनेत्री ने कहा है कि वह अपने अंडाणुओं को सुरक्षित रखने के विकल्प पर विचार कर रही हैं। हालांकि, उन्होंने अभी तक शादी नहीं की है और यह स्पष्ट किया कि उनकी पहली इच्छा स्वाभाविक रूप से मां बनने की है। यदि ऐसा संभव नहीं हो पाता है तो अंडाणु सुरक्षित रखना भविष्य के लिए एक विकल्प हो सकता है।

क्रिस्टल ने मातृत्व को लेकर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि यदि कोई महिला भविष्य में अपने बच्चे चाहती है या किसी कारण से मातृत्व में देरी करना चाहती है तो अंडाणु सुरक्षित रखना एक विकल्प हो सकता है। उन्होंने कहा कि वह खुद भी इस प्रक्रिया के बारे में सोच रही हैं।

अभिनेत्री ने यह नहीं कहा कि वह बिना शादी के मां बनने की योजना बना रही हैं। उन्होंने केवल भविष्य में मां बनने की अपनी इच्छा और इसके लिए उपलब्ध विकल्पों के बारे में बात की। उनका कहना है कि वह चाहती हैं कि उनके बच्चे स्वाभाविक रूप से हों, लेकिन परिस्थितियां अनुकूल नहीं रहने पर अंडाणु सुरक्षित रखने का विकल्प मौजूद रहेगा।

क्रिस्टल ने बच्चों को गोद लेने के विकल्प पर भी अपनी राय रखी। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति को अपने जैविक बच्चे नहीं चाहिए तो गोद लेना भी परिवार बनाने का अच्छा माध्यम है। दुनिया में ऐसे कई बच्चे हैं जिन्हें परिवार और बेहतर जीवन देने के लिए गोद लिया जा सकता है।

अंडाणु सुरक्षित रखने के बढ़ते चलन पर उन्होंने कहा कि आजकल महिलाएं अपने भविष्य को ध्यान में रखते हुए इस विकल्प पर विचार कर रही हैं। उनके अनुसार, यदि कोई महिला आगे चलकर अपने बच्चे चाहती है, लेकिन फिलहाल इसके लिए तैयार नहीं है, तो अंडाणुओं को सुरक्षित रखना एक विकल्प हो सकता है।

क्रिस्टल ने अपनी इच्छा जाहिर करते हुए कहा कि वह एक दिन खुद के बच्चे चाहती हैं और उम्मीद करती हैं कि वह स्वाभाविक रूप से मां बनेंगी। हालांकि, यदि ऐसा नहीं हो पाता है तो अंडाणु सुरक्षित रखने की तकनीक उनके लिए एक विकल्प रहेगी।

टेलीविजन जगत में इससे पहले भी कई चर्चित अभिनेत्रियों और हस्तियों द्वारा अंडाणु सुरक्षित रखने के बारे में सार्वजनिक रूप से बात की जा चुकी है। बढ़ती उम्र के साथ मातृत्व की योजना बनाने वाली महिलाओं के बीच यह प्रक्रिया चर्चा का विषय बनी हुई है।

सर्दियों में त्वचा की देखभाल करते समय न करें ये 5 गलतियां, हो सकती हैं समस्याएं

सर्दियों में त्वचा की देखभाल करते समय कई लोग कुछ ऐसी गलतियां कर देते हैं, जो उनकी त्वचा को फायदा पहुंचाने की बजाय नुकसान पहुंचा सकती हैं। इसका मुख्य कारण है कि सर्दियों में त्वचा को अतिरिक्त देखभाल की जरूरत होती है, लेकिन हम अक्सर छोटी–छोटी बातों को नजरअंदाज कर देते हैं। आइए आज हम आपको उन गलतियों के बारे में बताते हैं, जो आपको सर्दियों में त्वचा की देखभाल करते समय नहीं करनी चाहिए।त्वचा को नमी देना न भूलेंसर्दियां आते ही त्वचा में नमी खोने लगती है और रूखी त्वचा पर जलन और खुजली की समस्या हो सकती है। इसलिए त्वचा को नमी देना न भूलें क्योंकि यह त्वचा में नमी बनाए रखने में मदद कर सकता है।इसके लिए आप किसी अच्छे नमी देने वाले क्रीम का उपयोग करें। यह सुनिश्चित करें कि उसमें त्वचा को हाइड्रेट रखने वाले गुण मौजूद हों। इससे आपकी त्वचा कोमल और स्वस्थ बनी रहेगी।गर्म पानी से न नहाएंसर्दियों में गर्म पानी से नहाना और हाथ–पैरों को धोना अच्छा लगता है, लेकिन ऐसा करने से त्वचा और बालों की प्राकृतिक नमी खत्म हो जाती है। इससे त्वचा सूखी और बेजान हो जाती है।इसलिए बेहतर होगा कि आप नहाने के लिए गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें और अपने हाथ–पैरों को धोने के लिए गुनगुने पानी का ही इस्तेमाल करें।इसके अलावा नहाने के बाद त्वचा को नमी देना भी न भूलें।गर्म कपड़े पहनने से पहले त्वचा पर लगाएं तेलसर्दियों में लोग गर्म कपड़े पहनने से पहले त्वचा को तेल से नमी देना जरूरी नहीं समझते, लेकिन ऐसा नहीं करना त्वचा के लिए सही नहीं है, ।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया

स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।

सम्पादक–शील कुमार शुक्ला

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।